रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-26092024-257518
CG-DL-E-26092024-257518

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 750] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 24, 2024/आश्विन 2, 1946
No. 750] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 24, 2024/ASVINA 2, 1946

भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान

अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 सितम्बर, 2024

(परिषद की रिपोर्ट)

फा.सं. 104/44/लेखा–1(क).–परिचय

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई/संस्थान) की परिषद, कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 18 की उप–धारा (5बी) की अपेक्षाओं के अनुरूप 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वर्ष में संस्थान के कामकाज से संबंधित अपनी 44वीं वार्षिक रिपोर्ट और इसके साथ समेकित लेखों का लेखापरीक्षित लेखा–विवरण एवं इन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। इस रिपोर्ट में उपर्युक्त अवधि के बाद से लेकर 31 मई, 2024 तक के कार्यक्रमों और संगठित गतिविधियों तथा की गई पहलों को भी शामिल किया गया है।

अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

परिषद द्वारा 19 जनवरी, 2024 से सीएस बी नरसिम्हन को अध्यक्ष और सीएस धनंजय शुक्ला को उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया है।

परिषद की बैठकें

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान परिषद् द्वारा 13 बैठकें आयोजित की गई।

समितियों का गठन

परिषद् द्वारा गठित विभिन्न स्थायी और गैर–स्थायी समितियों, विशेषज्ञ समूहों, सलाहकार बोर्डों, और बाहरी समितियों का विवरण इस रिपोर्ट के परिशिष्ट–क में दिया गया है।

आयोजित बैठकों और बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति का ब्यौरा परिशिष्ट–ख में दिया गया है।

आंकड़ों की एक झलक :

समीक्षाधीन अवधि के लिए सदस्यों और छात्रों के क्षेत्रवार आंकड़े निम्नानुसार हैं :


सदस्यों की संख्या					
निम्नानुसार	ईआईआरसी	एनआईआरसी	एसआईआरसी	डब्ल्यूआईआरसी	कुल
31–05–2024	6899	26200	13757	26279	73135
31–03–2024	6879	25989	13630	26012	72510
31–03–2023	6760	25227	13313	24941	70241

पेशेवर सदस्यों की संख्या					
निम्नानुसार	ईआईआरसी	एनआईआरसी	एसआईआरसी	डब्ल्यूआईआरसी	कुल
31–05–2024	1024	4139	2181	4116	11460
31–03–2024	1029	4188	2197	4139	11553
31–03–2023	1064	4327	2233	4191	11815


नियमित कार्यक्रम में छात्रों की संख्या					
निम्नानुसार	ईआईआरसी	एनआईआरसी	एसआईआरसी	डब्ल्यूआईआरसी	कुल
31–05–2024	20819	57548	41130	64454	183951
31–03–2024	20542	56941	41315	63931	182729
31–03–2023	20586	57257	42685	63426	183954


सीएसईईटी के लिए छात्रों की संख्या					
अवधि	ईआईआरसी	एनआईआरसी	एसआईआरसी	डब्ल्यूआईआरसी	कुल
31–05–2024	1065	3406	1726	3916	10113
31–03–2024	5298	14960	9281	17205	46744
31–03–2023	5890	14501	8749	18286	47426


सदस्य (31 मई, 2024)



अभ्यासरत सदस्य (31 मई, 2024)







(ख) कॉर्पोरेट अभिशासन को सुदृढ़ करना

आज के बदलते व्यावसायिक वातावरण में कॉर्पोरेट अभिशासन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता त्वरित रूप से महत्वपूर्ण होती जा रही है। जटिल वैश्विक बाजारों के उदय के साथ, कंपनियों को नियामकों, निवेशकों और जनता से जांच में तेजी का सामना करना पड़ता है। सुदृढ़ कॉर्पोरेट अभिशासन पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण सुनिश्चित करता है, जो निवेशकों के विश्वास को बनाए रखने और हितधारक हितों की रक्षा के लिए परम आवश्यक हैं। इसके अलावा, सुदृढ़ अभिशासन रूप रेखा जोखिमों को कम करने, कॉर्पोरेट घोटालों को रोकने और समग्र कॉर्पोरेट कार्य निष्पादन को बढ़ाने में मदद करते हैं। जैसे–जैसे व्यवसाय उभरते नियामक परिदृश्य और सामाजिक अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, संधारणीय विकास और दीर्घकालिक सफलता के लिए सुदृढ़ कॉर्पोरेट अभिशासन पद्धतियों पर जोर देना आवश्यक है।

(i) कॉर्पोरेट अभिशासन में उत्कृष्टता के लिए आईसीएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार, 2023

संस्थान ने भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में सुशासन की आवश्यकता की व्यापक चेतना को उत्प्रेरित करने के अपने लक्ष्यों के अनुसरण में और अपने विजन के अनुरूप वर्ष 2001 में कॉर्पोरेट अभिशासन में उत्कृष्टता के लिए आईसीएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की। दो दशकों से अधिक की विरासत वाले इस पुरस्कार ने कॉर्पोरेट संस्कृति को आकार देने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और निगमों एवं पेशेवरों ने इसे कॉर्पोरेट अभिशासन के संवर्धन की दिशा में उन्हें प्रेरित करने के लिए आदर्श उत्प्रेरक के रूप में स्वीकार किया है।

2023 में, संस्थान ने एसएमई एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए अलग श्रेणी के पुरस्कार की शुरुआत

की। एसएमई के लिए एक अलग श्रेणी बनाकर, संस्थान यह सुनिश्चित करता है कि इन उद्यमों का मूल्यांकन और मान्यता उन मानदंडों के आधार पर दिया जाए जो उनके आकार और परिचालन दायरे के लिए प्रासंगिक हों। यह पहल एसएमई को बड़े निगमों की आभा मण्डल से बाहर आते हुए अपनी कॉर्पोरेट अभिशासन उपलब्धियों को दिखाने का अवसर प्रदान करती है। यह एसएमई को कॉर्पोरेट अभिशासन के उच्च मानकों को अपनाने और पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है, जिससे निवेशकों में उनकी विश्वसनीयता और आकर्षण बढ़ सके।

कॉर्पोरेट अभिशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित आईसीएसआई राष्ट्रीय पुरस्कारों की विशेषता है चयन प्रक्रिया में कठोर और व्यापक मूल्यांकन रूपरेखा। इसके लिए प्रतिवर्ष प्रत्येक पुरस्कार के एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया जाता है, जिसमें उद्योग जगत और अभ्यासरत पेशेवरों में से प्रख्यात व्यक्ति होते हैं। यह समूह मूल्यांकन पद्धति तैयार करने में मार्गदर्शन देता है। विशेषज्ञ समूह द्वारा डिजाइन की गई प्रश्नावली के उत्तरों/प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण करने के बाद, इसे अंतिम चयन के लिए जूरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। जूरी में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट विशेषज्ञ होते हैं और आमतौर पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश इसकी अध्यक्षता करते हैं।

कंपनियों के पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) सिद्धांतों को उनकी व्यावसायिक पद्धतियों में एकीकृत करने वाली प्रयासों को स्वीकार करने और बढ़ावा देने के लिए, संस्थान ने 2022 में 'आईसीएसआई व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं संधारणीयता (बीआरएस) पुरस्कार' की शुरुआत की। यह पहल उन कंपनियों को सम्मानित करती है जो अधिक कर्तव्यनिष्ठ और भविष्य–उन्मुख कॉर्पोरेट रणनीतियों की ओर बदलाव के उद्देश्य से व्यावसायिक उत्तरदायित्व और संधारणीयता पद्धतियों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करती हैं।

2023 में, आईसीएसआई बीआरएस पुरस्कारों को विभिन्न डोमेन में संगठनों द्वारा सामना की जाने वाली अलग–अलग जिम्मेदारियों और चुनौतियों को दर्शाने वाले सेवा और गैर–सेवा क्षेत्रों की श्रेणियों में विभाजीत कर और परिष्कृत किया गया।

कॉरपोरेट अभिशासन में उत्कृष्टता के लिए आईसीएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार का 23वां संस्करण 05 जनवरी, 2024 को होटल ताज पैलेस, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला मुख्य अतिथि थे।

वर्ष 2023 के विजेताओं का उल्लेख नीचे किया गया है:

कॉरपोरेट अभिशासन में उत्कृष्टता के लिए 23वां आईसीएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार	सूचीबद्ध खंड : एशियन पेंट्स लिमिटेड (बड़ी श्रेणी) मैरिको लिमिटेड (मध्यम श्रेणी)
	असूचीबद्ध खंड: टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (बड़ी श्रेणी) टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड (मध्यम श्रेणी) आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल पेंशन फंड मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (उभरती श्रेणी)
8वां आईसीएसआई सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार	डॉ. रेड्डी लेबोरेटरीज लिमिटेड (बड़ी श्रेणी) एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (मध्यम श्रेणी) टीपी सेंट्रल ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (लघु और उभरती श्रेणी)
5वां आईसीएसआई सर्वश्रेष्ठ सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट पुरस्कार	सीएस नीतू पोद्दार (वेदांत लिमिटेड को जारी सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट के लिए)
3रा आईसीएसआई सर्वश्रेष्ठ पीसीएस फर्म पुरस्कार	विनोद कोठारी एंड कंपनी
2रा आईसीएसआई व्यावसायिक उत्तरदायित्व और संधारणीयता पुरस्कार	टाटा स्टील लिमिटेड (गैर–सेवा क्षेत्र) इन्फोसिस लिमिटेड (सेवा क्षेत्र)
23वां आईसीएसआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड	श्री वेणु श्रीनिवासन, अध्यक्ष एमेरिटस, टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड

(ii) सचिवीय मानक

संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानकों का उद्देश्य कंपनियों द्वारा अपनाई जाने वाली विविध सचिवीय पद्धतियों को एकीकृत करना, उनमें सामंजस्य स्थापित करना और उनका मानकीकरण करना है। कंपनी अधिनियम, 2013 में चल रहे संशोधनों और विकसित होते नियामक रूपरेखा को देखते हुए, संस्थान ने वर्तमान कानूनी परिदृश्य को प्रतिबिंबित करने हेतु इन मानकों को और अपडेट करने की आवश्यकता को स्वीकार किया है। निदेशक मंडल बैठकों (एसएस–1) और सामान्य बैठकों (एसएस–2) पर सचिवीय मानकों को तदनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के संशोधित प्रावधानों के अनुरूप लाने के लिए संशोधित किया गया था। केंद्र सरकार ने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के माध्यम से, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 118(10) के अंतर्गत संशोधित एसएस–1 और एसएस–2 के विनिर्देश को अनुमोदित किया है।

संस्थान द्वारा संशोधित एसएस–1 और एसएस–2 को आधिकारिक रूप से 12 फरवरी, 2024 को संस्थान के बेंगलुरु केंद्र में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, आईसीएसआई की उपस्थिति में जारी किया गया था। यह कॉर्पोरेट अभिशासन पद्धतियों को वर्तमान कानूनी मानकों के अनुरूप होना सुनिश्चित करने के संस्थान के निरंतर प्रयासों में से एक महती उपलब्धता को चिह्नित करता है।

(iii) गुणवत्ता समीक्षा मण्डल

संस्थान की सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करने और सदस्यों को सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने एवं विभिन्न वैधानिक और नियामक आवश्यकताओं के पालन हेतु मार्गदर्शन करने के लिए संस्थान के सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के संबंध में आईसीएसआई की परिषद को सिफारिशें करने के लिए कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 29 ए के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा गुणवत्ता समीक्षा मण्डल (क्यूआरबी) की स्थापना की गई है। अध्यक्ष के अलावा, बोर्ड के दो सदस्यों को केंद्र सरकार द्वारा और अन्य दो सदस्यों को आईसीएसआई की परिषद द्वारा नामित किया जाता है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, क्यूआरबी ने गुणवत्ता समीक्षा की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए गुणवत्ता समीक्षा पर टास्क फोर्स की सिफारिशों पर विचार–विमर्श किया और गुणवत्ता समीक्षा के विभिन्न प्रारूपों जैसे गुणवत्ता समीक्षा रिपोर्टय अभ्यास इकाई (पीयू) प्रश्नावली, गुणवत्ता समीक्षा के लिए एसओपी आदि में संशोधन/विकास का सुझाव दिया।

(iv) सहकर्मी समीक्षा मण्डल

सहकर्मी समीक्षा उन क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्य से संस्थान के किसी अन्य सदस्य द्वारा प्रैक्टिस यूनिट (पीयू) की प्रणालियों और दृष्टिकोण की जांच पर विचार करता है, जिनमें सदस्य को अपने निष्पादन की गुणवत्ता में सुधार और विभिन्न तकनीकी मानक आवश्यकताओं के पालन में मार्गदर्शन की आवश्यकता हो सकती है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कुल 2642 सहकर्मी समीक्षा कार्यक्रम किए गए और तदनुसार अभ्यास इकाइयों को प्रमाण पत्र जारी किए गए।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आयोजित प्रमुख कार्यक्रम हैं– 05 अगस्त, 2023 को भोपाल में 01 अप्रैल, 2023 को हैदराबाद में 03 फरवरी, 2024 को बेंगलुरु मेंय 15 मार्च, 2024 को कोलकाता में और 20 अप्रैल, 2024 को चेन्नई में सहकर्मी समीक्षकों के पैनल का प्रशिक्षण कार्यक्रम।

इसके अलावा, सहकर्मी समीक्षकों के पैनल के लिए 15–19 मई, 2023 और 21–25 अगस्त, 2023 के दौरान दो ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। 19 अप्रैल, 2023 को प्रमाण पत्र और लेखापरीक्षा सेवाओं के लिए अनिवार्य सहकर्मी समीक्षा पर एक वेबिनार भी आयोजित किया गया था।

(v) कॉर्पोरेट अभिशासन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीजीआरटीएस)

सीसीजीआरटी संस्थान की प्रशिक्षण एवं अनुसंधान शाखाएं हैं, जिन्हें कंपनी सचिव समुदाय और समाज के अन्य प्रमुख पेशेवरों में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के माध्यम से विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण सहित कॉर्पोरेट सुशासन को बढ़ावा देने के मूल उद्देश्य के साथ स्थापित किया गया है। वर्तमान में, संस्थान में तीन सीसीजीआरटी हैं, अर्थात आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, मुंबई, आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, हैदराबाद और आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, कोलकाता। आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, मानेसर के भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है। सीसीजीआरटी द्वारा की गई गतिविधियों और पहलों का विवरण इस रिपोर्ट के खंड ठ में वर्णित किया गया है।

(ग) सुविधा और मानकीकरण

(i) ईसीएसआईएन (कर्मचारी कंपनी सचिव पहचान संख्या) एमनेस्टी योजनाएं

(क) ईसीएसआईएन विशेष एमनेस्टी योजना, 2023

संस्थान के ईसीएसआईएन पोर्टल पर जटिल अनुरक्षण कार्यों के कारण ईसीएसआईएन के जनरेशन और सुधार में सदस्यों द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों पर विचार करते हुए, संस्थान ने सदस्यों की सुविधा के लिए 21 जुलाई, 2023 से 31 जुलाई, 2023 तक प्रभावी ईसीएसआईएन विशेष एमनेस्टी योजना, 2023 शुरू की। 28 अप्रैल, 2023 से 31 जुलाई, 2023 तक जनरेट किये गए सभी सक्रिय ईसीएसआईएन इस योजना के लिए पात्र थे।

(ख) ईसीएसआईएन एमनेस्टी स्कीम, 2024

सदस्यों द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए और उन वास्तविक मामलों को सुविधाजनक बनाने के लिए जहां डिफॉल्ट हुआ है और कि गए डिफॉल्ट को सुधारने के इच्छुक डिफॉल्टर सदस्यों के लिए संस्थान ने 04 अप्रैल, 2024 से 18 अप्रैल, 2024 तक प्रभावी ईसीएसआईएन एमनेस्टी योजना, 2024 लॉन्च की। 18 अप्रैल, 2024 तक जनरेट किये गए सभी ईसीएसआईएन एमनेस्टी योजना के अंतर्गत कवर किए गए थे।

(ii) यूडीआईएन (विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या) एमनेस्टी योजना

(क) यूडीआईएन विशेष एमनेस्टी योजना, 2023

संस्थान संस्थान के यूडीआईएन पोर्टल पर ऑनलाइन सेवाएं जटिल अनुरक्षण गतिविधियों के कारण प्रभावित होने से यूडीआईएन के जनरेशन और निरसन संबंधी सुविधाएं और कार्यप्रणालियाँ सदस्यों को उपलब्ध न होने के कारण यूडीआईएन दिशानिर्देशों के अनुपालन नहीं होने की समस्या पर विचार करते हुए आईसीएसआई यूडीआईएन विशेष एमनेस्टी योजना, 2023 लांच की। यह योजना 21 जुलाई, 2023 से 31 जुलाई, 2023 तक उपलब्ध थी। 16 अप्रैल, 2023 से 31 जुलाई, 2023 तक जननरेट की गई सभी यूडीआईएन इस योजना के उद्देश्य के लिए पात्र थे।

(ख) यूडीआईएन एमनेस्टी स्कीम, 2024

यूडीआईएन एमनेस्टी स्कीम, 2024 को 04 अप्रैल, 2024 से 18 अप्रैल, 2024 तक किया गया था, ताकि अभ्यासरत कंपनी सचिवों को (i) यूडीआईएन जनरेट करने, जो पहले नहीं कर पाए (ii) यूडीआईएन जनरेट करते समय दर्ज यूडीआईएन विवरण में सुधारें करने (iii) अप्रयुक्त यूडीआईएन को रद्द करने की सुविधा प्रदान की जा सके। 01 जुलाई, 2023 से 18 अप्रैल, 2024 तक जनरेट किये गए सभी यूडीआईएन एमनेस्टी योजना के अंतर्गत पात्र थे।

(iii) अनिवार्य सीपीई क्रेडिट प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाना

संस्थान ने सदस्यों को सतत विशेषज्ञ शिक्षा (सीपीई) क्रेडिट की अनिवार्य आवश्यकता को पूरा करने की सुविधा प्रदान करने के लिए, सदस्यों द्वारा वर्ष 2023–24 (01 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024) के लिए अनिवार्य सीपीई क्रेडिट प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 31 मई, 2024 तक बढ़ा दिया। इसके अलावा, वर्ष 2023–24 के लिए सीपीई क्रेडिट की अनिवार्य आवश्यकता को पूरा करने के लिए सदस्यों को अंतिम अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, अंतिम तिथि को 30 जून, 2024 तक बढ़ा दिया गया था।

(iv) आईसीएसआई सतत विशेषज्ञ शिक्षा – स्वयं मूल्यांकन मॉड्यूल

सदस्यों की विशेषज्ञ शिक्षा को जारी रखने और वर्ष 2022–23 और 2023–24 के लिए अनिवार्य सीपीई क्रेडिट आवश्यकता को पूरा करने में सदस्यों को सुविधा प्रदान करने के प्रयास में, संस्थान ने सदस्यों के लिए विशेषज्ञता के क्षेत्रों में ऑनलाइन स्व–मूल्यांकन मॉड्यूल की एक श्रृंखला शुरू की। सदस्यों को प्रत्येक अर्ह (क्वालिफाइड) मॉड्यूल के लिए 5 संरचित सीपीई क्रेडिट प्रदान किए गए। एमसीक्यू आधारित परीक्षा निम्नलिखित मॉड्यूल में आयोजित की गई थीः कंपनी कानून, आर्थिक, वाणिज्यिक और बौद्धिक संपदा कानून, सुशासन और स्थिरता, सचिवीय लेखा परीक्षा, अनुपालन प्रबंधन और उचित परिश्रम, कॉर्पोरेट पुनर्गठन, दिवालियापन, परिसमापन और समापन और प्रतिभूति कानून।

(v) पीसीएस अभिविन्यास कार्यक्रम

संस्थान ने कंपनी सचिव विनियम, 1982 के विनियम 10(1) के अनुसरण में पीसीएस अभिविन्यास कार्यक्रम (पीओपी) शुरू किया। 01 अप्रैल, 2023 को या उसके बाद अभ्यास कार्य में करने के इच्छुक सभी सदस्यों को अभ्यास प्रमाण पत्र के आवेदन करने से पहले पीओपी करना अनिवार्य है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हितधारकों को सेवाएं प्रदान करने में कौशल और विशेषज्ञता के निर्माण पर विशेष ध्यान देने सहित सफल एवं परिपूर्ण अभ्यास कार्य स्थापित करने में सदस्यों का मार्गदर्शन करके अभ्यास कार्य में उत्कृष्टता लाना है। यह कार्यक्रम आईसीएसआई एलएमएस प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध है।

(vi) दिशानिर्देशों को जारी करना/संशोधित करना

(क) आईसीएसआई (अभ्यासरत कंपनी सचिवों का प्रबंधन एवं विकास) दिशानिर्देश, 2023

संस्थान ने अभ्यासरत कंपनी सचिवों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में वृद्धि करने और उसे सुनिश्चित करने हेतु अभ्यासरत कंपनी सचिवों के मार्गदर्शन और उनके आचार को विनियमन करने के उद्देश्य से 51वें राष्ट्रीय सम्मेलन में आईसीएसआई (अभ्यासरत कंपनी सचिवों का प्रबंधन और विकास) दिशानिर्देश, 2023 जारी किए। इसे 15 दिसंबर, 2023 से प्रभावी किया गया है।

इन दिशानिर्देशों में कंपनी सचिवों के लिए लागू सभी प्रासंगिक और अद्यतन दिशानिर्देशों को सुसंगत तरीके से लागू प्रक्रियाओं के साथ समेकित किया गया है जो संदर्भ लेने में आसान हैं जल्दी समझ में आते हैं।

इन दिशानिर्देशों में पीसीएस अभिविन्यास कार्यक्रम, फर्म प्रबंधन, अभ्यासरत कंपनी सचिवों के सेवा क्षेत्र, पेशे की ब्रांडिंग और विकास, पेशेवर सेवाओं के शुल्क निर्धारण के पैमाने और तरीके संबंधी मार्गदर्शन को व्यापक रूप से कवर किया गया है।

(ख) आईसीएसआई (कंपनी सचिवों की पोशाक एवं आचरण दिशानिर्देश), 2020

उपर्युक्त दिशानिर्देशों को आईसीएसआई (अभ्यासरत कंपनी सचिवों का प्रबंधन एवं विकास) दिशानिर्देश, 2023 जारी करने के परिणामस्वरूप दिसंबर, 2023 में संशोधित किया गया है। ये दिशानिर्देश कंपनी सचिवों द्वारा अभ्यास कार्य और रोजगार दोनों में पालन किए जाने वाले ड्रेस कोड को विशेष रूप से परिभाषित करते हैं। इन दिशानिर्देशों में भौतिक या आभासी सुनवाई में भाग लेते समय

पालन किए जाने वाले शिष्टाचार पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

(ग) आईसीएसआई (सतत व्यावसायिक शिक्षा) दिशानिर्देश, 2019

संस्थान ने अन्य निकायों के साथ आयोजित संयुक्त कार्यक्रमों को और विदेशी सदस्यों को सीपीई क्रेडिट प्रदान करने की समीक्षा करने के उद्देश्य से आईसीएसआई (सतत व्यावसायिक शिक्षा) दिशानिर्देश, 2019 में संशोधन किया है। ये दिशानिर्देश 18 जनवरी, 2024 से प्रभावी हैं।

(घ) आईसीएसआई कार्यक्रम दिशानिर्देश, 2024

संस्थान ने संस्थान के कार्यक्रमों के आयोजन में एकरूपता और मानकीकरण बनाए रखने उद्देश्य से आईसीएसआई कार्यक्रम दिशानिर्देश, 2024 जारी किए हैं, जो 1 मार्च, 2024 से प्रभावी हैं। ये दिशानिर्देश आईसीएसआई राष्ट्रीय कार्यक्रम दिशानिर्देश, 2023, आईसीएसआई (प्रोटोकॉल दिशानिर्देश), 2019, आईसीएसआई (गैर–शैक्षणिक गतिविधियों के लिए दिशानिर्देश), 2020, मुख्यालय द्वारा पोरव में जारी की गई परामर्श और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का स्थान लेंगे (के अधिक्रमण में जारी किए गए हैं)। ये दिशानिर्देश मुख्यालय, कॉर्पोरेट अभिशासन केंद्र, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण (सीसीजीआरटी), क्षेत्रीय कार्यालयों, शाखाओं (चैप्टरों) और संस्थान की अन्य कार्यक्रम आयोजन इकाइयों द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों पर लागू होते हैं।

(vii) सॉफ्टवेयर टूल्स

(क) कम्पलाई रेलेक्स

संस्थान ने सदस्यों की सुविधा के लिए, अनुपालन पोर्टल "कम्पलाई रेलेक्स" के लिए मैंसर्स बिजनेस नाउ प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपने समझौता ज्ञापन (एमओयू) को नवीनीकृत किया है। सदस्य 31 मार्च, 2026 तक मुफ्त में सॉफ्टवेयर की सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। वर्चुअल ऑफिस और टास्क मैनेजमेंट, अनुपालन ट्रैकर, एमसीए लेनदेन ट्रैकर, डीएससी प्रबंधन आदि इस सॉफ्टवेयर की विशेषताएं हैं। सदस्य https://complyrex.icsi.edu/ पर साइन अप करके सदस्यता को सक्रिय कर सकते हैं।

(ख) इनसाइडरलेंस एफसीओ

संस्थान ने मैसर्स एक्सार डिजिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन किया है जिससे अभ्यासरत सदस्यों को 18 मार्च, 2026 तक एक विशेष वार्षिक सदस्यता मूल्य पर इनसाइडर्लेंस एफसीओ सॉफ्टवेयर की सुविधा मिलेगी। इनसाइडर्लेंस एफसीओ सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015 के अनुपालन को सुव्यवस्थित करने के लिए वेब–आधारित सॉफ्टवेयर समाधान है। सॉफ्टवेयर अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) और इनसाइडर विवरण के इलेक्ट्रॉनिक भंडारण का प्रबंधन करता है और सभी लेनदेन के लिए व्यापक ऑडिट ट्रेल प्रस्तुत करता है। सदस्य अधिक जानकारी के लिए https://pcs.axardiital.com पर जा सकते हैं।

(ग) प्रोसीस एसडीडी–सी

संस्थान ने मैसर्स प्रोक्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन किया है जिससे अभ्यासरत सदस्यों को सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015, अनुसूची सी के अनुसार बिचौलियों/प्रत्ययी (फीडुशरी)/सलाहकारों के संरचनात्मक डिजिटल डेटाबेस (एसडीडी) आवश्यकता के प्रबंधन हेतु प्रोक्स एसडीडी–सी की सुविधा मिलेगी। सॉफ्टवेयर का स्वचालित संस्करण दर में छूट सहित 26 अप्रैल, 2029 तक वैध है। सदस्य अधिक जानकारी के लिए https://registration.pro-cs.in/ पर जा सकते हैं।

(घ) एक्लाउड पीएलसीः व्यावसायिक उपकरण

प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों को सूचना प्रौद्योगिकी की मदद से अपने संचालन को प्रबंधित करने और अपने ग्राहकों को कुशलतापूर्वक सेवा प्रदान करने के लिए एक समर्पित सॉफ्टवेयर की आवश्यकता को समझते हुए, संस्थान ने रोजमर्रा के लेखांकन और कर अनुपालन सहित संचालन को डिजिटल बनाने में सहायता प्रदान करने के लिए फैसिलिटेटर के रूप में कार्य करने वाले एक्लाउड पीएलसी के साथ हाथ मिलाया। पेशेवर रूप से चालानधरिमाइंडर का प्रबंधन, पूर्ण जीएसटी अनुपालन, खातों का पारदर्शी एवं सरलीकृत निर्माण और व्यापक वित्तीय डैशबोर्ड आदि इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं। यह सॉफ्टवेयर 11 मई, 2023 से दो वर्षों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है और 2 वर्षों के बाद 80% की छूट पर उपलब्ध है।

(viii) कंपनी सचिव परोपकारी निधि (सीएसबीएफ)

सीएसबीएफ, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी, नई दिल्ली में पंजीकृत एक सोसायटी है। संस्थान द्वारा इसकी स्थापना वर्ष 1976 में सुरक्षा छतरी बनाने और सीएसबीएफ के सदस्य कंपनी सचिवों और उनके आश्रित परिजनों को संकट के समय में उचित सुरक्षा तंत्र प्रदान करने के लिए की गई थी।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कुल 1180 सदस्यों को सीएसबीएफ में प्रवेश दिया गया था। 31 मार्च, 2024 तक, सीएसबीएफ के 16766 जीवनपर्यंत सदस्य थे और 31 मई, 2024 तक, सीएसबीएफ के 16892 जीवन सदस्य थे।

(ix) प्रमुख परामर्श

(क) दिशानिर्देशों के अनुपालन हेतु परामर्श

अभ्यासरत कंपनी सचिवों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की प्रभावशीलता को सशक्त करने और हितधारकों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा 24 अगस्त, 2023 को अभ्यासरत कंपनी सचिवों को निम्नलिखित परामर्श जारी किए:

(ए) आईसीएसआई विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या (यूडीआईएन) दिशानिर्देश, 2019, के अनुसार यूडीआईएन जनरेशन के संबंध में।

(बी) संबंधी कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की पहली अनुसूची के भाग I के खंड (8) के अनुसार पिछले पदाधिकारी को सूचना देने की आवश्यकता के अनुपालन संबंध में।

(सी) सत्यापन और लेखा परीक्षा सेवाओं की सहकर्मी समीक्षा के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार अभ्यासरत सहकर्मी समीक्षा प्राप्त करने संबंध में।

(डी) अभ्यासरत कंपनी सचिवों द्वारा स्वीकार किए गए सभी ऑडिट कार्यों में संस्थान द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों का पालन।

(ख) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा जारी विभिन्न विनियमों/परिपत्रों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए परामर्श

संस्थान ने अभ्यासरत कंपनी सचिवों द्वारा जारी प्रमाणीकरण/लेखापरीक्षा/रिपोर्ट की प्रभावशीलता को और सशक्त करने तथा निवेशकों और हितधारकों के हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से 6 सितंबर, 2023 को एक परामर्श जारी की। अभ्यासरत कंपनी सचिवों को सलाह दी गई थी कि वे नियामक अनुपालन की अच्छी तरह से जांच करें, अनुपालन को सत्यापित करने के लिए अद्यतन जांच सूची बनाए रखें और अनुपालन के संबंध में पूछताछ करें, समीक्षाधीन अवधि के दौरान लागू प्रावधानों के गैर–अनुपालन, कंपनी या उसके निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों को, या तो सेबी, एमसीए, आरबीआई, स्टॉक एक्सचेंजों या किसी अन्य नियामक द्वारा लगाए गए दंड और दिए गए कारण बताओ नोटिस को भी रिपोर्ट करें, ताकि समग्र अभिशासन रूपरेखा की उचित स्थिति को प्रतिबिंबित किया जा सके।

(ग) सेबी (पीआईटी) विनियम, 2015 के अंतर्गत प्रत्ययी (फीडुशरी) द्वारा अनुपालन के लिए सदस्यों को परामर्श

संस्थान ने सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015 के विनियम 3 (5) और 3 (6) के अंतर्गत अभ्यासरत कंपनी सचिवों द्वारा प्रत्ययी (फीडुशरी) के रूप में अपनी क्षमता में अनुपालन आवश्यकताओं के संबंध में 28 फरवरी, 2024 को एक सलाह जारी की।

यह सलाह दी गई थी कि अभ्यासरत कंपनी सचिव विनियमों के अंतर्गत प्रत्ययी (फीडुशरी) के रूप में अपनी स्थिति के आधार पर सूचीबद्ध संस्थाओं और गैर–सूचीबद्ध संस्थाओं, जिनकी प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है, की अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) के साथ व्यवहार करते समय उक्त विनियमों के किसी भी उल्लंघन से बचने के लिए आंतरिक रूप से एक अलग एसडीडी बनाए रखने की उक्त आवश्यकता का कड़ाई से अनुपालन करना चाहिए।

(x) पीएमएलए से संबंधित पहल

धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के संबंध में वित्त मंत्रालय (एफआईयू–इंडिया) द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में एक सांविधिक निकाय (एसआरबी) के रूप में संस्थान द्वारा की गई पहल का उल्लेख नीचे किया गया है:

- विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निषेध) अधिनियम, 1967 की धारा 51क के कार्यान्वयन के संबंध में परामर्श दिनांक 31 मई, 2023
- भयंकर विध्वंस वाले हथियार और उनकी वितरण प्रणाली (गैरकानूनी गतिविधियों का निषेध अधिनियम, 2005) की धारा 12ए के कार्यान्वयन के संबंध में परामर्श दिनांक 31 मई, 2023।
- वित्तीय लेनदेन करने वाली मौजूदा रिपोर्टिंग संस्थाओं की पहचान करने के लिए सभी अभ्यासरत कंपनी सचिवों को दिनांक 19 जुलाई, 2023 से पत्राचार किया गया और उन्हें गूगल फॉर्म के माध्यम से खुद को रिपोर्टिंग इकाई के रूप में पंजीकृत करने का अनुरोध किया गया।
- रिपोर्टिंग संस्थाओं और नोडल अधिकारी के बीच जानकारी साझा करने के लिए अलग से एक pmla@icsi.edu बनाई गई, जैसा कि दिशानिर्देशों में प्रावधान है।
- दिनांक 01 जून, 2023 को धनशोधन निवारण अधिनियम, 2002 पर आयोजित वेबिनार में 12,600 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- एएमएल कानूनों और विनियमों की व्यापक जानकारी प्रदान करने के लिए 31 जुलाई–04 अगस्त, 2023 के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) और एंटी मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम, 2020 (एएमएल) पर क्रैश कोर्स का आयोजन किया गया। आईसीएसआई द्वारा आयोजित क्रैश कोर्स के उद्देश्य से अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न तैयार किए गए ।
- आईसीएसआई के एनआईआरसी के गाजियाबाद शाखा (चैप्टरों) द्वारा 12 अगस्त, 2023 को पीएमएलए पर संगोष्ठी का आयोजन

किया गया।

- वित्तीय कार्रवाई टास्क फोर्स के पदाधिकारियों के निर्देशों पर ड्राफ्ट जोखिम मूल्यांकन दिशानिर्देश तैयार किए गए ।
- रिपोर्टिंग इकाई के पंजीकरण के लिए आईसीएसआई पोर्टल पर आईटी सॉफ्टवेयर का विकास।
- वित्तीय लेनदेन करने वाली मौजूदा रिपोर्टिंग संस्थाओं की पहचान करने और उन्हें खुद को रिपोर्टिंग इकाई के रूप में पंजीकृत करने का अनुरोध करने के लिए अभ्यासरत कंपनी सचिवों से 11 अक्टूबर, 2023 को पत्राचार किया गया।
- एएमएल और सीएफटी दिशानिर्देशों के अनुसार आईसीएसआई–पीएमएलए पोर्टल पर रिपोर्टिंग इकाई की पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में सूचित करने और उन्हें रिपोर्टिंग इकाई के रूप में खुद को पंजीकृत करने का अनुरोध करने हेतु अभ्यासरत कंपनी सचिवों से दिनांक 09 अप्रैल, 2024 को पत्राचार किया गया।
- भयंकर विध्वंस वाले हथियार और उनकी वितरण प्रणाली (गैरकानूनी गतिविधियों का निषेध अधिनियम, 2005) की धारा 12ए : नामनामित सूची (संशोधन) के कार्यान्वयन के बारे में सूचित करने हेतु 24 अप्रैल, 2024 को अभ्यासरत कंपनी सचिवों से पत्राचार किया गया।

(घ) सदस्यों की क्षमता निर्माण और उनके लिय अद्यतन ज्ञान

संस्थान वेबिनार, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, पेशेवर विकास पाठ्यक्रम आदि सहित कई पहलों के माध्यम से अपने सदस्यों की निरंतर क्षमता निर्माण और ज्ञान वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान यह सुनिश्चित करता है कि उसके सदस्य कॉर्पोरेट अभिशासन, अनुपालन और नियामक रूपरेखा में नवीनतम विकास के साथ अपडेट रहें। इन पहलों को कंपनी सचिवों को उनकी भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने, कॉर्पोरेट क्षेत्र में प्रभावी ढंग से योगदान देने और पेशेवर उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए डिजाइन किया गया है।

(i) अध्ययन मंडल

संस्थान देश भर में अध्ययन मंडलों के गठन को बढ़ावा देकर सदस्यों के लिए ज्ञान उन्नयन के अवसर सृजित कर रहा है। इस अवधि के दौरान, निम्नलिखित अध्ययन मंडलों का गठन/नवीनीकरण किया गया

क्र.सं.	क्षेत्रीय परिषद	नाम	गठन/नवीकरण	माह
1.	एसआईआरसी	आईसीएसआई का हुबली–धारवाड़ अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	अप्रैल, 2023
				मई 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई का चेन्नई पश्चिम अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	मई, 2023
				मार्च 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई का चेन्नई उत्तरी अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	जून, 2023
		आईसीएसआई के चेन्नई दक्षिण अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	जुलाई, 2023
2.	एनआईआरसी	आईसीएसआई के जनकपुरी अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	अप्रैल, 2023
		आईसीएसआई के नजफगढ़ अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	अप्रैल, 2023
		आईसीएसआई का विकास मार्ग अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	अप्रैल, 2023
		आईसीएसआई के नए उधन भवन (कॉर्पोरेट) अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	जुलाई, 2023
				अप्रैल, 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई के द्वारका अध्ययन मंडल	गठन	अक्टूबर, 2023
			नवीनीकरण	अप्रैल 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई (एनआईआरसी) के रेवाड़ी अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	दिसंबर, 2023
				मई 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)

		आईसीएसआई का मानेसर अध्ययन मंडल	गठन	मार्च 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई का नजफगढ़ अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	जून 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
3.	डब्ल्यूआईआरसी	महिंद्रा (कॉर्पोरेट) आईसीएसआई का अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	मई, 2023
		आईसीएसआई का वापी अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	मई, 2023
		आईसीएसआई का सांगली अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	मई, 2023
				मई, 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई का जामनगर अध्ययन मंडल	गठन	मई, 2023
			नवीनीकरण	मई, 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई का आनंद अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	मई, 2023
				मई, 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई का भिलाई अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	मई, 2023
		आईसीएसआई के एल एंड टी (कॉर्पोरेट) अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	मई 2023
				अप्रैल 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई के रिलायंस इंडस्ट्रीज (कॉर्पोरेट) अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	जुलाई, 2023
		एचटी पारेख मार्ग (कॉर्पोरेट) आईसीएसआई का अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	जुलाई, 2023
				मई, 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई का कांदिवली अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	जनवरी 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई का जबलपुर अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	मार्च 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		मकरंद एम जोशी एंड कंपनी (कॉर्पोरेट) आईसीएसआई का अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	मार्च 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		महिंद्रा (कॉर्पोरेट) आईसीएसआई का अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	जून 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
		आईसीएसआई का भिलाई अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	जून 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)
4.	ईआईआरसी	आईसीएसआई का टोलीगंज अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	मई 2023
		आईसीएसआई के मध्य कोलकाता अध्ययन मंडल	नवीनीकरण	अप्रैल 2024 (वित्तीय वर्ष 2024–25)

(ii) 'नॉलेज ऑन डिमांड'

मई, 2023 में शुरू की गई संस्थान की 'नॉलेज ऑन डिमांड' नॉलेज इनिशिएटिव संस्थान के पास उपलब्ध नॉलेज शेयरिंग वीडियो के भंडार सदस्यों को उपलब्ध कराने का एक प्रयास है, ताकि सदस्यों को नवीनतम गतिविधियों से अवगत कराया जा सके तथा वे संस्थान के लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) प्लेटफॉर्म का 24X7 उपयोग कर अपनी सुविधा के अनुसार अपने ज्ञान भंडार को बढ़ा सकें। सदस्यों को प्रति सत्र 01 सीपीई क्रेडिट (असंरचित) प्रदान किया जाता है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान 'नॉलेज ऑन डिमांड' पहल के अंतर्गत 237 सत्रों को कवर करने वाले कुल 28 विषयों को अपलोड किया गया है।

(iii) प्रमुख सेमिनार/वेबिनार

क्र.सं.	विषय	दिनांक
1.	एमएसएमई : कंपनी सचिवों की भूमिका	08 मई, 2023
2.	धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002	01 जून, 2023
3.	डीपीटी–3 और एलएलपी फॉर्म (नई संवर्धित कार्यक्षमता)	13 जून, 2023
4.	मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) और संबंधित प्रावधानों के आधारभूत तत्व	15 जुलाई, 2023
5.	मध्यस्थता (मिडीएशन), सुलह और संबंधित प्रावधानों के आधारभूत तत्व	21 जुलाई, 2023
6.	मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) प्रावधानों वाले विभिन्न कानूनों की परस्पर क्रिया	04 अगस्त, 2023
7.	मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) निर्णय	11 अगस्त, 2023
8.	एलएलपी अधिनियम, 2008 के अंतर्गत देरी की माफी	24 अगस्त, 2023
9.	पीएमएलए और डब्ल्यूएमडी अधिनियम का कानूनी ढांचा: अभ्यास पेशेवरों के लिए मार्गदर्शन	18 अक्टूबर, 2023
10.	वृद्धि हेतु अभ्यास एवं रणनीति की स्थापना	18 दिसंबर, 2023
11.	अभ्यास के प्रमुख क्षेत्रों का अवलोकन और अभ्यासरत कंपनी सचिवों के लिए नए अवसर	20 दिसंबर, 2023
12.	अभ्यासरत कंपनी सचिव के लिए दिशानिर्देश	22 दिसंबर, 2023
13.	अभ्यासरत कंपनी सचिव के लिए अनिवार्यताएं	26 दिसंबर, 2023
14.	विकसित भारत– 2047रू कंपनी सचिवों की भूमिका	14 मार्च, 2024

संयुक्त वेबिनार/सेमिनार

पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ संयुक्त कार्यक्रम		
क्र.सं.	**विषय**	**दिनांक**
1.	"जीएसटीः व्यापार सरलता और चुनौतियां" विषय की राष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान भागीदार ।	24 मई, 2023
2.	"व्यवसाय अधिग्रहण और पुनर्निर्माण संबंधी कर मुद्दों" की वेबिनार में एसोसिएट पार्टनर।	25 जुलाई, 2023
3.	"जीएसटी–कानूनों और कानूनी न्यायशास्त्र में हाल के परिवर्तन" पर वेबिनार में ज्ञान भागीदार ।	25 अगस्त, 2023
4.	"महत्वपूर्ण नवीनतम जीएसटी कानूनी न्यायशास्त्र" पर वेबिनार में ज्ञान भागीदार।	21 सितंबर, 2023.
5.	"आयकर अधिनियम के अंतर्गत खोज और जब्ती" पर वेबिनार में सहयोगी भागीदार।	22 सितंबर, 2023
6.	"करदाताओं द्वारा सामना किए जा रहे विभिन्न कानूनी मुद्दे और इस तरह की जांच से कैसे निपटा जाए तथा जीएसटीआर 9 और 9सी दर्ज करने के लिए तैयार हो जाएं: विषय पर वेबिनार में ज्ञान भागीदार ।	23 नवंबर, 2023
7.	पीएचडी हाउस, नई दिल्ली में आयोजित "ईएसजी: सतत भविष्य के लिए एक समग्र दृष्टिकोण" पर पीएचडीसीसीआई सम्मेलन में एसोसिएट पार्टनर ।	10 जनवरी, 2024
8	पीएचडी हाउस, नई दिल्ली में आयोजित "इनपुट टैक्स क्रेडिट के अंतर्गत कानूनी मुद्दों और निर्णय पर महत्वपूर्ण विश्लेषण" पर संगोष्ठी में ज्ञान भागीदार ।	28 फरवरी, 2024
9.	नई दिल्ली में "जीएसटी के अंतर्गत नवीनतम परिवर्तन और न्यायशास्त्र" पर संगोष्ठी में ज्ञान भागीदार ।	05 अप्रैल, 2024
10.	पीएचडी हाउस, नई दिल्ली में आयोजित "सेबी विनियम– हाल के विकास, खुले मुद्दे और आगे की राह" पर संगोष्ठी में संस्थागत साझेदार।	19 अप्रैल, 2024
11.	नई दिल्ली में आयोजित "जीएसटी में मुकदमेबाजी" पर संगोष्ठी में ज्ञान भागीदार ।	09 मई, 2024
12.	पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित प्रतियोगिता अधिनियम, 2002 और प्रतिस्पर्धा (संशोधन) अधिनियम, 2023 पर संगोष्ठी में संस्थागत भागीदार। श्रीमती रवनीत कौर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की अध्यक्ष मुख्य अतिथि थे।	28 जून, 2024

मर्चेंट चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) के साथ संयुक्त कार्यक्रम		
क्र.सं.	विषय	दिनांक
1.	कोलकाता में "उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धा कानून का महत्व" पर विशेष सत्र में ज्ञान भागीदार ।	28 अप्रैल, 2023
आंतरिक लेखा परीक्षक संस्थान (आईआईए), कलकत्ता शाखा (चैप्टरों) के साथ संयुक्त कार्यक्रम		
क्र.सं.	विषय	तिथि
1.	ताज बंगाल, कोलकाता में 21–22 जुलाई, 2023 को "संयुक्त ऑडिट कॉन्क्लेव" के लिए एसोसिएट पार्टनर।	21–22 जुलाई, 2023
राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास अकादमी (एनएएचआरडी) के साथ संयुक्त कार्यक्रम		
क्र.सं.	विषय	दिनांक
1.	लेह, लद्दाख में "कॉरपोरेट अभिशासन आवासीय कार्यशाला" और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर कार्यशाला" में एसोसिएट पार्टनर।	02–05 अगस्त, 2023
2.	पोर्ट ब्लेयर, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में कॉरपोरेट अभिशासन आवासीय कार्यशाला" और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर कार्यशाला" में एसोसिएट पार्टनर।	13–16 दिसंबर, 2023
दिल्ली प्रबंधन संघ (डीएमए) के साथ संयुक्त कार्यक्रम		
क्र.सं.	विषय	तिथि
1.	"पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन सम्मेलन" पर पूरे दिन के कार्यक्रम में सहयोगी भागीदार।"	22 सितंबर, 2023
2.	भारत पर्यावास केंद्र में "वैश्विक संधारणीयता" शिखर सम्मेलन में सहयोगी भागीदार।	09 फरवरी, 2024
3.	नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप, जेएनयू के साथ संयुक्त रूप से "ईएसजी और संधारणीयता के लिए सचेत नेतृत्व" पर सम्मेलन में एसोसिएट पार्टनर।	18 मई, 2024
अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के साथ संयुक्त कार्यक्रम		
क्र.सं.	विषय	तिथि
1.	गिफ्ट सिटी, गांधीनगर में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आईएफएससीए द्वारा आयोजित इन्फिनिटी फोरम 2.0 में घरेलू भागीदार।	09 दिसंबर, 2023
एसोचौम दक्षिणी क्षेत्र के साथ संयुक्त कार्यक्रम		
क्र.सं.	विषय	तिथि
1.	"आईबीसी कॉन्क्लेव 2023" में सहायक भागीदार	16 दिसंबर, 2023
आईआईएम बैंगलोर के साथ संयुक्त कार्यक्रम		
क्र.सं.	विषय	दिनांक
1.	"कॉर्पोरेट अभिशासन और संधारणीयता के बदलते परिदृश्यरू वाकिंग द टॉक" पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अकादमिक भागीदार।	12–13 जनवरी, 2024

(iv) मास्टर ज्ञान श्रृंखला ईईई

संस्थान ने अपने सदस्यों के कंपनी अधिनियम, 2013 और सेबी विनियमों संबंधी ज्ञान को फिर से जानने, अद्यतन कराने और उसमें महारत प्राप्त कराने के उद्देश्य से ईईई नामक एक मास्टर ज्ञान श्रृंखला शुरू की है– ईईईरू इनेबल, मूल्यांकन, एक्सेल। क्षमता निर्माण पहल सदस्यों को इन कानूनों में विभिन्न संशोधनों से अवगत कराने और उन्हें विषयों पर अपने ज्ञान को बढ़ाने में सक्षम बनाने का प्रयास है। ज्ञान श्रृंखला ईईई के तत्वावधान में व्यावसायिक हित के विषयों पर साप्ताहिक वेबिनार के रूप में आयोजित की जाती है।

क्र.सं.	विषय	तिथि
1.	फेमा अधिनियम (इनबाउंड–आउटबाउंड निवेश और उल्लंघन एवं कंपाउंडिंग) की बारीकियां	08 जुलाई, 2023
2.	कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व– नियम पुस्तिका परे	12 जुलाई, 2023
3.	संबंधित पार्टी लेनदेन– अंतर्दृष्टि	19 जुलाई, 2023
4.	सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में हालिया संशोधन	26 जुलाई, 2023
5.	प्रबंधकीय पारिश्रमिक और केएमपी	02 अगस्त, 2023
6.	ईएसजी– कंपनी सचिवों की उभरती भूमिका	09 अगस्त, 2023
7.	शेयर पूंजी– बायबैक, कमी और मोचन	16 अगस्त, 2023
8	कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत उधार और निवेश	29 अगस्त, 2023
9.	महत्वपूर्ण लाभकारी स्वामित्व	09 सितंबर, 2023
10.	सेबी (पीआईटी) विनियम, 2015	13 सितंबर, 2023
11.	कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निरीक्षण, पूछताछ और जांच	05 अक्टूबर, 2023
12.	ग्रीन बॉन्ड फ्रेमवर्क और संधारणीय उधार	11 अक्टूबर, 2023
13.	पीएमएलए और डब्ल्यूएमडी अधिनियम का कानूनी ढांचारू अभ्यासरत पेशेवरों के लिए मार्गदर्शन	18 अक्टूबर, 2023
14.	इंड–एएस के अंतर्गत आरपीटी	25 अक्टूबर, 2023
15.	सेबी (पीआईटी) विनियम, 2015 के अंतर्गत एसडीडी	27 अक्टूबर, 2023
16.	कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत महत्वपूर्ण लाभकारी स्वामित्व	30 अक्टूबर, 2023
17.	कंपनियों द्वारा निधि जुटाना	16 नवंबर, 2023
18.	सचिवीय लेखापरीक्षा एवं एएससीआर	22 नवंबर, 2023
19.	कॉर्पोरेट पुनर्गठनरू रणनीतिक गठबंधन का निर्माण	29 नवंबर, 2023
20.	एसएस–1 और एसएस–2ः अनुपालन का मानकीकरण	06 दिसंबर, 2023
21.	प्रतिभूतियों का डिमटेरियलाइजेशन – हालिया संशोधन	13 दिसंबर, 2023
22.	एनसीएलटी– उपस्थिति और कोर्ट क्राफ्ट	03 जनवरी, 2024
23.	प्रतिभूतियों के मूल्यांकन की सांविधिक आवश्यकता	10 जनवरी, 2024
24.	शेयरधारकों का लोकतंत्र और सक्रियता	17 जनवरी, 2024
25.	साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और आईटी कानून	24 जनवरी, 2024
26.	ईएसजी और कंपनी सचिवों की भूमिका	31 जनवरी, 2024

(अ) मास्टर ज्ञान श्रृंखला– ईईई 4.0

संस्थान ने ईईई–मास्टर नॉलेज सीरीज को मिली भारी सफलता को ध्यान में रखते हुए, पेशेवर रुचि के समकालीन विषयों पर ईईई 4.0– मास्टर नॉलेज सीरीज के तत्वावधान में वेबिनार सीरीज का अगला चरण शुरू किया है। श्रृंखला के अंतर्गत निम्नलिखित वेबिनार आयोजित किए गए हैं:

क्र.सं.	विषय	तिथि
1.	श्रम कानूनों पर विचार–विमर्श	01 मई, 2024
2.	सचिवीय लेखापरीक्षा की बारीकियां	08 मई, 2024
3.	वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट	15 मई, 2024
4.	संरचित डिजिटल डेटाबेस	22 मई, 2024
5.	ईएसजी और व्यवसाय का भविष्य	29 मई, 2024

(vi) एमएसएमई और स्टार्टअप पर वेबिनार श्रृंखला

एमएसएमई और स्टार्टअप से संबंधित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर साप्ताहिक आधार पर वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित की गई ताकि सदस्यों को मार्गदर्शन देकर इन संस्थाओं में अभिशासन रूपरेखा का समर्थन करने और उसे मजबूत बनाने में सक्षम बनाया जा सके।

क्र.सं.	विषय	दिनांक
1.	एमएसएमई : कंपनी सचिवों के लिए नीति, रूपरेखा और अवसर :	14 अगस्त, 2023
2.	एमएसएमई : मौद्रिक और वसूली रूपरेखा	21 अगस्त, 2023
3.	एमएसएमई : वित्तपोषण विकल्प एवं माध्यम और अन्य संबंधित मुद्दे	28 अगस्त, 2023
4.	एमएसएमई : स्थानीय को वैश्विक स्तर पर लेना	04 सितंबर, 2023
5.	एसएमई सूचीबद्धता	11 सितंबर, 2023
6.	स्टार्ट–अप अभिशासन : विधायी आवश्यकताएं	25 सितंबर, 2023
7.	बाजार रणनीति को जाने : कैसे और क्यों	03 अक्टूबर, 2023
8	मूल्यांकन खेल : स्टार्टअप निवेशक को आकर्षक बनाना	09 अक्टूबर, 2023
9.	ब्रांडिंग स्टार्टअप्स : बौद्धिक संपदा उचित परिश्रम	23 अक्टूबर, 2023

(vii) आईसीएसआई एनसीएलटी कॉन्क्लेव

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) सम्मेलन संस्थान के सभी शाखाओं (चैप्टरों) के माध्यम से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था जिसमें सभी चार क्षेत्रीय कार्यालयों में एनसीएलटी पीठों का गठन किया गया है। एनसीएलटी के न्यायिक और तकनीकी सदस्यों की उपस्थिति में आईसीएसआई– आईआईपी के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए थे :

एनसीएलटी की पीठ	आईसीएसआई के क्षेत्रीय कार्यालय/शाखा (चैप्टरों)	दिनांक
राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, अहमदाबाद बेंच	अहमदाबाद शाखा (चैप्टरों)	16 सितंबर, 2023
राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, बेंगलुरु बेंच	बेंगलुरु शाखा (चैप्टरों)	16 सितंबर, 2023
नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, कोलकाता बेंच	ईआईआरसी – आईसीएसआई	23 सितंबर, 2023
नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, हैदराबाद बेंच	सीसीजीआरटी–हैदराबाद और हैदराबाद शाखा (चैप्टरों) संयुक्त रूप से	23 सितंबर, 2023
नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, कटक बेंच	भुवनेश्वर केन्द्र (चैप्टर)	25 सितंबर, 2023
नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, चेन्नई बेंच	एसआईआरसी–आईसीएसआई	06 अक्टूबर, 2023
राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, चंडीगढ़ बेंच	चंडीगढ़ शाखा (चैप्टरों)	06 अक्टूबर, 2023
राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, कोच्चि बेंच	कोच्चि केन्द्र (चैप्टर)	14 अक्टूबर, 2023
नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, मुंबई बेंच	आईसीएसआई–डब्ल्यूआईआरसी और सीसीजीआरटी–हैदराबाद संयुक्त रूप से	21 अक्टूबर, 2023
राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, गुवाहाटी बेंच	गुवाहाटी शाखा (चैप्टरों)	16 दिसंबर, 2023

(viii) एमएसएमई और स्टार्टअप कनेक्टरू सीएस एमएसएमई और स्टार्टअप उत्प्रेरक

संस्थान अभिशासन पेशेवरों को उद्यमियों के साथ एक साझा मंच पर लाने और उद्यमियों, उद्योग निकायों, इन्क्यूबेटरों एवं सरकार के बीच कंपनी सचिव की पेशेवर के रूप में स्वीकृति को बढ़ाने के उद्देश्य से, पूरे भारत के 30 शहरों में आईसीएसआई एमएसएमई और स्टार्टअप कनेक्ट का आयोजन कर रहा है। "सीएस–एमएसएमई और स्टार्टअप उत्प्रेरक" विषय पर जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, आगरा, अहमदाबाद, भोपाल, छत्रपति संभाजीनगर, चंडीगढ़, मंगलुरु, नागपुर, पुणे और विशाखापट्टनम में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

(ix) सीपीएसई के कंपनी सचिवों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान ने सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के सहयोग से 09 फरवरी, 2024 को होटल अटिठी, गुवाहाटी में सीपीएसई के निदेशक मण्डल और डीपीई ऑनलाइन पोर्टल के प्रभावी कामकाज पर सीपीएसई के कंपनी सचिवों के लिए एक दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत भर से विभिन्न सीपीएसई के 50 से अधिक कंपनी सचिवों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान (प) निदेशक मण्डल के कानूनी वातावरण (पप) डीपीई ऑनलाइन पोर्टल और (पपप) निदेशक मण्डल एवं समितियों में कंपनी सचिव के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों पर तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

(x) प्रथम सदस्य आउटरीच कार्यक्रम

संस्थान ने सदस्य आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है जो देश भर के प्रतिष्ठित सदस्यों के साथ जुड़ने की एक पहल है ताकि कंपनी सचिवों के पेशे के प्रति उद्योगधहितधारक की धारणा, पेशे के लिए उभरते अवसर, पेशे के विकास के लिए नए सुझाव और सदस्यों की क्षमता निर्माण के उपाय के बारे में उनके विचार जाने जा सकें। उत्तरी क्षेत्र के सदस्यों को मिलाकर पहले सदस्य आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन 05 जनवरी, 2024 को ताज पैलेस, नई दिल्ली में किया गया था। उपस्थित सदस्यों ने पेशे के विकास के लिए उनके विचारों और सुझाव जानने की संस्थान की इस अनूठी पहल की सराहना की।

(xi) आईसीएसआई ऑनलाइन क्रैश कोर्स

संस्थान ने विभिन्न विषयों पर ऑनलाइन क्रैश पाठ्यक्रम शुरू किए हैं ताकि विभिन्न कानूनों का व्यापक ज्ञान प्राप्त करने और ऐसे कानूनों को लागू करने के लिए आवश्यक कौशल एवं विशेषज्ञता विकसित करने में सदस्यों की सहायता की जा सके। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, निम्नलिखित विषयों पर क्रैश कोर्स आयोजित किया गया था :

- पीएमएलए और एएमएल क्रैश कोर्स (2 बैच)
- सामाजिक लेखा परीक्षा क्रैश कोर्स (2 बैच)
- कानूनों की व्याख्या क्रैश कोर्स
- वित्तीय विवरणों की डिकोडिंग क्रैश कोर्स
- आईपीओ के ए से जेड क्रैश कोर्स

(xii) आईसी,सआई सदस्यता उपरांत अर्हता (पीएमक्यू) पाठ्यक्रम

संस्थान ने सदस्यों के लिए निम्नलिखित विषयों में पीएमक्यू पाठ्यक्रम आयोजित किए हैं :

- कॉर्पोरेट प्रशासन में पीएमक्यू कोर्स
- आंतरिक लेखा परीक्षा पीएमक्यू कोर्स
- मध्यस्थता पीएमक्यू कोर्स

(xiii) आईसीएसआई सदस्यता उपरांत अर्हता (पीएमक्यू) पाठ्यक्रम

संस्थान ने सदस्यों के लिए निम्नलिखित विषयों में पीएमक्यू पाठ्यक्रम आयोजित किए हैं:

- सीएसआर पेशेवरों सर्टिफिकेट कोर्स
- वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सर्टिफिकेट कोर्स
- स्वतंत्र निदेशक सर्टिफिकेट कोर्स
- बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) सर्टिफिकेट कोर्स
- पीओएसएच सर्टिफिकेट कोर्स
- आईबीसी सर्टिफिकेट कोर्स
- वाणिज्यिक अनुबंध प्रबंधन सर्टिफिकेट कोर्स
- फोरेंसिक ऑडिट सर्टिफिकेट कोर्स
- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) सर्टिफिकेट कोर्स
- कॉर्पोरेट पुनर्गठन सर्टिफिकेट कोर्स

(xiv) एलएमएस पोर्टल का कॉन्फिगरेशन

संस्थान के लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) पोर्टल को सर्टिफिकेट कोर्स, क्रैश कोर्स, पीएमक्यू कोर्स, पीसी ओरिएंटेशन प्रोग्राम,

नॉलेज ऑन डिमांड, ईसीपीई मूल्यांकन के लिए पंजीकरण, शुल्क भुगतान, परीक्षा, अधिसूचना और प्रमाणन सहित पूरी तरह से स्वचालित रूप से संपादित करने के लिए कॉन्फिगर किया गया था।

(xv) चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल

चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल संस्थान का सबसे प्रतिष्ठित जर्नल है। पिछले 53 वर्षों से, यह जर्नल कॉर्पोरेट अभिशासन और कॉर्पोरेट कानूनों से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में सदस्यों के लिए सूचना और अंतर्दृष्टि का विशाल स्रोत रहा है। इस पत्रिका को सदस्यों द्वारा एक साधन सम्पन्न संग्रह के रूप में सम्मानित किया जाता है जिसमें कंपनी सचिवों के पेशे से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं और मुद्दों के महत्वपूर्ण विचार–विमर्श और विश्लेषण शामिल हैं।

(क) जर्नल के बारे में

चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल का मासिक वितरण/संचलन लगभग एक लाख है। यह संस्थान के सोशल मीडिया हैंडल पर भी प्रकाशित होता है, जिसमें सदस्य, सरकारी गणमान्य व्यक्ति, सरकारी एजेंसियां, संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन वाले विश्वविद्यालय/संस्थान और सूचीबद्ध कंपनियों को मिलकर तीन लाख से अधिक फॉलोवर हैं।

हर माह पत्रिका में का विषय विशिष्ट होता है और प्रत्येक अंक में अनुसंधान का एक अलग खंड है जहां अनुसंधान–उन्मुख लेख प्रकाशित होते हैं।

संस्थान की मासिक पहलों को "वर्तमान पहलों" खंड में प्रकाशित किया जाता है जहां विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों के के साथ–साथ विभिन्न सम्मान और अवसरों के प्रति संस्थान अभिनव दृष्टिकोण के प्रयासों को प्रकाशित किया जाता है।

- जर्नल में एक विशेष खंड है जिसे 'लीगल वर्ल्ड' कहा जाता है, जो महत्वपूर्ण निर्णयों पर अपडेट देता है जिसका पेशे या पेशेवरों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव हो सकता है और एक अन्य खंड जिसे 'फ्रॉम द गवर्नमेंट' कहा जाता है, जहां विशिष्ट सरकारी आदेशध्परिपत्र प्रकाशित किए जाते हैं।

- इसके अलावा, देश की 'डिजिटल इंडिया' पहल के समर्थन के रूप में, चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल की ई–कॉपी अपने सदस्यों को कभी भी, कहीं भी उपलब्धता की सुविधा प्रदान करती है, जिसे बल्क मेल और बल्क एसएमएस के माध्यम से प्रसारित किया जाता है।

- चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल को ई–जर्नल के रूप में डिजिटल रूप से प्रसारित किया जाता है और सदस्यता के वार्षिक नवीनीकरण के दौरान सदस्यों को जर्नल की भौतिक प्रति के लिए एक ऑप्ट–आउट विकल्प की पेशकश की गई है।

(ख) पत्रिका की नई विशेषताएं

'ऑल न्यू चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल' विभिन्न नई विशेषताओं से युक्त है जिन्हें सदस्यों और पाठकों की पठनीयता और उनसे संवाद बढ़ाने के लिए प्रस्तुत किया गया है। नई पहलों के रूप में निम्नलिखित नए खंडों को हाल ही में जोड़ा गया है:

- ये माह वो साल (आईसीएसआई की पिछले 52 वर्षों की यात्रा को यादगार बनाने के लिए पिछले 52 वर्षों से चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल में प्रकाशित प्रमुख गतिविधियों (माहवार) की तस्वीरें वर्तमान अंक में प्रकाशित की जाती है)।
- सदस्यों के संदर्भ और अद्यतन हेतु प्रत्येक माह आरओसी न्यायनिर्णयन आदेश का सार प्रकाशित किया जा रहा है।
- महत्वपूर्ण/जटिल ईएसजी क्षेत्रों में नवीनतम अपडेट लाने के लिए ईएसजी कॉर्नर प्रकाशित किया जा रहा है।
- अभिशासन से परे पिछले साल प्रकाशित किया गया था जिसमें सदस्यों ६ पाठकों की सक्रियता बढ़ाने और ज्ञान को रिफ्रेश करने के लिए पेशे से संबंधित नवीनतम केस अध्ययन और क्रॉस वर्ड पहेली का प्रकाशन किया जा रहा है। इस पहल को पूरे भारत में सदस्यों की सराहना और अत्यधिक भागीदारी मिली है।
- हमारे सम्मानित पाठकों की पाठक संख्या और ज्ञान आधार को बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित हस्तियों के साक्षात्कार प्रकाशित किए जाते हैं। इनमें सीएस टीवी सोमनाथन, वित्त सचिव, वित्त मंत्रालयय श्री अनुराग सिंह ठाकुर, पूर्व केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रीय श्री जस्टिस टी.के. ठाकुर, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीशय संस्थान के पूर्व अध्यक्ष, उद्योगपति जो हमारे प्रतिष्ठित संस्थान के सदस्य हैं / थे और विभिन्न बड़े एफएमसीजी और पीएसयू के कंपनी सचिव के साक्षात्कार पत्रिका में प्रकाशित हुए थे, जिन्होंने इन साक्षात्कारों के माध्यम से अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा की।

(ग) चार्टर्ड सेक्रेटरी कलक्टर सीरीज:

चार्टर्ड सेक्रेटरी कलेक्टर सीरीज, चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल के विभिन्न संस्करणों और अंकों में फैले ज्ञान के मोतियों को इकट्ठा करने और उन्हें एक ही प्रकाशन के धागे में पिरोने की दिशा में संस्थान का एक प्रयास है। निम्नलिखित संस्करण आज तक प्रकाशित किए गए हैं:

- चार्टर्ड सेक्रेटरी कलेक्टर सीरीज का पहला संस्करणरू कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर चयनित लेखों का संग्रह।

- चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल कलेक्टर सीरीज का दूसरा संस्करणरू एमएसएमई और स्टार्ट–अप पर चयनित लेखों का संग्रह
- चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल कलेक्टर सीरीज का तीसरा संस्करणरू उत्पीड़न और कुप्रबंधन पर चयनित लेखों का संग्रह

(xvi) रणनीतिक भागीदारी

रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और पेशेवर विकास के अवसरों को बढ़ाने की दृष्टि से, संस्थान ने विभिन्न संगठनों के साथ कई समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निष्पादित समझौता ज्ञापनों की सूची नीचे दी गई है :

क्र.सं.	संगठन	समझौता ज्ञापन के निष्पादन की तिथि
1.	त्वरित निकास प्रसंस्करण (सी–पेस), एमसीए	01 मई, 2023
2.	लेमन ट्री होटल	10 मई, 2023
3.	नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनईडीएफआई), गुवाहाटी	21 जून, 2023
4.	गोवा चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री	27 जुलाई, 2023
5.	गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक–सिटी कंपनी लिमिटेड	04 अगस्त, 2023
6.	एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	01 नवंबर, 2023
7.	प्रूडेन्ट बीमा ब्रोकर्स प्रा. लिमिटेड/मैसर्स फ्यूचर जेनेराली इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	01 नवंबर, 2023
8	महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड	02 नवंबर, 2023
9.	न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	03 नवंबर, 2023
10.	पश्चिम बंगाल एमएसएमई निदेशालय	22 नवंबर, 2023
11.	इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई	01 दिसंबर, 2023
12.	सार्वजनिक उद्यमों की स्थायी सभा (स्कोप)	05 दिसंबर, 2023
13.	अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (ध्थ्ब्।)	10 दिसंबर, 2023
14.	सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लिमिटेड (एसआईईएल)	27 दिसंबर, 2023
15.	बैंक ऑफ बड़ौदा फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड (बीएफएसएल)	02 जनवरी, 2024
16.	ऑनक्वेस्ट लेबोरेटरीज लिमिटेड	18 जनवरी, 2024
17.	राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम)	22 फरवरी, 2024
18.	एक्सर डिजिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	19 मार्च, 2024
19.	एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड	20 मार्च, 2024
20.	बिजनेस नाउ प्राइवेट लिमिटेड	27 मार्च, 2024
21.	केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी), एमसीए	16 अप्रैल, 2024
22.	इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीओएआई)	24 अप्रैल, 2024

(ङ) अभ्यावेदन और सुझाव

(i) अभ्यावेदन

क्र.सं.	अभ्यावेदनों का विवरण	प्राधिकरण	तिथि
1.	विभिन्न राज्यों में अभ्यासरत कंपनी सचिव को एमएसएमई के पेशेवर सलाहकार के रूप में कार्य करने हेतु अधिकृत करने का अनुरोध और विभिन्न राज्यों को पत्र भी भेजे गए (22)	विभिन्न राज्यों में एमएसएमई	03अप्रैल, 2023
2.	केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र में दायर प्रपत्रों के प्रसंस्करण और निपटान में देरीः मुद्दे और चुनौतियां	एमसीए	30 अप्रैल, 2024
3.	सामाजिक लेखा परीक्षकों के पैनल के लिए आईसीएसआई सामाजिक लेखा परीक्षकों के संस्थान (आईसीएसआई– आईएसए) को स्व–नियामक संगठन के रूप में विचार करने और सेबी–आईसीडीआर के अनुसार एनआईएसएम द्वारा जारी	एनआईएसएम	06मई, 2023

क्र.सं.	अभ्यावेदनों का विवरण	प्राधिकरण	तिथि
	कार्यपुस्तिका को संशोधित करने का अनुरोध		
4.	ट्रेडिंग/समाशोधन सदस्यों की आंतरिक लेखापरीक्षा करने के लिए लेखा परीक्षकों के पैनल के लिए कंपनी सचिव के पेशे को मान्यता देने का अनुरोध	एनएसई इंडिया	17 मई, 2023
5.	ई–फॉर्म एजिल–प्रो–एस में ईएसआई/ईपीएफओ पंजीकरण– वैकल्पिकता विकसित करने के लिए अनुरोध	एमसीए	24 मई, 2024
6.	कंपनी लॉ सेटलमेंट स्कीम और एलएलपी सेटलमेंट स्कीम शुरू करने का अनुरोध	एमसीए	07 जुलाई, 2023
7.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 और धारा 149(6)(ii) (ए) में संशोधन के लिए अनुरोध	एमसीए	07 जुलाई, 2023
8	कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ट (भाग प्प और उसका खंड II) 07 जुलाई, 2023	एमसीए	07जुलाई, 2023
9.	सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 45 (3) में अभ्यासरत कंपनी सचिव को शामिल करने का अनुरोध	सेबी	17 जुलाई, 2023
10.	एमसीए –21 पोर्टल पर बनाए गए कई उपयोगकर्ता आईडी को निष्क्रिय करना	एमसीए	21 जुलाई, 2023
11.	एमसीए–21 संस्करण –3 पर शुरू किए गए मास्टर डेटा सेवा (एमडी) के बीटा संस्करण पर सुझाव	एमसीए	29 जुलाई, 2023
12.	एमसीए –21 पोर्टल पर बनाए गए कई उपयोगकर्ता आईडी को निष्क्रिय करना	एमसीए	01 अगस्त, 2023
13.	एमसीए वेबसाइट पर ई–बुक अनुभाग में "सचिवीय मानकों" को होस्ट करने का अनुरोध	एमसीए	08 अगस्त, 2023
14.	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकोंध्भारतीय रिजर्व बैंकधवित्तीय संस्थानों/ सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के निदेशक मण्डल बोर्डों में अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशकों की नियुक्ति के लिए व्यक्तियों की श्रेणी में कंपनी सचिवों को शामिल करने का अनुरोध	एमसीए	17 अगस्त, 2023
15.	एमसीए–21 पोर्टल पर बनाए गए कई उपयोगकर्ता आईडी को निष्क्रिय करना	एमसीए	21 अगस्त, 2023
16.	बहुराज्य सहकारी समिति (संशोधन) नियम, 2023 के नियम 37बी में कंपनी सचिव की योग्यता को शामिल करने का अनुरोध	एमसीए	24 अगस्त, 2023
17.	एसएफसीए नियमों के अंतर्गत मध्यस्थ/सुलहकर्ता के पैनल के पात्रता मानदंडध्योग्यता में कंपनी सचिवों (सीएस) को मान्यता देने का अनुरोध	दायरा	24 अगस्त, 2023
18.	कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सचिवीय लेखा परीक्षक की नियुक्ति और निष्कासन	एमसीए	24 अगस्त, 2023
19.	अनुसार एमसीए –21 वी3 पोर्टल पर हितधारकों के लंबित मुद्दे जो मंत्रालय द्वारा मांगे गए हैं	एमसीए	24 अगस्त, 2023
20.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 138 में आंतरिक लेखापरीक्षा संबंधी प्रस्तावित संशोधन	एमसीए	24 अगस्त, 2023
21.	कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अंतर्गत दायर ई–प्रपत्रों का सरलीकरण	एमसीए	24 अगस्त, 2023
22.	छोटी कंपनियों में अभिशासन को बढ़ावा देने के लिए अनुपालन तंत्र की शुरूआत	एमसीए	24 अगस्त, 2023
23.	कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत केएमपी द्वारा इस्तीफा दाखिल करना	एमसीए	24 अगस्त, 2023
24.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 77 में संशोधन	एमसीए	24 अगस्त, 2023
25.	कंपनी सचिवों को परिवर्तनों का विवरण दर्ज करने की अनुमति देने का अनुरोध	एमसीए	24 अगस्त, 2023
26.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 और धारा 149(6)(ii) (ए) में संशोधन के लिए अनुरोध	एमसीए	24 अगस्त, 2023
27.	वीसी के माध्यम से एजीएम आयोजित करने की सुविधा देने के लिए अनुरोध	एमसीए	11 सितंबर, 2023
28.	डीआईआर–3 केवाईसी फाइल करते समय ओटीपी प्राप्त करने में कठिनाई की सूचना	एमसीए	27 सितंबर, 2023

क्र.सं.	अभ्यावेदनों का विवरण	प्राधिकरण	तिथि
29.	कॉरपोरेट अभिशासन रूपरेखा को मजबूत करने के लिए आईसीएसआई के सुझाव	एमसीए	20 नवंबर, 2023
30.	व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यस्थल स्थिति संहिता, 2020 की धारा 133 (2) (जेड) के साथ पठित धारा 37 के अंतर्गत तृतीय पक्ष लेखापरीक्षा और प्रमाणन के विशेषज्ञ के रूप में पैनल में शामिल होने हेतु कंपनी सचिवों पर विचार करने का अनुरोध	श्रम रोजगार प्रशिक्षण और कौशल विभाग, झारखंड सरकार	22 नवंबर, 2023
31.	निदेशकों के विवरण परिवर्तन से संबंधित डीआईआर–6 में ई–मेल और मोबाइल नंबर भी दाखिल करने का अनुरोध।	एमसीए	24 नवंबर, 2023
32.	सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन मानकों के लिए रूपरेखा और आईसीएसआई सामाजिक लेखा परीक्षक संस्थान को एसआरओ के रूप में मान्यता देने पर विचार करने का अनुरोध	सेबी	03 जनवरी, 2024
33.	बैंकों में विशेषज्ञ अधिकारियों के विभिन्न पदों के प्रयोजन के लिए अन्य व्यावसायिक योग्यताओं के बराबर कंपनी सचिव की योग्यता पर विचार करने का अनुरोध	आईबीए	18 जनवरी, 2024
34.	सेबी द्वारा जारी विभिन्न विनियमों के अंतर्गत विभिन्न मध्यस्थों की अनुपालन लेखापरीक्षा करने के लिए अभ्यासरत कंपनी सचिव को मान्यता देने का अनुरोध	सेबी	18 जनवरी, 2024
35.	मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत आईसीएसआई अंतरराष्ट्रीय एडीआर केंद्र को प्रेरित करने पर विचार करने का अनुरोध	विधायी विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय	15 फरवरी, 2024
36.	केरल लोक उद्यम चयन और भर्ती बोर्ड (केपीईएसआरबी) द्वारा अधिसूचित राज्य सार्वजनिक उपक्रमों में प्रबंध निदेशक के पद हेतु कंपनी सचिव की योग्यता को मान्यता देने का अनुरोध	प्रधान सचिव (उद्योग विभाग), सरकारी सचिवालय, तिरुवनंतपुरम	17 अप्रैल, 2024
37.	सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन मानकों के लिए अद्यतन रूपरेखा प्रस्तुत करने और आईसीएसआई सामाजिक लेखा परीक्षक संस्थान को एसआरओ के रूप में मान्यता देने पर विचार करने का अनुरोध	सेबी	15 मई, 2024
38.	अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (भुगतान सेवाएं) विनियम, 2024 के विनियम 13 (1) के साथ पठित अनुसूची III के अंतर्गत प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अभ्यासरत कंपनी सचिव को अधिकृत करने का अनुरोध	आईएफएससीए	16 मई, 2024
39.	आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं कॉर्पोरेट अभिशासन) विनियम, 2024 पर आईसीएसआई का प्रस्तुतीकरण	आईआरडीएआई	17 मई, 2024

(ii) सुझाव

क्र.सं.	विवरण	प्राधिकरण	तिथि
1.	सूक्ष्म, लघु और मध्यम आरईआईटी (एमएसएम आरईआईटी) के लिए नियामक रूपरेखा संबंधी सेबी परामर्श पत्र पर आईसीएसआई के सुझाव	सेबी	26 मई, 2023
2.	गैर–परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों की सूचीबद्धता निरस्त करने संबंधी सेबी परामर्श पत्र पर आईसीएसआई के सुझाव	सेबी	26 मई, 2023
3.	यूनिटहोल्डर्स के विशेष अधिकार और आरईआईटी एवं इनविट्स में प्रायोजक की भूमिका संबंधी सेबी परामर्श पत्र पर आईसीएसआई के सुझाव	सेबी	29 मई, 2023
4.	सेबी एलओडीआर विनियमों और आईसीडीआर विनियमों के सापेक्ष व्यापार करने में आसानी को सुलभ बनाने पर सुझाव	सेबी	20 नवंबर, 2023
5.	"शास्वत अंदरूनी सूत्रों को लचीलापन प्रदान करने के लिए सेबी (अंदरूनी व्यापार का निषेध) विनियम, 2015 के अंतर्गत 'व्यापारिक योजनाओं' से संबंधित प्रावधानों की समीक्षा" पर परामर्श पत्र	सेबी	14 दिसंबर, 2023
6.	आईआरडीएआई (कॉर्पोरेट अभिशासन) विनियम, 2024 के लिए आईआरडीएआई एक्सपोजर ड्राफ्ट पर आईसीएसआई के सुझाव	आईआरडीएआई	23 फरवरी, 2024
7.	आईएफएससीए (बहीखाता, लेखांकन, कराधान और वित्तीय अपराध अनुपालन सेवाएं) विनियम, 2024 के मसौदे पर आईएफएससीए को प्रस्तुत आईसीएसआई	आईएफएससीए	16 अप्रैल, 2024

क्र.सं.	विवरण	प्राधिकरण	तिथि
	की टिप्पणियां		
8	मसौदा आईएफएससीए (लिस्टिंग) विनियम, 2024 पर आईसीएसआई की टिप्पणियां	आईएफएससीए	25 मई, 2024
9.	भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा विकसित वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट के संशोधित प्रारूप को अपनाने का अनुरोध	सेबी	07 जून, 2023
10.	आईसीएसआई की सदस्यता के सत्यापन के संबंध में पत्र सं. सीजी/टीएमए/2023–24/27 दिनांक 5 मई, 2023 पर आईसीएसआई का उत्तर	पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक	15 मई, 2023 – 15 जून, 2023
11.	आईसीएसआई की सदस्यता के सत्यापन के संबंध में पत्र सं. सीजी/टीएमए/2023–24/27 दिनांक 3 मई, 2023 पर आईसीएसआई का उत्तर	पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक	16जनवरी, 2024
12.	ष्ठैह्र। अधिनियम, 2019 की धारा 3 की उप–धारा (1) के खंड (ब) के अंतर्गत वित्तीय सेवाओं के रूप में कानूनी, अनुपालन और सचिवीय सेवाओं को शामिल करने का अनुरोध	आईएफएससीए	26 फरवरी, 2024
13.	आईसीएसआई की सदस्यता के सत्यापन के संबंध में पत्र सं. सीजी/टीएमए/2023–24/27 दिनांक 3 मई, 2023 पर आईसीएसआई का उत्तर	पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक	09 अप्रैल, 2024
14.	सूचीबद्ध संस्थाओं की सामान्य बैठकों के की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट एवं प्रॉक्सी फॉर्म की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता को समाप्त करने का अनुरोध	सेबी	29 सितंबर, 2023
15.	सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 58(1) के अंतर्गत अपनी गैर–परिवर्तनीय प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करने वाली सूचीबद्ध संस्थाओं की सामान्य बैठकों के की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट एवं प्रॉक्सी फॉर्म की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता को समाप्त करने का अनुरोध	सेबी	03 अक्टूबर, 2023

(अ) कंपनी और एलएलपी नियमों पर सुझाव

एमसीए ने एमसीए द्वारा बनाए गए विभिन्न कानूनों के अंतर्गत निर्धारित सभी नियमों की व्यापक समीक्षा शुरू करने का निर्णय लिया था। तदनुसार, एमसीए वेबसाइट पर ई–परामर्श प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी हितधारकों से ऐसे कानूनों के अंतर्गत जारी नियमों पर टिप्पणियां/सुझाव आमंत्रित किए गए थे। विस्तृत विचार–विमर्श के लिए कुल 100 अभिशासन पेशेवरों वाले 09 समूहों का गठन किया गया और मंत्रालय के ई–परामर्श प्लेटफॉर्म पर अंतिम सुझाव प्रस्तुत किए गए।

(ब) एमसीए–21 वी3 प्रपत्रों पर सुझाव

कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अंतर्गत प्रपत्रों पर एमसीए द्वारा सुझाव मांगे गए थे। सदस्यों से अनुरोध किया गया था कि वे अपने सुझाव साझा करें जो एमसीए –21 वी3 प्लेटफॉर्म के अंतर्गत दाखिल करने के लिए उपलब्ध प्रपत्रों में सुधार में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, एमसीए 21 वी3 के माध्यम से दायर कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत प्रपत्रों पर सुझाव मांगने वाली आभासी बैठकें आयोजित की गईं।

(च) छात्र, शैक्षिक पहल और विकास

(i) छात्र पंजीकरण

(अ) सीएस नियमित कार्यक्रम से

1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक 29,654 छात्र एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम में और 4,659 छात्र प्रोफेशनल प्रोग्राम में पंजीकृत थे। 31 मई 2024 तक नियमित कार्यक्रम में 1,83,951 वैध पंजीकरण वाले छात्र हैं।

(ब) कंपनी सचिव कार्यकारी प्रवेश परीक्षा (सीएसईईटी)

सीएसईईटी कुछ छूट प्राप्त श्रेणियों को छोड़कर एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम में पंजीकरण के लिए सभी श्रेणियों के छात्रों के लिए अनिवार्य योग्यता परीक्षा है। निम्नलिखित श्रेणी के आवेदकों को सीएसईईटी में सम्मिलित होने से छूट दी गई है और वे एक्जीक्यूटिव कार्यक्रम में सीधे प्रवेश ले सकते हैं:

- सभी स्नातक/स्नातकोत्तर, एक्जीक्यूटिव कार्यक्रम में पंजीकरण के समय संस्थान द्वारा समय–समय पर तय छूट शुल्क का भुगतान करने पर

- वे छात्र जिन्होंने सीएसईईटी के कार्यान्वयन से पहले सीएस फाउंडेशन कार्यक्रम उत्तीर्ण किया है, उन्हें छूट शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।

- वे छात्र जिन्होंने आईसीएआई और आईसीएमएआई के अंतिम पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण किया है, उन्हें एक्जीक्यूटिव कार्यक्रम में पंजीकरण के समय संस्थान द्वारा समय–समय पर तय छूट शुल्क का भुगतान करने पर।

कंपनी सचिव (संशोधन) विनियम, 2020 जारी करने के अनुसार, यह राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा साल में चार बार जनवरी, मई, जुलाई और नवंबर में आयोजित की जाती है। 1 अप्रैल, 2024 से 31 मई, 2024 की अवधि के दौरान 31 मार्च, 2024 को कुल 46,744 छात्रों ने सीएसईईटी में पंजीकरण किया था और 10,113 छात्रों ने सीएसईईटी के लिए पंजीकरण किया था।

(ii) छात्र आउटरीच पहल

(अ) कक्षा–कक्ष शिक्षण

आईसीएसआई ने 01 दिसंबर, 2023 से कार्यकारी कार्यक्रम (नया पाठ्यक्रम) और पेशेवर कार्यक्रम (नया पाठ्यक्रम) के छात्रों के लिए मुफ्त ऑनलाइन केंद्रीकृत कक्षाएं शुरू कीं। ये कक्षाएं उन छात्रों के लिए निरूशुल्क आयोजित की जाती हैं, जो जून 2024 परीक्षा सत्र में उपस्थित होने के लिए पात्र हैं। संस्थान देश के विभिन्न हिस्सों में अपने क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं (चैप्टरों) के माध्यम से सभी चरणों के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण कक्षा शिक्षण सुविधाएं प्रदान करता है। अध्ययन केंद्रों के रूप में संस्थान के साथ पैनलबद्ध शैक्षणिक संस्थान भी अपने आसपास के छात्रों को कक्षा में शिक्षण की सुविधा प्रदान करने के लिए पात्र हैं।

(ब) ई–लर्निंग पोर्टल के लिए वीडियो व्याख्यान रिकॉर्डिंग

संस्थान का ई–लर्निंग पोर्टल छात्रों को पाठ्यक्रम व्याख्यान, प्रस्तुतियाँ, परीक्षण आदि जैसी ई–लर्निंग सामग्री का उपयोग करके उन्हें समृद्ध करने के लिए एक इंटरफेस प्रदान करता है। वर्ष के दौरान कार्यकारी और प्रोफेशनल प्रोग्राम के विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ संकायों के बीच से वीडियो व्याख्यान रिकॉर्ड किए गए।

(स) ऑनलाइन संदेह निवारण सत्र

समीक्षाधीन अवधि में संस्थान ने सीएस परीक्षा के प्रत्येक सत्र से पहले कार्यकारी और प्रोफेशनल प्रोग्राम दोनों के छात्रों के लिए ऑनलाइन संदेह निवारण कक्षाएं आयोजित की।

(iii) ई–अकादमिक प्रकोष्ठ

संस्थान के एलएमएस प्लेटफॉर्म को सीएलडीपी, ईडीपी, ईएमएसओपी, ई–शैक्षणिक कार्यक्रम, ओडीओपी, पीडीपी, ऑनलाइन प्री–परीक्षा परीक्षा, ऑनलाइन केंद्रीकृत कक्षा शिक्षण और कंपनी लॉ क्विज के ऑनलाइन मोड के लिए कॉन्फिगर किया गया था।

(iv) युवोत्सव

छात्रों के लिए सबसे बड़ा वार्षिक राष्ट्रीय उत्सव, जिसका नाम 'युवोत्सव–2023' है, स्वामी विवेकानन्द के जन्म समारोह के अवसर पर समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भारतीय पाक शास्त्र संस्थान, पर्यटन मंत्रालय और जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में क्रमशः 11 जनवरी, 2024 से 12 जनवरी, 2024 तक आयोजित किया गया था।

यूवोत्सव–2024 के अंतर्गत 11 जनवरी 2024 को कुल 23 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 04 क्षेत्रीय कार्यालयों एवं संस्थान के 72 शाखाओं (चैप्टरों) की टीमों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 1000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर 12 जनवरी, 2024 को युवा मार्च का आयोजन किया गया, इसके बाद आईसीएसआई गुरुश्रेष्ठ पुरस्कार 2023 के विजेताओं का पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया।

(v) विद्यार्थी माह

जुलाई महीने को संस्थान के छात्रों को बहुभिन्नरूपी गतिविधियों के माध्यम से ग्रूम करने के महीने के रूप में माना जाता है। संस्थान अपने क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं के माध्यम से कैरियर जागरूकता सप्ताह सहित पूरे महीने क्विज प्रतियोगिता, ऑनलाइन मॉक टेस्ट, क्रैश कोर्स, रिवीजन कक्षाएं, विशिष्ट विषयों की कक्षाएं, सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, पावर पॉइंट प्रतियोगिता, जीवन कौशल पर सत्र आदि का आयोजन करता है।

(vi) शिकायत समाधान प्रकोष्ठ

संस्थान केंद्रीय निगरानी प्रणाली के माध्यम से संस्थान के हितधारकों से प्राप्त शिकायतों, सुझावों और प्रश्नों की निगरानी करता है जो संस्थान को समय–समय पर अपनी सेवाओं में सुधार करने में मदद करता है।

(vii) पुरस्कार और छात्रवृत्ति– आईसीएसआई छात्र शिक्षा निधि ट्रस्ट

आर्थिक रूप से पिछड़े और शैक्षिक रूप से मेधावी छात्रों को कंपनी सचिव पाठ्यक्रम पूरा करने को प्रोत्साहित और प्रेरित करने की दृष्टि से, संस्थान द्वारा एक ट्रस्ट, अर्थात "आईसीएसआई छात्र शिक्षा कोष ट्रस्ट" की स्थापना की गई है। ट्रस्ट के दिशानिर्देशों के अंतर्गत, पात्र छात्रों को सीसीईटी पंजीकरण शुल्क, ट्यूशन शुल्क, परीक्षा शुल्क, पूर्व–परीक्षा परीक्षण शुल्क और कार्यकारी एवं पेशेवर कार्यक्रमों में प्रवेश के समय देय अन्य शुल्क सहित पंजीकरण/प्रवेश शुल्क का भुगतान करने से पूरी तरह से छूट दी गई है।

वर्ष के दौरान, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के 98 छात्र और शैक्षिक रूप से मेधावी श्रेणी के 274 छात्र इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हुए हैं। इसका विवरण निम्नानुसार है:

माह	कुल आवेदन	आर्थिक पृष्ठभूमि	अत्यधिक मेधावी	अस्वीकृत आवेदन	लंबित आवेदन	जारी कुल अनुदान (रु)
अप्रैल, 23	25	5	12	6	2	1,51,000
मई 23	37	3	19	3	12	1,37,250
जून, 23	64	8	36	8	12	3,98,000
जुलाई 23	45	12	16	5	12	2,22,000
अगस्त –23	60	10	30	6	14	4,03,500
सितंबर –23	79	10	46	9	14	5,13,000
अक्टूबर–23	65	12	30	10	13	3,70,000
नवंबर–23	36	10	15	8	3	2,35,500
दिसंबर –23	54	5	26	12	11	3,18,500
जनवरी–24	42	11	20	3	8	2,80,000
फरवरी–24	33	8	19	2	4	2,19,000
मार्च–24	16	4	5	5	2	66,750
						3314500

(viii) अकादमिक सहकार्य

संस्थान ने देश भर में शैक्षणिक उत्कृष्टता लाने और अपने सभी छात्रों, सदस्यों और अन्य हितधारकों के समग्र विकास के लक्ष्य के लिए, विभिन्न विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। अकादमिक संपर्क के अंतर्गत संस्थान ने 17 भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) और 11 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों (एनएलयू) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। आज तक, संस्थान ने शैक्षणिक सहयोग के लिए 146 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें से 14 समझौता ज्ञापनों पर समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। जिन संगठनों के साथ संस्थान ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, उनकी सूची इस प्रकार है :

क्र.सं.	क्षेत्र	विश्वविद्यालय का नाम	अवस्थिति (लोकेशन)	समझौता ज्ञापन की तिथि
1	एनआईआरसी	चितकारा विश्वविद्यालय	पंजाब	05 अप्रैल, 2023
2	एसआईआरसी	नालसर विधि विश्वविद्यालय	हैदराबाद	07 मई, 2023
3	एनआईआरसी	जगन्नाथ विश्वविद्यालय	हरियाणा	14 जुलाई, 2023
4	डब्ल्यूआईआरसी	गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय	गांधीनगर	04 अगस्त, 2023
5	डब्ल्यूआईआरसी	मैट्स विश्वविद्यालय (रायपुर) सी.जी.	रायपुर	05 अगस्त, 2023
6	डब्ल्यूआईआरसी	मुंबई विश्वविद्यालय	डब्ल्यूआईआरओ	19 अक्टूबर, 2023
7	डब्ल्यूआईआरसी	मेडिकैप्स विश्वविद्यालय	इंदौर	21 अक्टूबर, 2023
8	डब्ल्यूआईआरसी	ओ पी जिंदल विश्वविद्यालय	रायपुर	03 नवंबर, 2023
9	एनआईआरसी	छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय	कानपुर	01 दिसंबर, 2023

क्र.सं.	क्षेत्र	विश्वविद्यालय का नाम	अवस्थिति (लोकेशन)	समझौता ज्ञापन की तिथि
10	डब्ल्यूआईआरसी	विश्वकर्मा विश्वविद्यालय	पुणे	15 दिसंबर, 2023
11	एसआईआरसी	तेलंगाना महिला विश्वविद्यालय	हैदराबाद	09 जनवरी, 2024
13	एसआईआरसी	काकतीय विश्वविद्यालय	हैदराबाद	12 जनवरी, 2024
12	डब्ल्यूआईआरसी	डी वाई पाटिल कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय	कोल्हापुर	18 जनवरी, 2024
14.	एसआईआरसी	उस्मानिया विश्वविद्यालय	हैदराबाद	30 मार्च, 2024

उन संगठनों की सूची जिनके साथ संस्थान ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान "अध्ययन केंद्र योजना" के अंतर्गत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं:

क्र.सं.	क्षेत्र	स्थान	अध्ययन केंद्र	कॉलेज / विश्वविद्यालय / संस्था	प्रारंभण की तिथि
1	एसआईआरसी	पुत्तूर	आईसीएसआई पुत्तूर अध्ययन केंद्र	सेंट फिलोमेना कॉलेज,	26 मई, 2023
2	डब्ल्यूआईआरसी	गरियाबंद	गरियाबंद अध्ययन केंद्र	सरकारी–वीर सुरेंद्र से पी. जी. कॉलेज	23 जून, 2023
3	ईआईआरसी	नागरबेरा	आईसीएसआई नागरबेरा अध्ययन केंद्र	बिमला प्रसाद चालीहा कॉलेज	23 अगस्त, 2023
4	एसआईआरसी	कोट्टक्कल	आईसीएसआई कोट्टक्कल अध्ययन केंद्र	फारूक आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज	05 सितंबर, 2023
5	डब्ल्यूआईआरसी	केशोद	आईसीएसआई केशोड अध्ययन केंद्र	स्काइब्राइट एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड	31 अक्टूबर, 2023
6	डब्ल्यूआईआरसी	बदलापुर	आईसीएसआई बदलापुर अध्ययन केंद्र	भारत फ्रेंड्स एसोसिएशन एस भारत कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स	31 अक्टूबर, 2023
7	डब्ल्यूआईआरसी	जालना –1	आईसीएसआई जालना–1 अध्ययन केंद्र	मोरेश्वर आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज	11 दिसंबर, 2023
8	डब्ल्यूआईआरसी	सोयागांव	आईसीएसआई सोयागांव अध्ययन केंद्र	कला, वाणिज्य और विज्ञान आवासीय कॉलेज	11 दिसंबर, 2023
9	डब्ल्यूआईआरसी	नेसरी	आईसीएसआई नेसरी अध्ययन केंद्र	टी के कोलेकर कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स	21 दिसंबर, 2023

(ix) अकादमिक पहलें

(क) पाठ्यक्रम 2022 के अंतर्गत अध्ययन सामग्री का विकास

वित्तीय, आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी, कानूनी और नियामक क्षेत्रों में विकास को ध्यान में रखते हुए, संस्थान हितधारकों जैसे छात्रों, उद्योग, नियामकों और अन्य हितधारकों की अपेक्षाओं के अनुरूप अध्ययन सामग्री विकसित करता है। आईसीएसआई की अच्छी तरह से तैयार की गई अध्ययन सामग्री को प्रत्येक संबंधित पेपर के संरूप तैयार किया गया है। इसमें कानूनों और विनियमों में नवीनतम संशोधनों को प्रतिबिंबित कते हुए नियमित रूप से अपडेट किया जाता है ताकि प्रासंगिकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हुए किया जा रहा है।

आईसीएसआई अध्ययन सामग्री को वृहद शैक्षिक अनुभव प्रदान करने हेतु डिजाइन किया गया है। इस उन्नत पाठ्यक्रम की भाषा सरलीकृत होती है। संस्थान द्वारा प्रदान की जाने वाली सामग्री की विशेषता है– इसकी सटीकता, तार्किक अनुक्रमण, स्पष्ट, संरचित प्रस्तुति और जहां भी आवश्यक हो, फ्लो चार्ट/आरेख के माध्यम से कानून और प्रक्रिया की प्रस्तुति। इसमें प्रस्तुत विषय से संबंधित प्रमुख अवधारणाएं, व्यावहारिक पहलू भी आकृतियों में दिये होते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों एवं नियामक पहलुओं पर सर्वोत्तम कॉर्पोरेट पद्धतियों के साथ संरेखण होते हैं तथा प्रत्येक पाठ में संदर्भ पुस्तकों/वेबसाइटों, केस स्टडी आधारित स्व–परीक्षण प्रश्न आदि का भी समावेश किया जाता है। जिससे छात्रों को जटिल विषयों को समझने और उनके शैक्षणिक/पेशेवर कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

पेशेवर कार्यक्रम के लिए अद्यतन अध्ययन सामग्री जिसमें चौदह पत्र समाहित हैं, को गोवा में 27–28 जुलाई, 2023 को आयोजित कॉर्पोरेट सीएस राष्ट्रीय सम्मेलन में लॉन्च किया गया था। सीएसईईटी गाइड को कंपनी सचिवों के 24वें राष्ट्रीय सम्मेलन में 16–17 जून, 2023 के दौरान विशाखापट्टनम में लॉन्च किया गया था। पाठ्यक्रम 2022 के अंतर्गत कार्यकारी कार्यक्रम के लिए अद्यतन अध्ययन सामग्री 18–20 फरवरी, 2024 को आयोजित छठे नेतृत्व शिखर सम्मेलन में लॉन्च की गई थी। अप्रैल 2024 तक अपडेट की गई सीएसईईटी संदर्भ पठन सामग्री के साथ–साथ सीएसईईटी गाइड । और ।। को आईसीएसआई वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

ख. सूचना कैप्सूल

संस्थान सदस्यों के लिए ज्ञान से भरपूर इनपुट वाले संरचित शीर्षक 'इन्फो कैप्सूल' में दैनिक अपडेट जारी करता रहता है। इन्फो कैप्सूल संस्थान में नवीनतम घटनाओं सहित कई विभिन्न क्षेत्रों पर केंद्रित है जैसेय एमसीए, सेबी और अन्य नियामकों से महत्वपूर्ण नियामक परिपत्र, पुनर्गठन और बैंकरप्सी से संबंधित समाचारय मूल्यांकनय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण एनसीएलटी और राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी और अन्य न्यायिक घोषणाओं से नियामक निष्कर्षय मार्केट वॉच, कॉरपोरेट गवर्नेंस में विकास आदि। संस्थान ने अब तक सत्रह 17 इन्फो कैप्सूल श्रृंखला निकाली है जो संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

ग. ई–पत्रिकाएं/अपडेट

संस्थान द्वारा मासिक आधार पर निम्नलिखित ई–पत्रिकाएं/संदेश जारी किए जाते हैं :

- छात्र कंपनी सचिव
- सीएसईईटी संचार
- विषयवार मासिक अपडेट

(घ) एनआईएसएम के सहयोग से कॉर्पोरेट और प्रतिभूति बाजार अनुपालन–कार्यकारी (सीएसएमसी–कार्यकारी) का शुभारंभ

संस्थान ने राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान के सहयोग से अनुपालन पेशेवरों का कैडर बनाने के उद्देश्य से कॉर्पोरेट और प्रतिभूति बाजार अनुपालन– कार्यकारी (सीएसएमसी–कार्यकारी) शुरू किया। सीएस कार्यकारी कार्यक्रम के लिए नामांकित कोई भी छात्र और सीएसईईटी माध्यम से नामांकित छात्र उक्त पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

(ङ) अन्य पहलें

(1) भारतीय सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, अग्निवीरों और बलिदानियों के परिवारों को छूट/रियायत योजना

संस्थान ने भारत सरकार की विभिन्न पहलों के अनुरूप भारतीय सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, अग्निवीर कर्मियों और बलिदानियों के परिवारों को छूट/ रियायत योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित श्रेणियों को सीएस कार्यकारी कार्यक्रम में पंजीकरण के समय देय शुल्क से 100% रियायत दी जाती है। जबकि प्रशिक्षण के अन्य सभी शुल्क उनकी संबंधित श्रेणी के अनुसार पूर्ण रूप से लागू होते हैरू

- भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना और सभी अर्धसैनिक बलों के बलिदानियों (जो सेवा के दौरान या तो युद्ध में हताहत होने या किसी अन्य कारण से वीरगति को प्राप्त हुए हैं) के वार्ड और विधवाएँ।

- भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना और सभी अर्धसैनिक बलों (जिनमें शॉर्ट सर्विस कमीशन के अंतर्गत सेवानिवृत्ति लेने वाले रक्षा कर्मी भी शामिल हैं) के सेवारत/सेवानिवृत्त कर्मी।

- भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना और सभी अर्धसैनिक बलों (जिनमें शॉर्ट सर्विस कमीशन के अंतर्गत सेवानिवृत्ति लेने वाले रक्षा कर्मी भी शामिल हैं) के सभी कर्मियों के वार्ड।

- वे अभ्यर्थी जो भारत सरकार की अग्निपथ योजना के अंतर्गत "अग्निवीर" के रूप में भर्ती हुए और चार साल पूरे करने के बाद (इसके लिए दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने पर) आवेदन करते हैं।

(2) आईसीएसआई गुरु श्रेष्ठ पुरस्कार

देश में बेहतरीन शिक्षकों के अपार योगदान को पुरस्कृत करने एवं उसका उत्सव मनाने और उन प्रोफेसरों/संकायों को सम्मानित करने के लिए, जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है, बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है, उन्हें संस्थान "आईसीएसआई गुरुश्रेष्ठ पुरस्कार" प्रदान करता है। जूरी के प्रतिष्ठित पैनल के सदयों प्रो. आर. नागराजन, निदेशक, आईआईएम अमृतसरय डॉ. भीमाराय मेट्री, निदेशक, आईआईएम नागपुरय प्रो. (डॉ.) जी.एस. बाजपेई, कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्लीय प्रो. अखिलेश कुमार पांडेय, कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैनय सीएस आशीष गर्ग, पूर्व अध्यक्ष, आईसीएसआई और प्रो. हिमांशु राय, निदेशक, आईआईएम इंदौर ने प्रोफेसर नागेश्वर राव, कुलपति, इग्नू की अध्यक्षता में नामांकन का मूल्यांकन किया और पुरस्कार विजेताओं का चुना।

आईसीएसआई गुरुश्रेष्ठ पुरस्कार 2023 के विजेता इस प्रकार हैं:

नाम	विश्वविद्यालय	स्थिति	श्रेणी
प्रोफेसर (श्रीमती) वाणी निखिल लातूरकर	एसआरटीएम (स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा) विश्वविद्यालय	विजेता	वाणिज्य
प्रोफेसर (डॉ.) पी चेलासामी	भरतियार विश्वविद्यालय	रनर–अप	वाणिज्य
प्रोफेसर (डॉ.) फयाज अहमद निका	कश्मीर केन्द्रीय विश्वविद्यालय	विजेता	प्रबंध

(ग) सीएस ओलंपियाड

संस्थान ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन एसओएफ) के सहयोग से पूरे भारत के स्कूलों में शैक्षणिक वर्ष 2023–24 के दौरान कक्षा 11 और 12 के छात्रों के लिए वाणिज्य ओलंपियाड आयोजित किया। यह ओलंपियाड 12 दिसंबर, 2023 और 18 जनवरी, 2024 को आयोजित किया गया था। इसके अलावा, संस्थान ने इंटरनेशनल ओलंपियाड फाउंडेशन (आईओएफ) के साथ मिलकर भारत भर के स्कूलों में शैक्षणिक वर्ष 2023–24 के दौरान कक्षा 11 और 12 के छात्रों के लिए आईसीएसआई कॉमर्स ओलंपियाड का आयोजन किया। यह ओलंपियाड 17 दिसंबर, 2023 को आयोजित किया गया था। संस्थान द्वारा मैसर्स हमिंग बर्ड एजुकेशन लिमिटेड के सहयोग से शैक्षणिक वर्ष 2023–24 के दौरान पूरे भारत के स्कूलों में कक्षा 11 और 12 के छात्रों के लिए कॉमर्स ओलंपियाड का आयोजन 14 दिसंबर, 2023 और 6 जनवरी, 2024 को किया गया था।

(घ) राष्ट्रीय संविधान दिवस प्रश्नोत्तरी

विधि कार्य विभाग, भारत सरकार की पहल के अनुरूप, संस्थान ने 26 नवंबर, 2023 को संविधान दिवस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मनाई।

(ङ) समसामयिकी एवं सामान्य ज्ञान पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी

संस्थान ने "समसामयिकी एवं सामान्य ज्ञान पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी–2023" नाम से एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी आयोजित की। यह प्रश्नोत्तरी कक्षा 11 और 12 के छात्रों के साथ–साथ उन छात्रों के लिए थी जिन्होंने कक्षा 12 उत्तीर्ण की है या देश भर में किसी भी विधा में स्नातक की पढ़ाई की है। इसमें सामान्य ज्ञान, समसामयिकी विषय और संस्थान एवं सीएस पाठ्यक्रम के बारे में बुनियादी ज्ञान पर प्रश्न पूछे गए । इसका प्रारंभिक दौर 29 सितंबर, 2023 को आयोजित किया गया था, सेमी फाइनल 13 अक्टूबर, 2023 को और फाइनल दौर 24 नवंबर, 2023 को आयोजित किया गया था।

(च) ऑनलाइन केंद्रीकृत कक्षाओं के संकाय के साथ इंटरैक्टिव सत्र

संस्थान ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं में कक्षा शिक्षण संकाय के योगदान को स्वीकार करने हेतु एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया और गुणात्मक शिक्षण प्रदान करने एवं अखिल भारतीय आधार पर शिक्षण गुणवत्ता की एकरूपता बनाए रखने के बारे में उनके सुझाव मांगे।

(छ) शिक्षक संवादात्मक बैठक

कंपनी सचिवों के पाठ्यक्रम और पेशे के बारे में निरंतर संवाद, मजबूत नेटवर्क और प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से, संस्थान ने षशिक्षक सम्मेलनष शीर्षक के अंतर्गत स्कूलध्कॉलेज शिक्षकों की एक इंटरैक्टिव बैठक आयोजित की। इस वर्ष, विश्वविद्यालय के शिक्षकों को शामिल करके बैठक का दायरा बढ़ाया गया। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, शिक्षकों के लिए विभिन्न स्थानों पर 83 सम्मेलन आयोजित किए गए और देश भर से 3502 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया।

(ज) निवेशक संरक्षण निधि (आईपीएफ) पर प्रश्नोत्तरी

संस्थान और बीएसई ने संयुक्त रूप से 11 अक्टूबर, 2023 को समीक्षाधीन वर्ष के दौरान छात्रों के लिए निवेशक संरक्षण कोष पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की।

(झ) अखिल भारतीय कंपनी कानून प्रश्नोत्तरी

कंपनी कानून और संबद्ध क्षेत्रों में छात्रों की दृश्यता, ज्ञान के स्तर एवं समझ को बढ़ाने और अधिक वैचारिक स्पष्टता सहित विषय के गहन अध्ययन हेतु छात्रों के बीच रुचि पैदा करने के लिए अखिल भारतीय कंपनी कानून प्रश्नोत्तरी 2023 का आयोजन किया गया था। आयोजन का अंतिम दौर 16 सितंबर, 2023 को आयोजित किया गया था।

(ञ) अखिल भारतीय वाद–विवाद प्रतियोगिता

संस्थान ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान छात्रों के लिए 22वीं अखिल भारतीय वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का राष्ट्रीय दौर 25 नवंबर, 2023 को आईसीएसआई–एसआईआरसी हाउस, नुंगमबक्कम, चेन्नई में आयोजित किया गया था।

(ट) अखिल भारतीय निबंध लेखन प्रतियोगिता

छात्रों के लेखन कौशल को बढ़ाने के लिए, संस्थान अखिल भारतीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करता है, जिसमें छात्र प्रासंगिक विषयों पर निबंध लिखते हैं और उसे मेजबान क्षेत्र में मूल्यांकन के लिए जमा करते हैं। संस्थान के कार्यकारी और प्रोफेशनल प्रोग्राम के छात्रों के लिए 23वीं अखिल भारतीय निबंध लेखन प्रतियोगिता 18 सितंबर, 2023 को आईसीएसआई के ईआईआरसी द्वारा आयोजित की गई थी।

(ठ) उच्च शिक्षा विभाग, गोवा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

संस्थान ने 27 जुलाई, 2023 को उच्चतर शिक्षा विभाग, गोवा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य उच्चतर शिक्षा विभाग, गोवा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्कूलों के कक्षा 11 और 12 के छात्रों को सीएस पेशे के बारे में संवेदनशीलध्जागरूक बनाने के लिए गहन सीएपी कार्यक्रम आयोजित करना था। सीएपी में क्षेत्रीय कार्यालयध्शाखा (चैप्टरों) के माध्यम से विशेष विषयों पर अल्पकालिक प्रशिक्षण और कार्यक्रम भी कवर किए जाते हैं।

(ड) कैरियर जागरूकता

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी सेक्रेटरीशिप कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को आकर्षित करने के उद्देश्य से शहरों और कस्बों पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश भर में लगभग 1530 कैरियर जागरूकता कार्यक्रम सीएपी) आयोजित किए गए। संस्थान ने पूरे भारत में 108 से अधिक कैरियर मेलों/प्रदर्शनियों में भी भाग लिया। कंपनी सेक्रेटरीशिप कोर्स को लोकप्रिय बनाने और देश के दूरदराज/ग्रामीण क्षेत्रों से नई प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए, उन क्षेत्रों में सीएपी आयोजित करने पर अधिक ध्यान दिया गया है।

संस्थान सीएस पेशे के बारे में छात्रों, माता–पिता और शिक्षकों को संवेदनशील/जागरूक बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय के समर्थन के माध्यम से देश के विभिन्न आर्मी पब्लिक स्कूलों में व्यापक कैरियर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

(ढ) छात्रों के बीच व्यक्तिगत सामाजिक उत्तरदायित्व बनाने की पहल

संस्थान ने छात्रों के साथ अपने घरों में या अपने पड़ोस में पेड़/पौधे लगाकर वन महोत्सव मनाया ताकि अन्य लोगों को भी सामाजिक कार्य के लिए प्रेरित किया जा सके। संस्थान के सदस्यों एवं छात्रों का समर्थन करने के लिए, संस्थान ने रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जिसमें सीएस समुदाय से सक्रिय भागीदारी प्राप्त हुई।

(ण) त्वरित प्रतिक्रिया और संकल्प टीम

छात्रों की पूछताछ और शिकायतों को समयबद्ध तरीके से संबोधित करने के लिए फरवरी, 2024 में त्वरित प्रतिक्रिया और समाधान टीम (क्यूआरटी) की स्थापना की गई थी। क्यूआरटी के पास परिष्कृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) है जिसमें अद्वितीय टिकट संख्या, टिकट दिनांक, छात्र का नाम और पंजीकरण संख्या, संबन्धित क्षेत्र, प्रदत्त समाधान और समाधान तिथि जैसी जानकारी होती है।

(त) कार्यकारी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले स्नातकों को 50% अंकों के मानदंड की छूट

संस्थान ने व्यावसायिक शिक्षा की पहुंच को व्यापक बनाने के महत्वपूर्ण कदम के रूप में, कार्यकारी कार्यक्रम में प्रवेश में स्नातकों को 50ः अंक मानदंड की छूट दी है। यह प्रगतिशील कदम समावेशिता को बढ़ावा देने और इच्छुक पेशेवरों के लिए अवसरों के विस्तार के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता में है। किसी स्नातक को कार्यकारी कार्यक्रम में नामांकन की अनुमति देकर, संस्थान अभ्यर्थियों की अधिक विविध श्रृंखला को प्रोत्साहित कर रहा है ताकि कॉर्पोरेट अभिशासन और अनुपालन में करियर बनाया जा सके, जिससे भारत में कुशल कार्यबल के विकास और वृद्धि में योगदान दिया जा सके।

(थ) अंतिम वर्ष के छात्रों का अनंतिम पंजीकरण

संस्थान ने अकादमिक शिक्षा से व्यावसायिक अर्हता/योग्यता की ओर जाने के मार्ग को सुव्यवस्थित करने के प्रयास में एक ऐसा प्रावधान प्रस्तुत किया है जो स्नातक के अंतिम वर्ष या अंतिम सेमेस्टर के छात्रों को उनके अंतिम वर्ष/अंतिम सेमेस्टर परीक्षा प्रवेश पत्र प्रस्तुत करने पर कार्यकारी कार्यक्रम में अनंतिम रूप से पंजीकरण करने की अनुमति देता है। कार्यकारी कार्यक्रम के लिए अनंतिम रूप से पंजीकृत ऐसे छात्रों को कार्यकारी कार्यक्रम परीक्षा में नामांकन के लिए उनके अनंतिम पंजीकरण की दिनांक से पंजीकृत छात्र के रूप में माना जाएगा, बशर्ते वे आवश्यक दस्तावेज जमा करे।

(छ) वार्षिक कार्यक्रम

(i) कंपनी सचिवों का 24वां राष्ट्रीय सम्मेलन

कंपनी सचिव : सीमाओं से परे कदम विषय पर विशाखापट्टनम में 16–17 जून, 2023 के दौरान कंपनी सचिवों का 24वां राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि श्री गुडिवाडा अमरनाथ, माननीय उद्योग, अवसंरचना, निवेश और वाणिज्य, सूचना प्रौद्योगिकी, हथकरघा और वस्त्र, आंध्र प्रदेश सरकार के मंत्री ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।

(ii) पीसीएस दिवस समारोह

संस्थान प्रत्येक वर्ष 15 जून को पेशे के विकास में अपने पहले महत्वपूर्ण योगदान के उपलक्ष्य में पीसीएस दिवस मनाता है, जब कंपनी सचिवों को पूर्ववर्ती कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत वार्षिक रिटर्न को प्रमाणित करने के लिए मान्यता दी गई थी। वर्ष 2023 के

दौरान अपने क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं के माध्यम से पूरे भारत में यह दिन मनाया गया था । सदस्य कंपनी सचिव: सीमाओं से परे कदम विषय पर आयोजित पैनल चर्चा, सेमिनार, अध्ययन मंडल वार्ता, कार्यशालाओं आदि के माध्यम से लगे हुए थे।

(iii) जीएसटी दिवस 2023

जीएसटी दिवस प्रति वर्ष 1 जुलाई को माल और सेवा कर व्यवस्था के कार्यान्वयन के समारोह स्वरूप मनाया जाता है। संस्थान सरकार की पहलों के साथ मिलकर प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को माल और सेवा कर के महत्व का प्रचार करता है। तदनुसार, जीएसटी दिवस 01 जुलाई, 2023 को संस्थान के क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं (चैप्टरों) में मनाया गया, जहां सदस्यों को जीएसटी से संबंधित विषयों पर पैनल चर्चा, संगोष्ठियों, अध्ययन मंडल बैठकों, वेबिनार आदि के माध्यम से संवेदनशील बनाया गया।

(iv) कॉर्पोरेट सीएस का चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन

संस्थान ने 27–28 जुलाई, 2023 के दौरान बोगमल्लो बीच रिजॉर्ट, गोवा में कॉरपोरेट सीएस के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जिसका विषय था– गवर्नेंस फॉर सस्टेनेबिलिटीरू क्यूरेटिंग एक्सीलेंस। श्री जसपाल सिंह, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक, गोवा मुख्य अतिथि थे और श्री श्रीनिवास वी. डेम्पओ, अध्यक्ष, डेम्पो ग्रुप ऑफ कंपनीज ने उद्घाटन सत्र में प्रमुख नोट स्पीकर के रूप में अध्यक्षता की। उद्योग और पेशे के प्रख्यात वक्ताओं ने तकनीकी सत्रों के दौरान प्रतिनिधियों के साथ अपने ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव साझा किए। सम्मेलन में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित और वर्चुअल रूप से जुड़े लगभग 2600 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

(v) निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण का 7वां स्थापना दिवस

निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ) प्राधिकरण ने 05 सितंबर, 2023 को आईसीएसआई और नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के सहयोग से डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में अपने 7वें स्थापना दिवस का आयोजन किया, जिसका विषय था घोटालों के मनोविज्ञान को समझना: धोखाधड़ी से कैसे बचें। डॉ. मनोज गोविल, अध्यक्ष, आईईपीएफ प्राधिकरण और सचिव, एमसीएय सुश्री अनीता शाह अकेला, सीईओ, आईईपीएफ प्राधिकरण और संयुक्त सचिव, एमसीएय सीएस धनंजय शुक्ला, परिषद सदस्य, आईसीएसआईय लेफ्टिनेंट कर्नल सुमित एम. राणे, जीएम, आईईपीएफ प्राधिकरण और लेफ्टिनेंट कर्नल तुषार आनंद, जीएम, आईईपीएफ प्राधिकरण ने उद्घाटन सत्र में भाग लिया।

(vi) आईसीएसआई का 55वां स्थापना दिवस

संस्थान ने 04 अक्टूबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में भारत की माननीया राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, और माननीया वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में अपना 55वां स्थापना दिवस मनाया।

इस कार्यक्रम में श्री मनोज गोविल, सचिव, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, और प्रतिष्ठित नारी शक्ति पुरस्कार विजेता बीके शिवानी भी उपस्थित रहीं। बीके शिवानी के विशेष सत्र को संस्थान के आदर्श वाक्य "सत्यम वदा धर्म चर" के साथ जोड़ा गया था और संस्थान द्वारा अपने सभी सदस्यों में स्थापित मूल्यों को सामने लाया गया था। संस्थान ने बलिदानियों की बेटियों की शिक्षा के लिए योगदान के रूप में 11 लाख रुपये का चेक माननीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री को सौंपा।

(vii) कंपनी सचिवों का 51वां राष्ट्रीय सम्मेलन

कंपनी सचिवों के 51वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 02–04 नवंबर, 2023 को वाराणसी में किया गया था। इसका विषय "india@G20" अभिशासन एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से संधारणीय भविष्य को सशक्त बनाना" था। श्री जगदीप धनखर, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति ने उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पधारेय श्रीमती आनंदीबेन पटेल, माननीया राज्यपाल, उत्तर प्रदेश ने सम्मेलन में सम्मानित अतिथि के रूप में और डॉ. मनोज गोविल, सचिव, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया।

(viii) विकसित भारत विषय पर एनएफसीजी गोलमेज

आईसीएसआई ने 14 मार्च, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित "विकसित भारतः कॉर्पोरेट अभिशासन की भूमिका" विषय पर राष्ट्रीय कॉर्पोरेट अभिशासन फाउंडेशन (एनएफसीजी) के गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया, जिसमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कॉर्पोरेट अभिशासन की अनिवार्यताओं पर विचार– विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के सचिव डॉ. मनोज गोविल मुख्य अतिथि थे।

(ix) द्वितीय राष्ट्रीय महिला सम्मेलन

संस्थान ने 22–23 मार्च, 2024 को ग्रैंड बैंगलोर होटल, बेंगलुरु, कर्नाटक में "इंस्पायर वुमन लीडरशिप– एक्सीलरेट प्रोग्रेस" विषय पर दूसरा राष्ट्रीय महिला सम्मेलन आयोजित किया, जिसका उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक क्षेत्रों में महिलाओं के उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करना था। सम्मेलन का उद्घाटन एचडीएफसी लाइफ की प्रबंध निदेशक और सीईओ श्रीमती विभा पडलकर ने किया।

(x) पूंजी बाजार सप्ताह, 2024

यह संस्थान पूंजी बाजारों में सुशासन को बढ़ावा देने के अपने चल रहे प्रयासों के भाग के रूप में पूंजी बाजार सप्ताह मना रहा है। इस वर्ष पूंजी बाजार सप्ताह–2024 पूरे भारत में 28 जून, 2024 से 04 जुलाई, 2024 तक 'विकसित भारतरू पूंजी बाजारों के माध्यम से आर्थिक गति' विषय पर मनाया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव के दौरान, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और नई दिल्ली में

मेगा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विभिन्न वित्तीय क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अलावा, पूंजी बाजार सप्ताह, 2024 के हिस्से के रूप में आईएफएससीए के लिए अलग से एक मेगा कार्यक्रम गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात में आयोजित किया गया था। इसके अलावा, विभिन्न शहरों में संस्थान की शाखाओं द्वारा पैनल चर्चा, व्याख्यान, नियामक निकायों और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ इंटरैक्टिव सत्र और निवेशक जागरूकता कार्यक्रम जैसी कई आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

पूंजी बाजार सप्ताह–2024 का मेगा उद्घाटन कार्यक्रम 28 जून, 2024 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, मुंबई में मनाया गया। श्री अमरजीत सिंह, पूर्णकालिक सदस्य, सेबी मुख्य अतिथि थे और श्री अंकित शर्मा, क्रो–लिस्टिंग और निवेशक अनुपालन, एनएसई मुंबई में उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि थे। श्री हर्ष मल्होत्रा, माननीय कॉर्पोरेट कार्य और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री, भारत सरकार नई दिल्ली मेगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। श्री के राजारमन, अध्यक्ष, आईएफएससीए गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात में आयोजित मेगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे।

(xi) आईसीएलएस प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम

संस्थान ने आईसीएसआई मुख्यालय, नई दिल्ली में 2021 बैच (12 वीं पीसीपी) और 2022 बैच (13वीं पीसीपी) के भारतीय कॉर्पोरेट कानून सेवा (आईसीएलएस) प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन क्रमशः 25 अगस्त, 2023 और 26 अप्रैल, 2024 को किया।

(xii) मुंबई में सेबी के अधिकारियों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान ने एनआईएसएम टेस्ट सेंटर, बीकेसी, मुंबई में 10–11 अक्टूबर, 2023 को सेबी के अधिकारियों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक आदि सहित लगभग 35 सेबी अधिकारियों ने भाग लिया। विभिन्न सत्रों के संकाय–सीएस सावित्री पारेख, सीएस और अनुपालन अधिकारी, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेडय सीएस अमिता देसाई, पीसी और इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनलय सीएस नारायण शंकर, वीपी एंड सीएस, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेडय सीएस कालिदास रामास्वामी, पीसीय सीएस शैलाश्री भास्कर, पीसीय सीएस बी। रेंगनाथन, स्वतंत्र कॉर्पोरेट सलाहकारय सीएस मकर और जोशी, पीसीय सीएस राजेंद्र चोपड़ा, सीएस, सिप्ला लिमिटेडय और सीएस नितिन सोमानी, निदेशक और संस्थापक, सुंडे कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड।

(xiii) आईएफएससीए अधिकारियों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 पर आईसीएसआई प्रशिक्षण कार्यक्रम

संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण, गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात में 24–26 अप्रैल, 2024 के दौरान आईएफएससीए के अधिकारियों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, सहायक आरओसी और एनएसई IX के अधिकारियों सहित लगभग 60 आईएफएससीए अधिकारियों ने भाग लिया।

(ज) ईएसजी पहलें

संस्थान ने रणनीतिक पहलों की श्रृंखला के माध्यम से पर्यावरणीय, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इन प्रयासों को कॉर्पोरेट अभिशासन में संधारणीयता को एकीकृत करने, ईएसजी पद्धतियों पर राष्ट्रव्यापी संवाद को प्रोत्साहित करने और हमारे सदस्यों और हितधारकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित किया गया है। संस्थान मूल्यवान संसाधन प्रदान करके और सहयोग के लिए मंच प्रदान कर पेशेवरों को मजबूत अभिशासन मानकों के माध्यम से सकारात्मक सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव संचालित करने में अग्रणी बनने के लिए सशक्त बना रहा है। संस्थान द्वारा की गई प्रमुख पहलों का उल्लेख नीचे किया गया है:

(i) ईएसजी और संधारणीयता बोर्ड (ईएसजीएसबी)

ईएसजीएसबी का गठन ईएसजी और संधारणीयता क्षेत्र में उभरते रुझानों और वैश्विक विकास पर ध्यान केंद्रित करने, संधारणीयता सिद्धांतों के क्षेत्रों की पहचान करने, कंपनी सचिवों के माध्यम से कॉर्पोरेट्स द्वारा संधारणीयता उपाय आत्मसाद करने को प्रोत्साहित करने, संधारणीयता क्षेत्र में सीएस पेशेवरों के लिए अवसरों की पहचान करने और विकास करने, संधारणीयता उपायों के उचित कार्यान्वयन एवं प्रबंध को संवर्धित करने के लिए पेशेवर बिरादरी और अन्य हितधारकों के ज्ञान को बढ़ाने के उपाय करने आदि के लिए किया गया है।

(ii) राष्ट्रव्यापी ईएसजी कॉन्क्लेव

संस्थान ने हमेशा हितधारकों के बीच अच्छे कॉर्पोरेट शासन, पर्यावरणीय संधारणीयता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा दिया है। ईएसजी के विभिन्न पहलुओं पर पेशेवरों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए, संस्थान ने मई 2024 के माह के दौरान अपने क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं (चैप्टरों) के माध्यम से राष्ट्रव्यापी ईएसजी कॉन्क्लेव का आयोजन किया। ईएसजी कॉन्क्लेव का विषय "ईएसजी–इमार्जिग मेनडेट्स एंड ऑपरचूनीटिस" निर्धारित किया गया था। इस पहल को पेशेवरों एवं अन्य हितधारकों से भारी प्रतिक्रिया मिली है।

(iii) ईएसजी कॉर्नर और ईएसजी जागरूकता श्रृंखला

पेशेवरों को संधारणीयता भविष्य हेतु ईएसजी को अपनाने के विषय पर संवेदनशील बनाने की दृष्टि से, संस्थान ने निम्नलिखित पहल शुरू की है:

(अ) चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल में ईएसजी कोना शीर्षक वाला एक अलग खंड जिसमें ईएसजी पर नवीनतम समाचार, जानकारी और अपडेट शामिल हैं।

(ब) "ईएसजी जागरूकता श्रृंखला", आईसीएसआई का साप्ताहिक पत्र, जिसमें ईएसजी पद्धतियों के प्रति पेशेवरों में रुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से एक अद्वितीय ईएसजी परिसभाषिक शब्द के साथ आशाजनक ईएसजी पद्धतियों का समावेश होता है। इस पहल के माध्यम से, सदस्यों को ईएसजी में सर्वोत्तम पद्धतियों और ईएसजी डोमेन में अपने संबंधित संगठनों की सफलता की कहानियों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो उद्योग को समान पद्धतियों को अपनाने के लिए बढ़ावा दे सकता है।

(झ) अंतरराष्ट्रीय फुटप्रिंट, ब्रांड एन्हांसमेंट और मीडिया विजिबिलिटी

(i) अंतरराष्ट्रीय पहचान

(क) आईसीएसआई द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

लंदन, यूनाइटेड किंगडम में आईसीएसआई ओवरसीज सेंटर का दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन	
दिनांक	11–12 मई, 2023
थीम	समरूप, समावेशी और संधारणीय भविष्य के लिए वैश्विक अभिशासन को सशक्त करना
मुख्य अतिथि	द राइट ऑनरेबाल बैरोनेस (डॉ.) संदीप वर्मा, हाउस ऑफ लॉर्ड्स, यूनाइटेड किंगडम के सदस्य
सम्मानित अतिथि	श्री सुजीत घोष, डिप्टी हाई कमिश्नर ऑफ इंडिया, यूनाइटेड किंगडम
साझेदार	चार्टर्ड इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटीज एंड इन्वेस्टमेंट (सीआईएसआई)
	अंतरराष्ट्रीय कॉर्पोरेट अभिशासन नेटवर्क (आईसीजीएन)
	निदेशक संस्थान (आईओडी)
	अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन मानक परिषद (आईवीएससी)
	इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया

आईसीएसआई कॉर्पोरेट कर सम्मेलन, दुबई, यूएई	
तिथि	03 जून, 2023
थीम	पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में नया प्रतिमान
मुख्य अतिथि	श्री के. कालीमुथु, कंसोल (आर्थिक, व्यापार और वाणिज्य) भारत का महावाणिज्य दूतावास, दुबई
सम्मानीय अतिथि	डॉ. राम बक्सानी, अध्यक्ष, आईटीएल कॉस्मोस ग्रुप, दुबई
साझेदार	श्री सुरेश कुमार, अध्यक्ष, आईबीपीसी, दुबई
आईसीएसआई तीसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, सिंगापुर	
तिथि	05–06 अप्रैल, 2024
थीम	लचीली और संधारणीय अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण
मुख्य अतिथि	श्रीमती लीम हवे हुआ
सम्मानीय अतिथि	कार्यकारी अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन मानक परिषद,
साझेदार	पूर्व मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय (सिंगापुर)
17वें अंतरराष्ट्रीय पेशेवर विकास और फेलोशिप कार्यक्रम (आईपीडीएफपी) में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन	
दिनांक	29 मई, 2024
थीम	संधारणीय विकास की रूपरेखा तैयार करना
मुख्य अतिथि	श्री सुभाष प्रसाद गुप्ता
	उप मिशन प्रमुख, भारतीय दूतावास,
	हनोई, वियतनाम

(ख) अंतरराष्ट्रीय वेबिनार

संस्थान ने अपने सदस्यों और छात्रों के लिए अवसरों पर चर्चा करने और ज्ञान के आदान–प्रदान को बढ़ाने के लिए, उन देशों में कंपनी सचिव पेशेवरों के लिए एक वेबिनार श्रृंखला शुरू की जहां संस्थान के विदेशी केंद्र हैं।

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में सीएस विदेशी अवसररू श्रृंखला का पहला वेबिनार 20 अक्टूबर, 2023 को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में सीएस के लिए विदेशी अवसर था। वेबिनार ने विदेशों में कैरियर का चयन करते समय व्यापक परिप्रेक्ष्य रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के प्रसिद्ध वक्ताओं श्री रॉबर्ट अगाती, कंपनी सचिव, क्वोस बैंक, ऑस्ट्रेलियाय सीएस मनीष गयाया, प्रिंसिपल, अनुपालन सलाहकार, ऑस्ट्रेलियाय सीएस जोगिंदर शर्मा, वरिष्ठ अनुपालन प्रबंधक, राबोबैंक, ऑस्ट्रेलियाय सीएस निरूपमा रवींद्रन, अनुपालन विश्लेषक, राबोबैंक, ऑस्ट्रेलियाय सीएस सिद्धार्थ शर्मा, हेड कोसेक सर्विसेज और अनुपालन अधिकारी, टीएमएफ ग्रुप न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में कंपनी सचिव पेशे की भूमिका, उत्तरदायित्व और मान्यता पर चर्चा की।

अंतरराष्ट्रीय वेबिनार की श्रृंखला में दूसरे के रूप में, कंपनी सचिव पेशेवरों के लिए अंतरराष्ट्रीय अवसरों पर चर्चा करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में सीएस विदेशी अवसररू संयुक्त अरब अमीरात में सीएस के लिए विदेशी अवसरों पर एक वेबिनार 11 जनवरी, 2024 को आयोजित किया गया था। वेबिनार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी भी देश के नियामक परिदृश्य को समझना विदेश में काम करने के इच्छुक पेशेवर के लिए शर्त क्यों होती है। सीएस आर लक्ष्मणन, वरिष्ठ भागीदार, एमसीए प्रबंधन सलाहकार, यूएईय सीएस रघवेंद्र वर्मा, मुख्य कानूनी, अनुपालन और जोखिम अधिकारी और सीएस, आईओएन एक्सपीरियंस ग्रुप, यूएईय श्री नरसिम्हा दास, भागीदार, क्रोवे यूएईय और सीएस कविता गुजराती, जोखिम और अनुपालन प्रबंधक, एमबीके ऑडिटिंग, यूएईय वेबिनार के प्रतिष्ठित वक्ता थे।

(ii) ब्रांड इक्विटी को बढ़ाना

आईसीएसआई ने प्रेस विज्ञप्ति, प्रेस सम्मेलन, मीडिया बातचीत, वेब पोर्टल और संस्थान के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक/डिजिटल मीडिया में पेशे से संबंधित सभी आईसीएसआई गतिविधियों, पहलों और विकास के कवरेज को सुनिश्चित करके ब्रांड आईसीएसआई के संवर्धन और वृद्धि के लिए विभिन्न ब्रांड बिल्डिंग पहल की है।

विवरण	संख्या
आईसीएसआई घटनाओं का प्रेस कवरेज, घोषणाएँ	711
प्रेस कॉन्फ्रेंस	20
प्रिंट मीडिया में आईसीएसआई प्रवक्ता का विशेष साक्षात्कार और राइट–अप	13
इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कवरेज	4
ब्रांड प्रमोशन के लिए बनाए गए वीडियो की संख्या	22
आधे घंटे विशेष एपिसोड	2

(iii) सोशल मीडिया में उपस्थिति

संस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने एक ब्रांड के रूप में संस्थान और सीएस पेशे को काफी मजबूत किया है। संस्थान की गतिविधियों से संबंधित सभी घोषणाएं और जानकारी आईसीएसआई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, एक्स, लिंक्डइन, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स और व्हाट्सएप के माध्यम से प्रसारित की जाती हैं। वेबिनार, क्रैश कोर्स और संस्थान की अन्य ब्रांडिंग गतिविधियों के वीडियो इसके यूट्यूब चौनल पर अपलोड किए गए हैं, जिससे प्रचार और प्रचार में वृद्धि सुनिश्चित हुई है। नीचे दी गई तालिका सोशल मीडिया पर फॉलोरस के संदर्भ में संस्थान की पहुंच को दर्शाती है:

सोशल मीडिया पोर्टल	फॉलोअर्स (31 मई, 2024 तक)
फेसबुक https://www.facebook.com/icsi	1,28,166
एक्स (पहले ट्विटर के रूप में जाना जाता था) https://twitter.com/icsi_cs	91,045
लिंक्डइन https://www.linkedin.com/in/theicsi/	37,817
इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/theicsi/	62,700
यू ट्यूब https://www.youtube.com/user/accinstitute	87,900

यू ट्यूब (छात्र) https://www.instagram.com/theicsi/	29,700
थ्रेडस https://www.threads-net/@theicsi	6,990
व्हाट्सएप https://www.whatsapp.com/channel/0029va9qp1ld8se69zdqv3f	35,456

(iv) गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठकें

- श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, भारत की माननीया राष्ट्रपति
- श्री जगदीप धनखर, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति
- श्री ओम बिरला, माननीय अध्यक्ष, लोक सभा
- सुश्री निर्मला सीतारमण, माननीया वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री
- श्री राजनाथ सिंह, माननीय रक्षा मंत्री
- श्री नितिन गडकरी, माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
- श्री अर्जुन राम मेघवाल, माननीय विधि और न्याय, संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
- श्री आनंदीबेन पटेल, माननीया राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
- श्री शिवराज सिंह चौहान, मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री
- डॉ. प्रमोद सावंत, गोवा के माननीय मुख्यमंत्री
- श्री राव इंद्रजीत सिंह, माननीय मंत्री कॉर्पोरेट मामले, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
- श्री ब्रजेश पाठक, माननीय उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
- श्री तेजस्वी सूर्य, संसद सदस्य, बेंगलुरु दक्षिण
- श्री विजय सेल्वराज, भारत के महावाणिज्य दूत, एडिनबर्ग, यूनाइटेड किंगडम
- श्री राजेश वर्मा, आईएएस, भारत के माननीय राष्ट्रपति के सचिव
- डॉ. मनोज गोविल, सचिव, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय
- श्री दलजीत सिंह ग्रेवाल, माननीय विधायक, पंजाब राज्य
- श्री ज्ञानेश कुमार, सचिव, सहयोग मंत्रालय
- श्री राजीव मणि, अपर सचिव, विधि कार्य विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय
- डॉ. संगीता वर्मा, कार्यकारी अध्यक्षा, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग
- श्री मनोज पांडेय, संयुक्त सचिव, एमसीए
- श्री इंदर दीप सिंह धारीवाल, संयुक्त सचिव, एमसीए
- माननीय श्री टी.एस. ठाकुर, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश
- माननीया न्यायमूर्ति रेखा पल्ली, न्यायाधीश दिल्ली उच्च न्यायालय
- प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, निदेशक, एनसीईआरटी
- श्री देबाशीष पांडा, आईएएस, अध्यक्ष, आईआरडीएआई
- सुश्री एस.एन. राजेश्वरी, सदस्य वितरण, आईआरडीएआई
- श्री एस वी मुरलीधर राव, कार्यकारी निदेशक, सेबी
- श्री वी एस सुंदरेशन, कार्यकारी निदेशक, सेबी
- सुश्री अनीता शाह अकेला, संयुक्त सचिव, एमसीए और सीईओ आईईपीएफए

- प्रो. श्रीकृष्ण देव राव, कुलपति, नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद
- श्री पी के मल्होत्रा, पूर्व केंद्रीय विधि सचिव
- श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक मामलों के राष्ट्रीय प्रवक्ता
- श्री आदित्य बर्मन, निदेशक, डाबर इंडिया लिमिटेड
- श्री प्रसाद लोलायकर, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, गोवा सरकार
- बीके शिवानी, प्रतिष्ठित नारी शक्ति पुरस्कार प्राप्तकर्ता
- जनरल मनोज पांडे, सेनाध्यक्ष
- श्री जसपाल सिंह, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक, गोवा
- श्री सुनील कदम, रजिस्ट्रार, एनआईएसएम
- श्री मनोज तिवारी, संसद सदस्य
- माननीय श्री न्यायमूर्ति पी. सतासिवम, पूर्व मुख्य न्यायाधीश और केरल के पूर्व राज्यपाल
- श्री प्रवीण त्रिवेदी, कार्यपालक निदेशक, आईएफएससीएए
- श्री संदीप शाह, प्रमुख आईएफएससी विभाग, गिफ्ट सिटी
- श्री संतोष कुमार, क्षेत्रीय निदेशक–पश्चिम, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार
- श्री विनोद शर्मा, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, एमसीए
- श्री अश्विनी भाटिया, पूर्णकालिक सदस्य, सेबी और निदेशक, एनआईएसएम
- श्री बी राजेंद्रन, कार्यपालक निदेशक, सेबी
- श्री एस.वी.एम.डी. राव, कार्यकारी निदेशक, सेबी
- श्री मनोज कुमार, कार्यपालक निदेशक, सेबी
- श्री बिरंची नारायण साहू, कार्यपालक निदेशक, सेबी
- प्रो. मामीदला जगदीश कुमार, अध्यक्ष यूजीसी
- श्री एम वी फड़के, पूर्व कार्यपालक निदेशक और प्रधान कानूनी सलाहकार, आईडीबीआई
- प्रो. (डॉ.) एस. शांतकुमार, निदेशक, गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और निदेशक (आई/सी), गुजरात समुद्री विश्वविद्यालय
- श्री शिव शंकर, डिप्टी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, मुंबई, महाराष्ट्र
- प्रो. महादेव जायसवाल, संस्थापक निदेशक, आईआईएम संबलपुर
- श्री इम्तियाज अरशाद, सीईओ और सचिव, कौशल विकास संस्थान
- श्री इयान बर्गर, अध्यक्ष, इंटरनेशनल कॉर्पोरेट अभिशासन नेटवर्क (आईसीजीएन)
- श्री विजय सेल्वराज, भारत के महावाणिज्य दूत, एडिनबर्ग
- सुश्री ट्रेसी वर्गो, सीईओ, और श्री केविन मूर, निदेशक, सीआईएसआई लंदन में
- महामहिम श्री मनप्रीत वोहरा, कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त
- सुश्री मेगन मोटो, सीईओ, ऑस्ट्रेलिया गवर्नेंस इंस्टीट्यूट
- श्री संजय के मुलुका, कंसोल (वाणिज्य एवम व्यापार), और श्री सुदीप भट्टाचार्य, व्यापार और निवेश संवर्धन अधिकारी, भारत का महावाणिज्य दूतावास, सिडनी, ऑस्ट्रेलिया
- न्यू साउथ वेल्स से निवेश अधिकारी, सुश्री करला लैम्पे, कार्यपालक निदेशक, व्यापार, सुश्री एलिसिया सिल्वेस्टर, माननीय अनोलक चन्थीवोंग एमपी के वरिष्ठ नीति सलाहकार कार्यालय, श्री अली असगर शाह, एसोसिएट निदेशक (भारत और मध्य पूर्व) और श्री सुधीर बसवराजू, प्रबंधक भारत निवेश, न्यू साउथ वेल्स
- श्री टिम थॉमस, सीईओ और सुश्री लिसा बैटमैन, सहायक निदेशक, ऑस्ट्रेलिया भारत संबंध केंद्र (सीएआईआर)
- श्री इरफान मलिक, राष्ट्रीय एसोसिएट अध्यक्ष एनएसडब्ल्यू, ऑस्ट्रेलिया भारत व्यापार परिषद
- महामहिम संजय सुधीर, संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत
- श्री भरत शिवप्पा, निदेशक एवं प्रमुख व्यवसाय विकास, अबू धाबी ग्लोबल मार्केट (एडीजीएम)

- आंतरिक लेखा परीक्षक, बांग्लादेश के अधिकारी
- चार्टर्ड सचिव संस्थान बांग्लादेश के अधिकारी
- श्री सर्दार एलिक, प्रमुख– पूंजी बाजार और वित्तीय संस्थान प्रभाग, वित्तीय और उद्यम मामले निदेशालय, ओईसीडी
- महामहिम डॉ. शिल्पक अंबुले, सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त
- श्री ब्रायन यो, कार्यपालक निदेशक, सिंगापुर कॉर्पोरेट परामर्शदाता संघ (एससीसीए), सिंगापुर

(ञ) बुनियादी रूपरेखा

(i) स्वयं के परिसरों की सूचीः

(क) मुख्यालय

'आईसीएसआई हाउस', 22, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003

'आईसीएसआई हाउस', नोएडा (सी–36 एवं सी–37, सेक्टर–62)

(ख) सीसीजीआरटी (कॉर्पोरेट अभिशासन, अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र)

- मुंबई में आईसीएसआई–सीसीजीआरटी
- हैदराबाद में आईसीएसआई–सीसीजीआरटी (जिसे पहले सीओई–हैदराबाद के रूप में जाना जाता था)।
- कोलकाता में आईसीएसआई–सीसीजीआरटी (जिसे पहले सीओई–कोलकाता के रूप में जाना जाता था)।'

'निर्माण पूरा हो गया और दिसंबर, 2023 में उपयोग किया गया।

(ग) क्षेत्रीय कार्यालयः

- ईआरईआरओ–कोलकाता
- एनआईआरओ–नई दिल्ली
- डब्ल्यूआईआरओ–मुम्बई
- एसआईआरओ–चेन्नई

(घ) शाखा (चैप्टरों)

अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, भीलवाड़ा, कोयंबटूर', डोम्बीवली, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गोवा, एनई–गुवाहाटी, हुगली, इंदौर, जयपुर, कानपुर, कोल्हापुर, लखनऊ, मदुरै, मंगलुरु, मैसूरु, नागपुर, पटना, पुणे, राजकोट'', सूरत, ठाणे, उदयपुर, वडोदरा।

('निर्माण जनवरी, 2024 में पूरा हुआ और पुट–टू–यूज)

(''अधिग्रहण पूरा हो गया और जनवरी 2024 में पुट–टू–यूज)

(ii) बुनियादी रूपरेखा में सुधार के लिए की गई पहल

क) मुख्यालयः

- **आईसीएसआई –सीसीजीआरटी, मानेसर (इसे पहले सीईआरटी मानेसर के नाम से जाना जाता था)** –संस्थान ने हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) से सेक्टर–2, आईएमटी, मानेसर में 1567.5 वर्ग मीटर का एक प्लॉट खरीदा था। बेसमैन्ट, ग्राउंड 4 फ्लोर वाले इस प्रस्तावित परिसर (एकल खंड) में शैक्षणिक और आवासीय दोनों सुविधाएं होंगी। एचएसआईआईडीसी से भवन निर्माण योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। भवन निर्माण का कार्य उचित निविदा प्रक्रिया के माध्यम से चयनित ठेकेदार को सौंपा गया है। निर्माण कार्य प्रगति पर है और मुख्य संरचना पूरी हो गई है और चिनाई का काम और परिष्करण का काम चल रहा है। एचवीएसी सिस्टम और लिफ्टों की स्थापना के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है।

- **आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, हैदराबाद (इसे पहले सीओई हैदराबाद के नाम से जाना जाता था)** – सम्पूर्ण परिसर (संस्थागत खंड एवं छात्रावास खंड) के ढांचे का निर्माण पूर्ण हो चुका है। पहले चरण में सम्पूर्ण छात्रावास खंड, स्वागत–कक्ष, भूतल (ऑडिटोरियम को छोड़कर) और संस्थागत खंड की पहली मंजिल को अगस्त, 2018 में प्रारम्भ कर दिया गया था। दूसरे चरण में दूसरी और तीसरी मंजिल की साज–सज्जा का काम होगा लिया होगा। इसके अलावा, आईसीएसआई इंटरनेशनल एडीआर सेंटर आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, हैदराबाद परिसर की तीसरी मंजिल पर बनाया जाएगा।

- **आईसीएसआई–मुख्यालय के उपयोग के लिए नोएडा में अतिरिक्त परिसर का अधिग्रहण**– परिषद ने मुख्यालय के उपयोग के लिए नोएडा में अतिरिक्त परिसर के अधिग्रहण के लिए प्राथमिकता तय करने को मंजूरी दे दी है और इस संबंध में बुनियादी रूपरेखा समिति का भी गठन किया गया है। संपत्ति का चयन कार्यकारी समिति और परिषद के विचार के लिए बुनियादी रूपरेखा समिति के मार्गदर्शन और अनुमोदन के अंतर्गत उचित प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

- **सी–37, सेक्टर–62, नोएडा में परीक्षा भवन पर एक अतिरिक्त मंजिल (चौथा तल) का निर्माण**–परिषद ने सी–37, सेक्टर–62, नोएडा में परीक्षा भवन पर एक अतिरिक्त मंजिल (चौथा तल) के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में एक बुनियादी रूपरेखा समिति का भी गठन किया गया है। प्रस्ताव कार्यकारी समिति और परिषद के विचार के लिए बुनियादी रूपरेखा समिति के मार्गदर्शन और अनुमोदन के अंतर्गत प्रस्तुत किया जाएगा।

- **सीसीजीआरटी और वायरो दोनों की गतिविधियों को समायोजित करने के लिए मुंबई में परिसर (भवन के साथ भूमि) का अधिग्रहण**– परियोजना के लिए गठित अवसंरचना समिति के मार्गदर्शन और अनुमोदन के अंतर्गत उचित निविदा प्रक्रिया के माध्यम से एक संपत्ति का चयन किया गया है। अधिवक्ता, मूल्यांकनकर्ता और वास्तुकार जैसे पेशेवरों के माध्यम से संपत्ति का उचित परिश्रम प्रगति पर है।

- **मैंसर्स एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू)**–परिषद ने टर्नकी आधार पर संस्थान की विभिन्न परियोजनाओं के निष्पादन के लिए मेसर्स एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। तदनुसार, संस्थान और मेसर्स एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के बीच 20 मार्च, 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) निष्पादित किया गया था।

ख) शाखा (चैप्टर):

- **कोच्चि शाखा (चैप्टर)**– भवन का निर्माण कार्य (मैदान, प्रथम और द्वितीय तल का हिस्सा) पूरा हो चुका है।

- **रायपुर शाखा (चैप्टर)**– चैप्टर के परिसर निर्माण के लिए रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) से 3,229 वर्ग फीट के भूखंड का कब्जा लिया गया है। परियोजना के निर्माण का काम एनबीसीसी को सौंपा गया है।

- **कानपुर शाखा (चैप्टर)**– ई–नीलामी के माध्यम से खरीदे गए कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) द्वारा आवंटित दो भूखंडों (कुल क्षेत्रफल 452 वर्गमीटर) पर बिक्री विलेखों के निष्पादन के साथ–साथ कब्जा लेने का काम पूरा हो गया है। परियोजना के निर्माण के लिए एनबीसीसी को नियुक्त किया गया है।

- **लखनऊ शाखा (चैप्टर)**– ई–नीलामी के माध्यम से लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा 930.50 वर्गमीटर भूमि का एक भूखंड आवंटित किया गया है। फ्रीहोल्ड शुल्क सहित भूमि की लागत के लिए अपेक्षित राशि एलडीए को जमा कर दी गई है। बिक्री विलेख अभी निष्पादित होना बाकी है। परियोजना के निर्माण के लिए एनबीसीसी को नियुक्त किया जाएगा।

- **हैदराबाद शाखा (चैप्टर)**– एनबीसीसी को मौजूदा परिसर को ध्वस्त करके नए परिसर के निर्माण के लिए नियुक्त किया गया है।

- **नोएडा शाखा (चैप्टर)**– सी–37 नोएडा बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर का पिछला हिस्सा पहले ही नोएडा चैप्टर को सौंप दिया गया था। चैप्टर के परिसर के जीर्णोद्धार के लिए आर्किटेक्ट की नियुक्ति की गई है और टेंडरिंग का काम चल रहा है।

- **बेंगलुरु शाखा (चैप्टर)**– परिषद ने बेंगलुरु चैप्टर के परिसर में एडीआर केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

- परिषद की स्वीकृति के अनुसार शाखा (**चैप्टर**) के लिए भूमि/निर्मित संपत्ति के अधिग्रहण के लिए प्राथमिकता निर्धारण:

- **मदुरै–**तमिलनाडु हाउसिंग बोर्ड (टीएनएचबी) से भूमि अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है और परियोजना के लिए बुनियादी ढांचा समिति भी गठित की गई है।

- **अहमदाबाद–**अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (एयूडीए) से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।

- **पुणे–**परिषद ने पुणे शाखा (चैप्टर) के लिए नए परिसर के अधिग्रहण के लिए प्राथमिकता निर्धारण को मंजूरी दे दी है और परियोजना के लिए बुनियादी ढांचा समिति का गठन किया गया है।

- **जम्मू–**जम्मू शाखा (चैप्टर) के लिए भूमि/परिसर के अधिग्रहण के लिए स्थानीय प्राधिकरण को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

- **श्रीनगर–**श्रीनगर शाखा (चैप्टर) के लिए भूमि/परिसर के अधिग्रहण के लिए स्थानीय प्राधिकरण को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

- परिषद द्वारा आगरा, अमरावती, बरेली, चंडीगढ़, छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद), गाजियाबाद, गुरुग्राम, हुगली, इंदौर, जोधपुर, कोझीकोड, लुधियाना, नागपुर, नासिक, नोएडा, प्रयागराज, शिमला, सूरत, त्रिशूर, त्रिवेंद्रम और विशाखापत्तनम शाखाओं (चैप्टरों) के लिए भूमि अधिग्रहण/निर्मित संपत्ति/भवन निर्माण के लिए प्राथमिकता निर्धारण को मंजूरी दी गई।

परिषद के अनुमोदन के अनुसार शाखाओं (चैप्टरों) के पुराने परिसरों का निपटान

- **मंगलुरु** – शाखा (चैप्टर) को नए परिसर में स्थानांतरित करने के बाद बुनियादी ढांचा समिति के मार्गदर्शन और अनुमोदन और कार्यकारी समिति और परिषद के अनुमोदन के तहत उचित प्रक्रिया के माध्यम से पुराने परिसर का निपटान किया गया।
- **पुणे**–पुणे शाखा (चैप्टर) के पुराने परिसर के निपटान के प्रस्ताव को परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है और बिक्री विलेख का निष्पादन प्रक्रिया में है।
- **भोपाल** – भोपाल शाखा (चैप्टर) के पुराने परिसर के निपटान के लिए बुनियादी ढांचा समिति का गठन किया गया है। चैप्टर द्वारा स्थानीय सरकारी अधिकारियों से विक्रय विलेख के निष्पादन से संबंधित दस्तावेज प्राप्त किए जा रहे हैं।
- **इंदौर**–इंदौर चैप्टर के पुराने परिसर के निपटान के लिए अधोसंरचना समिति का गठन किया गया है।

(ट) विशिष्ट पहल

(i) मानव संसाधन– टीम आईसीएसआई का सुदृढ़ीकरण

(क) कर्मचारी विकास

आईसीएसआई ने कर्मचारियों की क्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाने और हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने एवं सेवाएं प्रदान करने के लिए, कर्मचारियों के ज्ञान एवं कौशल के निरंतर प्रशिक्षण और अद्यतन करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं/संगोष्ठियों/सम्मेलनों का विवरण इस प्रकार हैः

क्र.सं.	तिथि	कार्यक्रम का नाम
1	11 अगस्त, 2023	श्री सुनील केसवानी, कॉर्पोरेट प्रशिक्षक द्वारा कार्यकारी स्तर तक मुख्यालय के कर्मचारियों के लिए द्वारा प्रभावी संचार के लाभ, ग्राहक फोकस और पेशेवर उत्कृष्टता पर प्रशिक्षण।
2	28 अगस्त, 2023	श्री सुनील केसवानी, कॉर्पोरेट प्रशिक्षक द्वारा कार्यकारी स्तर तक नोएडा कर्मचारियों के कर्मचारियों के लिए द्वारा प्रभावी संचार के लाभ, ग्राहक फोकस और पेशेवर उत्कृष्टता पर प्रशिक्षण।
3	26 अक्टूबर, 2023	सुशासन संस्थान– श्री के जी वर्मा द्वारा ऑनलाइन पीओएसएच प्रशिक्षण
4	26 –28 अक्टूबर, 2023	भारतीय सचिवालय प्रशिक्षण और विकास संस्थान (आईआईएसटीडी) द्वारा आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 4 के अंतर्गत अनुपालन के संबंध में पारदर्शिता ऑडिट पर 3 दिनों का आवासीय कार्यक्रम।
5	18 –19 फरवरी, 2024	6वें लीडरशिप समिट 2024 के दौरान प्रशिक्षण सत्र के लिए संकाय की व्यवस्था– सुश्री सारिका चावला, सुश्री पूजा अशस्त्रोत किशोर, श्री कुलजीत सिंह मारवाह
6	27 फरवरी 01 मार्च, 2024	आईआईसी–आईजीबीसी की ग्रीन एंड नेट जीरो बिल्डिंग्स विषय पर भारतीय हरित भवन परिषद (आईजीबीसी) द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम
7	06–08 मार्च, 2024	आईएचसी, लोधी रोड में ग्रीन रेटिंग हैबिटेट मूल्यांकन रेटिंग विषय पर गृह परिषद द्वारा 3 दिनों का ऑफलाइन प्रशिक्षण।
8	18 –21 मार्च, 2024	ईआरपी प्रशिक्षण
9	19 अप्रैल, 2024	व्यावसायिक रुचि के विषयों पर साप्ताहिक शैक्षणिक श्रृंखला की शुरूआत

(ख) अन्य कार्यक्रम/वेबिनार निम्नलिखित हैं

क्र.सं.	तिथि	कार्यक्रम का नाम
1	12 –13 अगस्त, 2023	ब्रह्माकुमारी द्वारा आवासीय कार्यशाला
2	14–16 सितंबर, 2023	डीटीई परीक्षा के कर्मचारियों के लिए ब्रह्माकुमारी में आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
3	18 अगस्त, 2023	डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन द्वारा फेफड़े के कैंसर और संबद्ध रोगों पर वेबिनार– डॉ. किरण कुमार सज्जन शेट्टी, सलाहकार मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट
4	6 सितंबर, 2023	डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन द्वारा Dyslipidemi प्रबंधन / कोलेस्ट्रॉल देखभाल पर वेबिनार– डॉ. एन. कन्नन
5	13 अक्टूबर, 2023	माइग्रेन जागरूकता माह के अवसर पर डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन द्वारा "सेलिब्रेटिंग फरीडम फर्म माइग्रेन"

		विषय पर वेबिनार– डॉ. विशाल ए चाफले, न्यूरोलॉजिस्ट
6	24 नवंबर, 2023	विश्व मधुमेह दिवस और जागरूकता माह के अवसर पर डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन द्वारा "प्लेज टू स्टॉप डैबिटीज ऑन गेट" पर वेबिनार– डॉ. सुरेंद्रन, सलाहकार चिकित्सक और मधुमेह विज्ञान
7	15 दिसंबर, 2023	डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन द्वारा "स्वस्थ जीवन के लिए सर्दियों के आहार पोषण" विषय पर वेबिनार
8	24 जनवरी, 2024	क्रोनिक स्वास्थ्य जागरूकता माह के अवसर पर डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन द्वारा "क्रोनिक बीमारियों को रोकने के लिए लाइफस्टाइल ठीक करना" विषय पर वेबिनार– डॉ. गो. भरानी
9	22 फरवरी, 2024	विश्व मिर्गी दिवस और जागरूकता माह के अवसर पर डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन द्वारा एपिलेप्सी–देखभाल और सावधानियां" विषय पर वेबिनार– डॉ. नवीन पी, न्यूरो विशेषज्ञ
10	23 फरवरी, 2024	मुख्यालय में तैनात कर्मचारियों के लिए डॉ. शकुंतला दावेसर द्वारा "स्वस्थ जीवन शैली कैसे बनाए" विषय पर स्वास्थ्य चर्चा
11	05 मार्च, 2024	अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन द्वारा "गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता" विषय पर वेलनेस सत्र– डॉ. अतुल शर्मा, सलाहकार मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट
12	07 मार्च, 2024	नोएडा कार्यालय में तैनात कर्मचारियों के लिए डॉ. शकुंतला दावेसर द्वारा मौसमी स्वास्थ्य समस्याएं–पुरुष, महिला और बच्चे" विषय पर स्वास्थ्य चर्चा
13	08–09 मार्च, 2024	आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा ध्यान और प्राणायाम की दो दिन की गैर–आवासीय कार्यशाला
14.	12 मार्च, 2024	अंतरराष्ट्रीय आर्थोडॉन्टिक दिवस के अवसर पर डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन द्वारा मुख की स्वच्छता विषय पर वेबिनार– डॉ. शिल्पा प्रशांत, सलाहकार डेंटल सर्जन
15	26 अप्रैल, 2024	विश्व यकृत दिवस के अवसर पर डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन– द्वारा "अपने यकृत की रक्षा करें" विषय पर वेबिनार– डॉ सागर पी. कबाड़ी, कंसल्टेंट जनरल सर्जन, लैप्रोस्कोपिक सर्जन, प्रोक्टोलॉजिस्ट
16	15 मई, 2024	डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन–डॉ. रोहित बंसल, दंत चिकित्सक द्वारा गम स्वास्थ्य विषय पर वेबिनार
17	07 जून, 2024	डॉ. रेड्डी एस फाउंडेशन द्वारा कोलेस्ट्रॉल का प्रबंधन विषय पर वेबिनार– डॉ. रोहित कुमार, चिकित्सा सलाहकार

(ग) भर्ती

आईसीएसआई टीम को और मजबूत करने के लिए, निम्नलिखित अधिकारियों की भर्ती 01 जून, 2023 से 31 मई, 2024 तक की गई थी।

क्र.सं.	पोस्ट करें	भर्ती किए गए अभ्यर्थियों की संख्या
1	कार्यपालक (अकादमिक)	14
2	कार्यपालक (एफ एंड ए)	01
3	कार्यपालक (विधि)	02
4	कार्यपालक (आंतरिक लेखा परीक्षा)	01
5	कार्यपालक (अंतरराष्ट्रीय मामले और अनुसंधान)	01
6	वरिष्ठ कार्यपालक सहायक	04
7	जूनियर प्रोग्रामर	01
8	अनुचर	01
	कुल	**25**

(घ) कर्मचारी संख्या

31 मई, 2024 तक, संस्थान की जनशक्ति संख्या 376 थी, जिनमें 105 महिला कर्मचारी हैं जो कुल जनशक्ति का 28: है।

(ङ) कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम

वित्तीय वर्ष 2023–2024 में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत मामलों की रिपोर्ट :

विवरण	मुख्यालय	एनआईआर ओ और उसके शाखा (चैप्टरों)	ईआईआरओ और उसके केन्द्र (चैप्टर), आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, कोलकाता	डब्ल्यूआईआर ओ और उसके केन्द्र (चैप्टर), आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, नवी मुंबई	एसआईआरओ और उसके केन्द्र (चैप्टर), आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, हैदराबाद
प्राप्त यौन उत्पीड़न की शिकायतों की संख्या	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
निपटाई गई शिकायतों की संख्या	एनए	एनए	एनए	एनए	एनए
90 से अधिक दिनों से लंबित मामलों की संख्या	एनए	एनए	एनए	एनए	एनए
यौन उत्पीड़न के खिलाफ आयोजित कार्यशालाओं या जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या	01	01	01	01	01
नियोक्ता द्वारा की गई कार्रवाई की प्रकृति	एनए	एनए	एनए	एनए	एनए

(ii) सूचना प्रौद्योगिकी

संस्थान ने हितधारकों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप अपनी गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी को बड़े पैमाने पर अपनाया है। संस्थान ने आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधारय बाजार के रुझान के अनुसार प्रौद्योगिकी का उन्नयनय संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से हितधारकों को जानकारी और सेवाओं की सुविधा प्रदान करनाय आईसीटी प्रणालियों के रखरखाव और लेखापरीक्षा की देखभाल करनाय डेटा बैकअप की उपलब्धता सुनिश्चित करनाय आईटी सुरक्षा चिंताओं को संबोधित करना और देश भर में संस्थान के कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण करना आदि काम किए हैं ।

संस्थान ने अपनी ईमेल सेवाओं को क्लाउड माईक्रोसॉफ्ट O365 पर ले जाने का बीड़ा उठाया। क्लाउड माईक्रोसॉफ्ट O365 उपयोगकर्ताओं को अधिक मोबाइल, चुस्त और प्रौद्योगिकी प्रगतिशील बनने की सुविधा देता है। अपने सभी हितधारकों तक वेबिनार, सम्मेलनों, बैठकों और कक्षा शिक्षा के माध्यम से ज्ञान के प्रसार हेतु मुख्यालय, क्षेत्रों और सभी शाखाओं द्वारा सिस्को/ब्लू जींस और जूम जैसे विभिन्न सॉफ्टवेयर खरीदे और उपयोग किए गए। स्केलेबिलिटी को सक्षम करने के लिए संस्थान की वेबसाइट (www.icsi.edu) को क्लाउड सर्विसेज में स्थानांतरित कर दिया गया था।

आईटी क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, संस्थान ने निम्नलिखित तीन प्रमुख भविष्योन्मुखी निर्णय लिए है :

- सरकार के पैनल से आईटी सुरक्षा ऑडिटर को नियुक्त करना ताकि आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर की तत्काल व्यापक सुरक्षा ऑडिट कर कमियों का पता लगा कर उचित कार्रवाई की जा सके।
- दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ–साथ दिन–प्रतिदिन की आईटी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए आईटी सिस्टम की सुरक्षा का ध्यान रखने हेतु आईटी सुरक्षा विशेषज्ञों से युक्त एक इन–हाउस आईटी सुरक्षा सेल का गठन करना।
- बेहतर प्रदर्शन और प्रभावी आईटी सुरक्षा के लिए सभी प्रमुख सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों को क्लाउड पर होस्ट करना।

तदनुसार, संस्थान ने आईटी सिस्टम में सुरक्षा कमियों को सूचित करने और सुधारात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने के लिए सरकरी पैनल से आईटी सुरक्षा ऑडिटर को नियुक्त किया। संस्थान वर्तमान में सुरक्षा कमियों को दूर करने के लिए काम कर रहा है। साथ ही, संस्थान ने इन–हाउस आईटी सुरक्षा सेल बनाने के लिए आईटी सुरक्षा विशेषज्ञों की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू की। इसके अलावा, संस्थान ने एडब्ल्यूएस क्लाउड पर प्रशिक्षण और सदस्यता से संबंधित स्टीमुलेट पोर्टल की मेजबानी की। इसके साथ ही, संस्थान ने अन्य प्रमुख अनुप्रयोगों के प्लेटफॉर्म को अपग्रेड करने के लिए आवश्यक कदम उठाए ताकि उन्हें क्लाउड पर भी होस्ट किया जा सके। आईटी सुरक्षा लेखा परीक्षक की सिफारिशों के अनुसार, संस्थान ने फायरवॉल, स्विच, राउटर, सर्वर आदि जैसे पुराने और अप्रचलित आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने की प्रक्रिया भी शुरू की।

इसके अलावा, संस्थान ने वर्ष के दौरान समय–समय पर परिषद के निर्णयों और हितधारकों की सुविधा के अनुसार आईसीएसआई प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने की दिशा में विभिन्न पहल की हैं।

(iii) परीक्षाएं

(क) परीक्षाओं का आयोजन

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कंपनी सचिव विनियम, 1982 में निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार कार्यकारी कार्यक्रम और पेशेवर कार्यक्रम के लिए कंपनी सचिवों की जून और दिसंबर, 2023 परीक्षाओं के सत्र की परीक्षा पूरे भारत में 240 और 235 परीक्षा केंद्रों पर और दुबई में एक विदेशी परीक्षा केंद्र में आयोजित की गई थी। कुल 66,189 और 69,872 अभ्यर्थियों ने जून और दिसंबर, 2023 परीक्षाओं के सत्रों में भाग लेने के लिए नामांकन का अनुरोध किया। वर्ष 2023–24 के दौरान परीक्षा के विभिन्न चरणों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या निम्नानुसार है :

परीक्षा का चरण	परीक्षा सत्र	
	जून, 2023	दिसंबर, 2023
कार्यकारी कार्यक्रम	1,906	2,465
व्यावसायिक कार्यक्रम	565	1,255

(ख) जून 2024 परीक्षा सत्र के लिए नया परीक्षा केंद्र

जून, 2024 परीक्षा सत्र के लिए तदर्थ आधार पर आसनसोल (पश्चिम बंगालय केंद्र कोडः 113) में एक नया परीक्षा केंद्र खोला गया है।

परीक्षाओं के शहरों की सूची परिशिष्ट–ग में दी गई है।

परीक्षा परिणामों से संबंधित आंकड़ों का उल्लेख नीचे किया गया है:

जून, 2023 सत्र

परीक्षा का चरण	अभ्यर्थियों की संख्या		
	नामांकित	सम्मिलित हुए	उत्तीर्ण
कार्यकारी कार्यक्रम (पाठ्यक्रम–2017) @			
मॉड्यूल ।	36,778	28,371	1.668
मॉड्यूल ।।	23,090	17,657	2,313
कार्यकारी कार्यक्रम (पाठ्यक्रम–2022) #			
समूह 1	8,806	7,091	491
समूह 2	6,971	5,152	381
पेश्वर (विशेषज्ञ) कार्यक्रम $			
मॉड्यूल ।	10,070	7,721	717
मॉड्यूल ।।	8,593	6,692	532
मॉड्यूल ।।।	10,373	8,487	1,136

@ कार्यकारी कार्यक्रम में 10,688 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया, 8,961 अभ्यर्थियों ने कार्यकारी कार्यक्रम के दोनों मॉड्यूल (पाठ्यक्रम–2017) में उपस्थित हुए, जिनमें से 156 अभ्यर्थियों ने दोनों मॉड्यूल उत्तीर्ण किए।

कार्यकारी कार्यक्रम में 2,249 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया, 1,913 अभ्यर्थियों ने कार्यकारी कार्यक्रम के दोनों मॉड्यूल (पाठ्यक्रम–2022) में उपस्थित हुए, जिनमें से 84 अभ्यर्थियों ने दोनों मॉड्यूल उत्तीर्ण किए।

$ पेशेवर कार्यक्रम में 2,783 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया, 2,490 अभ्यर्थियों ने पेशेवर कार्यक्रम के दोनों मॉड्यूल (पाठ्यक्रम–2022) में उपस्थित हुए, जिनमें से 55 अभ्यर्थियों ने दोनों मॉड्यूल उत्तीर्ण किए।

दिसंबर, 2023 सत्र

परीक्षा का चरण	अभ्यर्थियों की संख्या		
	नामांकित	सम्मिलित हुए	उत्तीर्ण
कार्यकारी कार्यक्रम @			
मॉड्यूल I	28,734	21,085	3,303
मॉड्यूल II	21,782	16,097	1,848
कार्यकारी कार्यक्रम #			
समूह 1	8,806	7,091	493
समूह 2	6,971	5,152	381
पेश्वर (विशेषज्ञ) कार्यक्रम $			
मॉड्यूल I	10,064	7,499	1,518

मॉड्यूल II	9,087	6,812	1,427
मॉड्यूल III	10,258	8,147	1,795

@कार्यकारी कार्यक्रम में 11,037 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया, 9,140 अभ्यर्थियों ने कार्यकारी कार्यक्रम के दोनों मॉड्यूल (पाठ्यक्रम–2017) में उपस्थित हुए, जिनमें से 212 अभ्यर्थियों ने दोनों मॉड्यूल उत्तीर्ण किए।

कार्यकारी कार्यक्रम में 2,249 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया, 1,913 अभ्यर्थियों ने कार्यकारी कार्यक्रम के दोनों मॉड्यूल (पाठ्यक्रम–2022) में उपस्थित हुए, जिनमें से 84 अभ्यर्थियों ने दोनों मॉड्यूल उत्तीर्ण किए।

$ पेशेवर कार्यक्रम में 2,941 अभ्यर्थियों ने दाखिला लिया, 2,561 अभ्यर्थियों ने पेशेवर कार्यक्रम के दोनों मॉड्यूल (पाठ्यक्रम–2022) में उपस्थित हुए, जिनमें से 112 अभ्यर्थियों ने दोनों मॉड्यूल उत्तीर्ण किए।

(ग) कंपनी सचिव कार्यकारी प्रवेश परीक्षा (सीएसईईटी) का आयोजन

सीएसईईटी की शुरूआत के साथ, फाउंडेशन कार्यक्रम के लिए उम्मीदवारों का नया पंजीकरण दिनांक 3 फरवरी, 2020 से बंद हो गया है और सीएसईईटी सीएस एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम में पंजीकरण के लिए एकमात्र अर्हक प्रवेश परीक्षा होगी। पहली सीएसईईटी परीक्षा अगस्त, 2020 में आयोजित की गई। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, सीएसईईटी मई, 2023, जुलाई, 2023, नवंबर, 2023 और जनवरी, 2024 के महीनों में आयोजित किया गया था। सीएसईईटी परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या नीचे दी गई है :

परीक्षा दिनांक	अभ्यर्थियों की संख्या		
	नामांकित	सम्मिलित हुए	उत्तीर्ण
06 – 08 मई, 2023	11,289	9,529	5,946
30 जुलाई – 01 अगस्त, 2023	13,870	12,119	8,448
04 – 06 नवंबर, 2023	14,884	13,180	8,229
06 – 08 जनवरी, 2024	7,053	6,307	3,520
04 मई, 2024	9,973	8,498	5,348

(घ) अखिल भारतीय पुरस्कार

कंपनी सेक्रेटरीशिप परीक्षाओं में छात्रों के शानदार प्रदर्शन को प्रेरित करने और सम्मान देने के लिए संस्थान ने कई पुरस्कार प्रारंभ किये हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित छात्रों ने राष्ट्रपति का अखिल भारतीय पुरस्कार जीता :

पदक / परीक्षा	दिसंबर, 2022	केंद्र	जून, 2023	केंद्र	दिसंबर, 2023	केंद्र
पेशेवर कार्यक्रम के लिए राष्ट्रपति स्वर्ण पदक	श्री चिराग अग्रवाल	कोलकाता	सुश्री राशी अमृत पराख	कोल्हापुर	अभी अंतिम निर्णय होना है	–––––
कार्यकारी कार्यक्रम के लिए राष्ट्रपति रों रजत पदक	सुश्री किंजल अजमेरा	कोलकाता	सुश्री भूमिका सिंह	मेरठ	अभी अंतिम निर्णय होना है	–––––

पंडित नेहरू जन्म शताब्दी वार्षिक पुरस्कार कोलकाता के श्री चिराग अग्रवाल ने जीता। अन्य पुरस्कार विजेताओं के विवरण के साथ–साथ मौजूदा अखिल भारतीय पुरस्कार योजनाएँ, क्षेत्रीय और अध्याय पुरस्कार योजनाएँ संस्थान की वेबसाइटः www.icsi.edu पर उपलब्ध हैं।

(ड.) मेरिट प्रमाणपत्र/मेरिट छात्रवृत्ति/वित्तीय सहायता

जून, 2023 और दिसंबर, 2023 में आयोजित कार्यकारी कार्यक्रम और पेशेवर कार्यक्रम परीक्षाओं में 25 शीर्ष रैंक के सफल छात्रों को मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

मेरिट छात्रवृत्ति योजना के अनुसरण में, कंपनी सचिव के एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम और प्रोफेशनल प्रोग्राम की आगे की पढ़ाई के लिए जून, 2023 और दिसंबर, 2023 सत्र की परीक्षाओं में पहले प्रयास में फाउंडेशन कार्यक्रम और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम के सभी पेपर उत्तीर्ण करने वाले टॉपर्स को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसी प्रकार, मेरिट–कम–मीन्स सहायता योजना के तहत, पात्र अभ्यर्थियों को उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि और जून, 2023 और दिसंबर, 2023 परीक्षा सत्र में मेधावी प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

(iv) प्रशिक्षण

संस्थान द्वारा छात्रों की सुविधा के लिए समीक्षाधीन अवधि के दौरान अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रशिक्षण से संबंधित कई पहल और गतिविधियां की गईं। संस्थान द्वारा शुरू की गई प्रमुख गतिविधियां इस प्रकार हैं:

(क) समाधान दिवस

समाधान दिवस आईसीएसआई द्वारा प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों के मुद्दों के मौके पर समाधान की दिशा में एक पहल है। समाधान दिवस 27 फरवरी 2021 को तीसरे आईसीएसआई लीडरशिप समिट में शुरू किया गया था। समाधान दिवस के दौरान, प्रशिक्षण निदेशालय के अधिकारी प्रशिक्षुओं एवं प्रशिक्षकों निम्नलिखित क्षेत्रों से संबंधित के लंबित मुद्दों/शिकायतों पर बातचीत करते हैं, सुनते हैं और उनका समाधान करते हैं:

- पुराने प्रशिक्षण ढांचे से नए प्रशिक्षण ढांचे में स्विचओवर से संबंधित मुद्दे
- अल्पावधि प्रशिक्षण से संबंधित मुद्दे
- व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए प्रायोजन पत्रों से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान
- प्रायोगिक प्रशिक्षण में छूट संबंधी मामले
- प्रशिक्षण समापन प्रमाणपत्र की समस्याओं का समाधान

हितधारकों ने त्वरित बातचीत के लिए ऐसा सीधा मंच बनाने के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना की है जिसमें उनके मामलों को मौके पर ही हल किया जाता है।

संस्थान ने 01 अप्रैल, 2023 से 31 मई, 2024 तक 16 समाधान दिवसों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है।

(ख) कॉर्पोरेट नेतृत्व विकास कार्यक्रम (सीएलडीपी) की दो चरणों में शुरूआत, यानी 15 दिन ऑनलाइन मोड सीएलडीपी और 15 दिन क्लासरूम मोड सीएलडीपी।

संस्थान ने पेशेवर कार्यक्रम पास करने वाले उन छात्रों जिन्होंने सभी प्रशिक्षण आवश्यकताओं (सीएलडीपी को छोड़कर) को पूरा किया है, को व्यापक अवसर प्रदान करने के लिए निम्नलिखित अनुक्रमिक तरीके अप्रैल, 2023 से दो चरणों में सीएलडीपी की शुरुआत की, यानी 15 दिन ऑनलाइन मोड सीएलडीपी और 15 दिन कक्षा मोड:

- ऑनलाइन मोड (एलएमएस पोर्टल) के माध्यम से 15 दिनय तथा
- कक्षा मोड के माध्यम से 15 दिन (गैर–आवासीय/आवासीय)

इसमें छात्रों को 15 दिनों के क्लासरूम मोड सीएलडीपी या 15 दिनों के आवासीय मोड सीएलडीपी का आवेदन करने हेतु पात्र होने के लिए 15 दिनों का ऑनलाइन मोड सीएलडीपी पूरा करना होगा।

(ग) दीर्घकालिक प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को देय वृत्तिका की न्यूनतम राशि

01 अगस्त, 2023 को या उसके बाद व्यावहारिक प्रशिक्षण (कंपनीध्पूर्णकालिक अभ्यासरत कंपनी सचिवध्अन्य संस्थाओं) के लिए पंजीकरण करने वाले छात्रों (कार्यकारी और व्यावसायिक कार्यक्रम दोनों) के लिए प्रति माह 5,000ध– रुपये (केवल पाँच हजार रुपये) की एक समान न्यूनतम वृत्तिका लागू है।

(घ) सीएस छात्रों को दीर्घकालिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए गिफ्ट सिटी के अंतर्गत एलएलपी को शामिल करना

सीएस प्रशिक्षुओं को गिफ्ट सिटी में पंजीकृत और संचालित एलएलपी के साथ विभिन्न नए रास्ते तलाशने के अवसर प्रदान करने के लिए, संस्थान ने दीर्घकालिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए गिफ्ट सिटी में कार्यालयों वाले एलएलपी के पंजीकरण के लिए पात्रता मानदंड में ढील दी है। संस्थान के छात्र अब गिफ्ट सिटी के अंतर्गत एलएलपी में 21 माह का दीर्घकालिक व्यावहारिक प्रशिक्षण ले सकते हैं जो संस्थान के साथ दीर्घकालिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पंजीकृत हैं।

(ड.) युवोत्सव– 2024 में छात्र प्रशिक्षण दिशानिर्देश 2024 का शुभारंभ

अपने हितधारकों में एकरूपता और अधिक स्पष्टता लाने के लिए, छात्र प्रशिक्षण दिशानिर्देश, 2024 को 12 जनवरी, 2024 को युवोत्सव–2024 के दौरान संशोधित और लॉन्च किया गया था। इन दिशानिर्देशों के अंतर्गत, सभी मौजूदा प्रशिक्षण दिशानिर्देशों को समेकित किया गया है और अपने हितधारकों को बेहतर स्पष्टता प्रदान करने के लिए आवश्यक संशोधन किए गए हैं। छात्र प्रशिक्षण दिशानिर्देश, 2024, नए प्रशिक्षण संरचना, 2020 के अंतर्गत सभी प्रशिक्षण आवश्यकताओं के लिए एक मास्टर दस्तावेज के रूप में कार्य करेंगे। समेकित प्रशिक्षण दिशानिर्देशों में दीर्घकालिक प्रशिक्षण, अल्पकालिक प्रशिक्षण (ओडीओपी, 1 माह का ईडीपी, 1 माह का सीएलडीपी), अल्पकालिक प्रशिक्षण, छूट और शिकायत दिशानिर्देशों के लिए सामान्य प्रोटोकॉल शामिल हैं।

(च) दीर्घकालिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से पीसी का पंजीकरण में सीएस के रूप में अनुभव के वर्षों की कुल संख्या (रोजगार और व्यवहार दोनों में) को शामिल करके विचार किए जाने संबंधी ।

संस्थान अपने नए सीओपी धारकों की सुविधा के लिए, रोजगार और व्यवहार दोनों में कंपनी सचिव के रूप में कुल वर्षों के अनुभव को शामिल करके दीर्घकालिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से अभ्यासरत कंपनी सचिव के पंजीकरण के मानदंडों पर विचार करेगा।

(छ) 30 दिनों के सीएलडीपी पाठ्यक्रम/सामग्री का संशोधन

संस्थान ने सीएस पेशेवरों को सहयोग करने और उन्हें उद्योग के लिए तैयार करने के लिए, 30 दिनों के सीएलडीपी (15 दिनों के ऑनलाइन/वेबिनार मोड और 15 दिनों के कक्षा मोड के पूरे पाठ्यक्रम को नया रूप दिया है। नया पाठ्यक्रम अधिक व्यावहारिक और केस स्टडी आधारित है, जिससे छात्रों को अधिक प्रतिस्पर्धी और पेशेवर बनने में मदद मिलती है।

(ज) अनिवार्य स्विचओवर कार्यान्वयन

दिनांक 01 अप्रैल, 2024 के परिपत्र के माध्यम से पूर्ववर्ती / संशोधित प्रशिक्षण प्रारूपों से नए प्रशिक्षण प्रारूपों (2020) में प्रशिक्षण का अनिवार्य स्विचओवर 01 अप्रैल, 2024 से प्रभावी हो गया है। पूर्वध्संशोधित प्रशिक्षण प्रारूप से संबंधित छात्रों को इसके अंतर्गत प्रदान की गई प्रशिक्षण छूट का लाभ उठाने के लिए अनिवार्य स्विचओवर लेना आवश्यक है।

(झ) सीएस छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कंपनियों/अभ्यासरत कंपनी सचिवों का पैनल बनाना

संस्थान छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अधिक कंपनियोंध्अन्य संस्थाओं को सूचीबद्ध करने के साथ–साथ अभ्यासरत कंपनी सचिवों को सूचीबद्ध करके अपने प्रशिक्षण आधार का विस्तार करने का प्रयास करता है। वर्ष के दौरान सीएस छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए संस्थान के साथ सूचीबद्ध कंपनियों और अभ्यास करने वाले कंपनी सचिवों की संख्या नीचे दी गई है:

अवधि	कंपनियों/अन्य संस्थाओं की संख्या	अभ्यासरत कंपनी सचिवों की संख्या
01 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक	339	306

(ञ) एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम

संस्थान ने जून, 2019 में अनिवार्य एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम शुरू किया था। सीएस पाठ्यक्रम में नामांकित प्रत्येक छात्र को अपने पंजीकरण के 30 दिनों के भीतर ओडीओपी करना अनिवार्य है। ओडीओपी का उद्देश्य छात्रों को पढ़ाई की योजना, पाठ्यक्रम, कार्यक्रम की अवधि, परीक्षा पैटर्न, प्रशिक्षण संरचना आदि के बारे में अवगत कराना है ताकि छात्रों को सीएस पाठ्यक्रम के बारे में अच्छी तरह से सूचित किया जा सके। 01 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक कुल 29381 छात्रों ने ओडीओपी के लिए पंजीकरण कराया था।

(ट) प्लेसमेंट

संस्थान सभी संबद्ध कंपनियोंध्फर्मों को कंपनी सचिव/प्रशिक्षु सचिव के पद के लिए समयबद्ध, समस्या मुक्त एवं पारस्परिक रूप से लाभकारी तरीके से भर्ती अभियान चलाने और सदस्यों एवं छात्रों को सही प्लेसमेंट प्रस्ताव प्राप्त करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह हमारी सर्वोत्तम क्षमता से हितधारकों की सेवा करने तथा भर्तीकर्ताओं और सदस्यों एवं छात्रों के सहक्रियात्मक संयोजन की स्थापना के लिए अनुकूल माहौल बनाने का एक निरंतर प्रयास है।

(क) समीक्षाधीन अवधि के दौरान प्लेसमेंट पोर्टल पर विभिन्न पंजीकरण और पोस्टिंग की स्थिति निम्नानुसार है

पंजीकृत उपयोगकर्ता			रिक्तियों की कुल संख्या	
सदस्य	छात्र	कार्पोरेट	नियुक्ति	प्रशिक्षण
2287	4839	1704	3500	2082

(ख) संस्थान के सदस्यों और छात्रों के लिए प्लेसमेंट के अवसरों में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए कई गतिविधियां की गईं। प्रमुख पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं

- **विभिन्न सरकारी कार्यालयों में सीएस से संबंधित पदों की आवश्यकताएं संभालना** – संस्थान ने कंपनी सचिव और सीएस प्रशिक्षु के पदों के लिए कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय/सीपीएसई/पीएसयू और अन्य सरकारी कार्यालयों के 75 से अधिक कार्यालयों से प्राप्त अनुरोधों के अनुसार सरकारी क्षेत्र में सदस्यों और छात्रों को प्लेस करने की सुविधा प्रदान की है।

- **परिसर प्लेसमेंट ड्राइव** – संस्थान का कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम कॉरपोरेट्स को योग्य युवा और अनुभवी कंपनी सचिवों और छात्रों के प्रोफाइल का अवलोकन करने, उनकी क्षमताओं का आकलन करने और उनकी आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। सदस्यों और छात्रों के लिए आयोजित प्रमुख कैंपस प्लेसमेंट अभियानों की सूची नीचे दी गई है

क्र.सं.	सदस्यों के लिए	छात्रों के लिए
1	एपेक्स ग्रुप	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
2	एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड	भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा)

3	एक्जिम बैंक	भारतीय रेल खानपान और पर्यटन निगम
4	जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड	मॉर्गन स्टेनली
5	भारत का जीआईसी	राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम लिमिटेड
6	जीएमआर ग्रुप	पश्चिम विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
7	आईसीएसआई आईआईपी	पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड, देहरादून
8	एलटीआई माइंडट्री	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
9	आरओसी गुवाहाटी	मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल)
10	एमसीए कोलकाता	आरओसी, दिल्ली
11	आरओसी गोवा, दमन और दीव	आरओसी–सह–ओएल, बिलासपुर, छत्तीसगढ़
12	टाटा पावर	टाटा केमिकल्स
13	वेदांता लिमिटेड	टाटा संस

- **आईसीएसआई मानव संसाधन सम्मेलन** का आयोजन 17 फरवरी, 2024 को स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली में आईसीएसआई– एनआईआरसी के साथ किया गया था ताकि मानव संसाधन समुदाय को सीएस पेशे और कंपनी सचिवों की भूमिका के बारे में जागरूक किया जा सके।
- **मेगा प्लेसमेंट अभियान** 20 मई, 2023 और 18 नवंबर, 2023 को 4 क्षेत्रों में आयोजित किए गए थे। 210 से अधिक सदस्यों और 75 कॉर्पोरेट्स/फर्मों ने मेगा प्लेसमेंट ड्राइव के लिए पंजीकरण किया था। अभियान से पहले साक्षात्कार कौशल पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।
- **मेगा सीएस प्रशिक्षु अभियान** भौतिक/ऑनलाइन मोड में अखिल भारतीय आधार पर 20 जुलाई, 2023 और 23 सितंबर 2023 को आयोजित किए गए थे। प्रशिक्षु अभियानों के लिए 1200 से अधिक छात्रों और 600 कंपनियों/फर्मों ने पंजीकरण किया था।
- इच्छुक प्रशिक्षुओं और सदस्यों को उपयुक्त अवसर की तलाश में सुविधा देने के लिए क्षेत्रों और शाखाओं (चैप्टरों) द्वारा 80 से अधिक प्लेसमेंटध्प्रशिक्षु अभियान आयोजित किए गए।
- **2023–24 के दौरान आईसीएसआई प्लेसमेंट पोर्टल पर पंजीकृत प्रमुख भर्तीकर्ता:**

आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड	डिस डिजिटल टेक्नोलॉजीज	पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड
अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स लिमिटेड	डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड	पिरामल फार्मा लिमिटेड
एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड	ईकॉम एक्सप्रेस लिमिटेड	रेनबो चिल्ड्रन्स मेडिकेयर लिमिटेड
एल्यूमिनियम इंडस्ट्रीज लिमिटेड	एरिक्सन इंडिया ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	टाटा उपभोक्ता उत्पाद
आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड	एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड	टाटा एल्क्ससी लिमिटेड
आंध्र पेपर लिमिटेड	फिटजी लिमिटेड	टाटा मोटर्स लिमिटेड
अपोलो टायर्स लिमिटेड	गैमन इंडिया लिमिटेड	टैक्समैन
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड	एमआर ग्रुप	बॉम्बे डाइंग और विनिर्माण कंपनी लिमिटेड
ऑडी दिल्ली दक्षिण	ग्रामीण फाउंडेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड
बजाज कैपिटल लिमिटेड	गुजरात गैस लिमिटेड	इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड
बंगाल एनर्जी लिमिटेड	गुजरात होटल लिमिटेड	टाटा पावर कंपनी लिमिटेड
बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड	हीरो कॉर्पोरेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	टाइम्स एडुटेक एंड इवेंट्स लिमिटेड
ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड	हिंदुस्तान ऑयल एक्सप्लोरेशन कंपनी लिमिटेड	टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड
बोरोसिल रिन्यूएबल्स लिमिटेड	हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड	टोलानी शिपिंग कंपनी लिमिटेड
कैरियर एयर कंडीशनिंग एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड	आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	टीपी वेस्टर्न ओडिशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड
केसियो इंडिया कंपनी प्रा. लिमिटेड	आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड	ट्रिडेंट इंफ्रा होम्स प्राइवेट लिमिटेड

सीडीसी डेवलपमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	आईआईएम लखनऊ एंटरप्राइज इंक्यूबेशन सेंटर	जेयस फार्मा लिमिटेड
सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड	जुबिलांट इंडस्ट्रीज लिमिटेड	जीरोधा ब्रोकिंग लिमिटेड
डीसीएम श्रीराम लिमिटेड	केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड	जूम एंटरटेनमेंट नेटवर्क लिमिटेड
डेक्कन सीमेंट्स लिमिटेड	ओएनजीसी	झावरी इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(ट) सीसीजीआरटी

- आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, मुंबई
- आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, हैदराबाद
- आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, कोलकाता

(i) आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, मुंबई

(क) आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, मुंबई ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रमों/संगोष्ठियों का आयोजन किया:

क्र.सं.	कार्यक्रम	तिथि
1.	डब्ल्यूआईआरसी के नवी मुंबई शाखा (चैप्टरों) के साथ संयुक्त रूप से वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट और सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज पर संगोष्ठी	21 अप्रैल, 2023
2.	आईसीएसआई–डब्ल्यूआईआरसी और बीएसई आईपीएफ की संयुक्त रूप से सेबी (एलओडीआर) पर संगोष्ठी	26 मई, 2023
3.	आईआईबीएफ के साथ संयुक्त रूप से कॉर्पोरेट अभिशासन, ड्यू डिलिजेंस एंड रिस्क मैनेजमेंट पर सेमिनार	30 जून, 2023
4.	कंपनी अधिनियम 2013: निविगेटिंग की कंसिडरेशन एंड फंडिंग ऑप्शनस	19 अगस्त, 2023
5.	वैकल्पिक विवाद समाधान पर कार्यशाला	02 सितंबर, 2023
6.	आईसीएसआई एनसीएलटी कॉन्क्लेव'23 एनसीएलटी: आईसीएसआई–आईआईपी, आईसीएसआई–डब्ल्यूआईआरसी और एनएसई अकादमी के साथ संयुक्त रूप से अभ्यास और प्रक्रियाएं	21 अक्टूबर, 2023
7.	निदेशक मण्डल व्यवहार की परिवर्तनीयता पर संगोष्ठी	05 जनवरी, 2024
8	एसबीओ और ईएसजी पर संगोष्ठी	20 जनवरी, 2024
9.	सीएस के परिप्रेक्ष्य में वित्तीय विवरणों के विश्लेषण पर संगोष्ठी	10 फरवरी, 2024
10.	वैकल्पिक विवाद समाधान पर संगोष्ठी	24 फरवरी, 2024
11.	व्यापार में धोखाधड़ी पर संगोष्ठी	09 मार्च, 2024
12.	वैकल्पिक निवेश निधि पर संगोष्ठी	22 मार्च, 2024
13.	निदेशक मण्डल रिपोर्ट, बीआरएसआर और ईएसजी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर संगोष्ठी	20 अप्रैल, 2024
14.	आईसीएसआई–आईआईपी के सहयोग से आईबीसी पर दो दिवसीय आवासीय / गैर–आवासीय कार्यशाला	04 – 05 मई, 2024
15.	आईसीएच, बीएसई में ईएसजी नियामक परिदृश्य, नैतिक वित्तपोषण और व्यापार करने की सुविधा को डिकोडिंग करने पर बीएसई के साथ संयुक्त रूप से सीसीजीआरटी, मुंबई का 25वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया	16 मई, 2024

(ख) बीएसई में सीसीजीआरटी, मुंबई का 25वां स्थापना दिवस समारोह

संस्थान ने अपने सेंटर फॉर कॉरपोरेट गवर्नेंस, रिसर्च एंड ट्रेनिंग (सीसीजीआरटी), मुंबई का 25वां स्थापना दिवस 16 मई, 2024 को बीएसई लिमिटेड में "ईएसजी विनियामक परिदृश्य, नैतिक वित्तपोषण और व्यापार करने में आसानी को समझना" विषय पर एक कार्यक्रम के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री वी.एस. सुंदरेसन, कार्यकारी निदेशक, सेबी और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सुंदररामन राममूर्ति, एमडी और सीईओ, बीएसई लिमिटेड उपस्थित थे।

(ii) आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, हैदराबाद

आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, हैदराबाद ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान छात्रों, सदस्यों और अन्य पेशेवरों के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से ऑनलाइन कक्षा मोड के माध्यम से और अपने स्तर पर भौतिक कक्षा मोड में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए:

(क) इस अवधि के दौरान किए गए विभिन्न कार्यक्रमों और अन्य पहलों का विवरण निम्नानुसार है

क्र.सं.	कार्यक्रम	दिनांक
1	वाणिज्यिक मध्यस्थता पर 10 दिवसीय आवासीय सिमुलेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम	04 अगस्त, 2023 से 06 अगस्त, 2023
2	मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) दिवस कार्यक्रम	02 सितंबर, 2023
3	हैदराबाद शाखा (चैप्टरों) के साथ एनसीएलटी कॉन्क्लेव संयुक्त कार्यक्रम	23 सितंबर, 2023
4	कॉर्प कॉन 2024– नैशनल रिसर्च कॉन्फ्रेंस ऑन डेवलपमेंट एंड ट्रेंड्स इन कॉर्पोरेट लॉ एंड गवर्नेंस (204 प्रतिभागी) नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद के साथ संयुक्त रूप से	05 जनवरी, 2024 से 07 जनवरी, 2024
5	वाणिज्यिक मध्यस्थता पर बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऑनलाइन)	03 मई, 2024 से 05 मई, 2024
6	अनुसंधान प्रक्रिया जागरूकता कार्यक्रम	18 मई, 2024

(ख) प्रथम आईसीएसआई राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन

आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, हैदराबाद ने कॉर्प–कॉन 2024 के तत्वावधान में नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद के साथ संयुक्त रूप से 05–07 जनवरी, 2024 को कॉर्पोरेट कानून और अभिशासन में विकास एवं रुझान विषय के अंतर्गत विश्वविद्यालय के परिसर में संस्थान के प्रथम अनुसंधान सम्मेलन का आयोजन किया। 60 से अधिक शोध विद्वानों ने उप–विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए, जैसे, वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र, इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी संहिता, कॉर्पोरेट और प्रतिभूति कानून, श्रम कानून, स्टाम्प अधिनियम और अन्य राजस्व कानून, बैंकिंग, फेमा और बीमा कानून और कॉर्पोरेट अभिशासन डिजिटल युग में। सम्मेलन में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन में प्रो. के.वी.एस. सरमा, कुलपति, महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, औरंगाबादय डॉ. दिलीप कुमार उके, महाराष्ट्र के कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, मुंबई और डॉ. टी.वी. सुब्बा राव, प्रोफेसर–एमेरिटस, वीआईपी, दिल्ली भी उपस्थित हुए।

(iii) आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, कोलकाता

आईसीएसआई–सीसीजीआरटी, कोलकाता में संस्थान का सबसे बड़ा भवन है। इसमें एक अत्याधुनिक सभागार है जिसमें 300 प्रतिनिधियों के बैठने की सुविधा, पुस्तकालय, मूट कोर्ट और 28 कमरों वाले एक छात्रावास ब्लॉक है जो किसी भी समय 50 से अधिक प्रतिनिधियों को समायोजित कर सकता है। सीसीजीआरटी परिसर कोलकाता के न्यूटाउन क्षेत्र के कुछ प्रमुख विश्वविद्यालयों के बीच स्थित है। सीसीजीआरटी, कोलकाता के परिसर का उद्घाटन 06 दिसंबर, 2023 को पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल द्वारा किया गया था।

सीसीजीआरटी कोलकाता द्वारा निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए :

क्र.सं.	कार्यक्रम	तिथि
1	केंद्रीय बजट 2024–2025 पर कार्यशाला	02 फरवरी, 2024
2	भारतीय कानूनी प्रणाली के साथ एआई की प्रासंगिकता और एसबीओ अवलोकन पर अर्ध–दिवसीय कार्यशाला	10 फरवरी, 2024
3	नियामक/न्यायपालिका/हितधारक: अपेक्षा बनाम प्रदर्शन पर पूर्णकालिक सम्मेलन	11 मई, 2024

(ङ) आईसीएसआई द्वारा प्रवर्तित कंपनियां

- आईसीएसआई इंस्टिट्यूट ऑफ इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स
- आईसीएसआई रजिस्टर्ड वैल्यूअर्स ऑर्गनाइजेशन
- आईसीएसआई इंटरनेशनल एडीआर सेंटर
- आईसीएसआई इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल ऑडिटर्स
- इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस प्रोफेशनल्स ऑफ इंडिया

(i) आईसीएसआई इंस्टीट्यूट ऑफ इनसॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स (आईसीएसआई–आईआईपी)

आईसीएसआई इंस्टिट्यूट ऑफ इनसॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स (आईसीएसआई आईआईपी) इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 के अंतर्गत

भारतीय इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड (आईबीबीआई) के साथ पंजीकृत एक फ्रंटलाइन नियामक है। आईसीएसआई आईआईपी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत है। आईसीएसआई आईआईपी को अन्य बातों के साथ–साथ इनसॉल्वेंसी पेशेवर के रूप में अपने पंजीकृत सदस्यों के नामांकन, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन की निगरानी करने की शक्ति एवं प्राधिकार प्रदान किया गया है। इसके अधिदेश में पेशेवर आचरण के मानक निर्धारित करना और जब भी आवश्यकता हो, अपने सदस्यों को अनुशासित करने की दिशा में उचित कदम उठाना शामिल है।

(क) इन्सॉल्वेंसी पेशेवरों का नामांकन

आईसीएसआई आईआईपी के प्राथमिक कार्यों में से एक है इन्सॉल्वेंसी पेशेवरों का नामांकन। कुल 1,197 पेशेवर सदस्य आईसीएसआई आईआईपी में नामांकित हैं।

(ख) सदस्यों के कार्य निष्पादन की निगरानी

आईसीएसआई आईआईपी इन्सॉल्वेंसी पेशेवरों की निगरानी दो तरीकों से करता है, ए) डेस्कटॉप मॉनिटरिंग और बी) निरीक्षण (नियमित निरीक्षण और घटना–आधारित निरीक्षण)।

(ग) गतिविधियां/कार्यक्रम

- पूर्व–पंजीकरण शैक्षिक पाठ्यक्रमः आईबीबीआई (इन्सॉल्वेंसी पेशेवर) विनियम, 2016 के विनियमन 5 (ख) के अनुसार, कोई भी व्यक्ति एक पेशेवर सदस्य के रूप में अपना/अपने नामांकन के बाद एक इन्सॉल्वेंसी व्यावसायिक एजेंसी से अनिवार्य 50 घंटे के पंजीकरण पूर्व शैक्षिक पाठ्यक्रम से गुजरने के बाद ही खुद को इन्सॉल्वेंसी पेशेवर (आईपी) के रूप में पंजीकृत करने के लिए पात्र हैं।
- आईसीएसआई आईआईपी ने अन्य इन्सॉल्वेंसी व्यावसायिक एजेंसियों के साथ संयुक्त रूप से 1 अप्रैल, 2023 से पूर्व–पंजीकरण शैक्षिक पाठ्यक्रमों के 04 (चार) बैचों का संचालन किया है।
- एलआईटी यूपी– लिमकिटेड इन्सॉल्वेंसी परीक्षा की तैयारी के लिए 3 दिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम :

भारतीय इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड (इन्सॉल्वेंसी पेशेवर) विनियम, 2016 के विनियम 5 के अनुसार, कोई व्यक्ति आईबीबीआई द्वारा आयोजित सीमित इन्सॉल्वेंसी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही इन्सॉल्वेंसी पेशेवर के रूप में पंजीकरण के लिए पात्र है।

आईसीएसआई आईआईपी ने सीमित इन्सॉल्वेंसी परीक्षा तैयार करने के लिए लिट यूपीएस–3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के एक बैच का आयोजन किया।

- आईसीएसआई आईआईपी ने संस्थान के साथ संयुक्त रूप से 23 अगस्त, 2023 से 15 नवंबर, 2023 तक आईबीसी पर सर्टिफिकेट कोर्स का 1 बैच आयोजित किया। प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान प्रख्यात पेशेवरों द्वारा प्रति सप्ताह एक सत्र आयोजित किया गया था।

(घ) राष्ट्रीय सम्मेलन

आईसीएसआई आईआईपी ने 13 जनवरी, 2024 को स्कोप ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में इन्सॉल्वेंसी पेशेवरों और पंजीकृत मूल्यांकनकर्ताओं के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

(ङ) कार्यशालाएं

क्र.सं	विषय	दिनांक
1.	आईबीसी के साथ कंपनी अधिनियम और सेबी अधिनियम की परस्पर क्रिया	01 अप्रैल, 2023
2.	श्रम कानून और जीएसटी कानून की तुलना में आईबीसी	15 अप्रैल, 2023
3.	सीमा अधिनियम और पीएमएलए की तुलना में आईबीसी	25 अप्रैल, 2023
4.	आईबीसी के साथ सरफेसी (एसएआरएफईएसआई) अधिनियम, 2002 और मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) अधिनियम, 1996 की परस्पर क्रिया	06 मई, 2023
5.	आईबीसी के अंतर्गत संबंधित पक्षों की भूमिका – जटिल विश्लेषण	13 मई, 2023
6.	आईबीसी में नए अवसर	20 मई, 2023
7.	आईबीसी के अंतर्गत दावा सत्यापन और लेनदारों की समिति	27 मई, 2023
8	आईबीसी दृष्टिकोण – एक सरणी (श्रृंखला V)	05 जून, 2023
9.	आईबीसी के अंतर्गत बढ़ते हेयरकट	13 जून, 2023
10.	आईबीसी रिफ्रेशर	07 जुलाई, 2023
11.	आईपी और आईआरपीएस की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां	29 जुलाई, 2023

12.	आईबीसी कानूनों और आईपीएस के सर्वोत्तम पद्धतियों के अंतर्गत दंडात्मक प्रावधान	05 अगस्त, 2023
13.	लेनदारों की समिति शिक्षार्थी सत्र	19 अगस्त, 2023
14.	व्यक्तिगत गारंटर से संबंधित व्यावहारिक जटिलताएं	26 अगस्त, 2023
15.	आईबीसी के अंतर्गत अधिस्थगन और अंतरिम वित्त पर शिक्षार्थी का सत्र	23 सितंबर, 2023
16.	आईबीसी के अंतर्गत मूल्यांकन सीखने के पहलू	07 अक्टूबर, 2023
17.	आईबीसी दृष्टिकोण – सरणी (श्रृंखला VI)	09 अक्टूबर, 2023
18.	रियल एस्टेट पारिस्थितिकी तंत्र और घर खरीदारों से व्यवहार	28 अक्टूबर, 2023
19.	कॉर्पोरेट देनदरो का एक क्रियाशील इकाई के रूप में प्रबंधन	18 नवंबर, 2023
20.	आईबीसी और श्रम कानूनों के अंतर्गत इन्सॉल्वेंसी पेशेवरों की सुरक्षा	02 दिसंबर, 2023
21.	आईबीसी दृष्टिकोण – सरणी (श्रृंखला VII)	18 दिसंबर, 2023
22.	आईबीसी के अंतर्गत आवश्यक बहुआयामी कौशल बढ़ाना – आईपी एक अंतरिम सीईओ के रूप में	23 दिसंबर, 2023
23.	आईबीसी के अंतर्गत पीयूएफ लेनदेन पर ज्ञान सत्र	06 जनवरी, 2024
24.	एक वित्तीय विशेषज्ञ के रूप में आईबीसी – आईपी के अंतर्गत आवश्यक बहुआयामी कौशल बढ़ाना	19 जनवरी, 2024
25.	आईबीसी के अंतर्गत आवश्यक बहुआयामी कौशल बढ़ाना – वकील के रूप में आईपी	24 जनवरी, 2024
26.	अन्य कानूनों के साथ आईबीसी की परस्पर क्रिया	07 फरवरी, 2024
27.	आईबीसी दृष्टिकोण – सरणी (श्रृंखला VIII)	13 फरवरी, 2024
28.	आईबीसी के अंतर्गत दबावग्रस्त आस्तियों का समाधान और तरीका	24 फरवरी, 2024
29.	आईबीसी दृष्टिकोण – सरणी (श्रृंखला IX)	04 मार्च, 2024
30.	व्यावहारिक चुनौतियांरू परिसमापन और स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रियाएं	16 मार्च, 2024
31.	आईबीसी के अंतर्गत एमएसएमई (एमएसएमई) की स्थिति को डिकोड करना	15 अप्रैल, 2024
32.	आईबीसी का विकसित परिदृश्य रू सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णयों पर एक नजर	22 अप्रैल, 2024
33.	कॉर्पोरेट देनदारों के व्यक्तिगत गारंटरों के लिए इन्सॉल्वेंसी समाधान और बैंकरप्सी प्रक्रिया के अंतर्गत व्यावहारिक जटिलताएं	27 अप्रैल, 2024
34.	आयकर अधिनियम, जीएसटी कानूनों और पीएमएलए के साथ आईबीसी की परस्पर क्रिया	07 मई, 2024
35.	धारा 29ए और इन्सॉल्वेंसी समाधान योजना	11 मई, 2024
36.	सीओसी की भूमिका और वाणिज्यिक ज्ञान को डिकोड करना	18 मई, 2024
37.	एफएसपी और डिकोडिंग वाटरफॉल मैकेनिज्म के लिए इन्सॉल्वेंसी समाधान	27 मई, 2024

(च) वेबिनार

क्र.सं	विषय	तिथि
1.	आईबीसी के साथ आयकर क्वैंडर	17 अप्रैल, 2023
2.	आईबीसी केस की एनाटॉमी – 4	21 अप्रैल, 2023
3.	एनसीएलएटी द्वारा हाल के महत्वपूर्ण आदेश	28 अप्रैल, 2023
4.	आईबीसी मामलों की एनाटॉमी – 5	19 मई, 2023
5.	आईपीएस के लिए सूचना उपयोगिता सेवाएं	09 जून, 2023
6.	सीरीजः इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी संहिता, 2016 के अंतर्गत अधिसूचित विनियमों की समीक्षा	21 जून, 2023; 28 जून, 2023; 05 जुलाई, 2023; 12 जुलाई, 2023; 19 जुलाई, 2023;

		26 जुलाई, 2023; 02 अगस्त, 2023; 09 अगस्त, 2023; 16 अगस्त, 2023; 13 सितंबर, 2023
7.	समाधान योजनाओं का प्रारूपण और बातचीत	11 अगस्त, 2023
8	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 6	18 अगस्त, 2023
9.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 7	08 सितंबर, 2023
10.	रियल एस्टेट दावों से संबंधित चुनौतियों पर ज्ञान सत्र	09 सितंबर, 2023
11.	आईबीसी के अंतर्गत परिहार लेनदेन पर ज्ञान सत्र	15 सितंबर, 2023
12.	टर्नअराउंड और इन्सॉल्वेंसी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस	16 सितंबर, 2023
13.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 8	22 सितंबर, 2023
14.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 9	06 अक्टूबर, 2023
15.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 10	20 अक्टूबर, 2023
16.	आईपी और अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए आचार संहिता और व्यापार करने में आसानी पर आईबीसी का प्रभाव	17 नवंबर, 2023
17.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 11	22 नवंबर, 2023
18.	इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी संहिता, 2016 पर महत्वपूर्ण माननीय एनसीएलएटी निर्णय	08 दिसंबर, 2023
19.	इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी संहिता, 2016 पर महत्वपूर्ण माननीय एनसीएलएटी निर्णय	15 दिसंबर, 2023
20.	इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी संहिता, 2016 पर महत्वपूर्ण माननीय एनसीएलएटी निर्णय	29 दिसंबर, 2023
21.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 12	05 जनवरी, 2024
22.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 13	05 फरवरी, 2024
23.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 14	29 फरवरी, 2024
24.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 15	15 मार्च, 2024
25.	रियल एस्टेट संकट में घर खरीदने वालों के लिए प्रक्रिया को डिमिस्टिफाइंग करना	19 मार्च, 2024
26.	आईबीसी का नेविगेटिंगरू दावा हैंडलिंग, सूचना ज्ञापन और समाधान योजना	06 अप्रैल, 2024
27.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 16	12 अप्रैल, 2024
28.	आईपी के लिए आचार संहिता	13 अप्रैल, 2024
29.	आईबीसी विनियमों में हाल के परिवर्तनों को डिकोडिंग करना	22 अप्रैल, 2024
30.	आईबीसी के अंतर्गत पीएफ और ग्रेच्युटी बकाया का उपचार	30 अप्रैल, 2024
31.	आईबीसी केस कानूनों की एनाटॉमी – 17	16 मई, 2024
32.	स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया में अंतर्दृष्टि	24 मई, 2024

(छ) सेमिनार

क्र.सं	विषय	तिथि
1.	"आईबीसी के अंतर्गत स्वैच्छिक परिसमापन और नवीनतम निर्णयों के साथ आईबीसी में समाधान योजना के व्यावहारिक पहलू विषय पर संगोष्ठी	29 अप्रैल, 2023
2.	आईसीएसआई आईआईपी के सहयोग से आईसीएसआई अहमदाबाद शाखा (चैप्टरों) द्वारा एनसीएलटी: पद्धतियां और प्रक्रियाएं पर संगोष्ठी	16 सितंबर, 2023
3.	आईसीएसआई आईआईपी के सहयोग से आईसीएसआई बेंगलुरु शाखा (चैप्टरों) द्वारा एनसीएलटी: पद्धतियां और प्रक्रियाएं पर संगोष्ठी	16 सितंबर, 2023
4.	आईसीएसआई आईआईपी के सहयोग से ईआईआरसी द्वारा एनसीएलटीरू पद्धतियां और प्रक्रियाएं	23 सितंबर, 2023

	पर संगोष्ठी	
5.	आईसीएसआई आईआईपी के सहयोग से आईसीएसआई के ईआईआरसी के भुवनेश्वर शाखा (चैप्टरों) द्वारा एनसीएलटीरू पद्धतियां और प्रक्रियाएं पर संगोष्ठी।	25 सितंबर, 2023
6.	होटल माउंटव्यू, चंडीगढ़ में सभी आईआईपी के साथ संयुक्त रूप से चंडीगढ़ शाखा (चैप्टरों) के 47वें स्थापना दिवस का समारोह के साथ संगोष्ठी	10 फरवरी, 2024

(ज) राउंडटेबल

क्र.सं	विषय	तिथि
1.	"समाधान की संभावना बढ़ाने के उपाय, समाधान योजना का मूल्य और समय पर समाधान को सक्षम करना" विषय पर आईबीबीआई चर्चा पत्र	16 जून, 2023
2.	प्रस्तावित सीआईआरपी संशोधन और रियल एस्टेट संबंधी प्रस्ताव	16 सितंबर, 2023
3.	"स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने पर आईबीबीआई चर्चा पत्र"	21 अक्टूबर, 2023
4.	"परिसमापन प्रक्रिया को मजबूत करने पर आईबीबीआई चर्चा पत्र"	01 नवंबर, 2023
5.	आईआरपी में आईपीई की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए नियामक रूपरेखा का युक्तिकरण	07 नवंबर, 2023
6.	प्रस्तावित सीआईआरपी संशोधन और रियल एस्टेट से संबंधित प्रस्ताव (भाग ।।)	24 नवंबर, 2023
7.	आईबीसी के अंतर्गत निर्धारित नियम	03 मई, 2024

(झ) परिचर्चा बैठक

क्र.सं	विषय	तिथि
1.	आइए जुड़ते हैंः आईपीएस के लिए एक मंच	03 अप्रैल, 2023

(ट) एनसीएलटी कॉन्क्लेव

क्र.सं	विषय	तिथि
1.	आईसीएसआई आईआईपी के सहयोग से आईसीएसआई सीसीजीआरटी–हैदराबाद और हैदराबाद शाखा (चैप्टरों) द्वारा अभ्यास और प्रक्रियाओं पर एनसीएलटी सम्मेलन।	23 सितंबर, 2023
2.	आईसीएसआई आईआईपी के सहयोग से चंडीगढ़ शाखा (चैप्टरों) द्वारा एमएसएमई के लिए प्री पैक और गारंटरों के खिलाफ बैंकरप्सी पर एनसीएलटी कॉन्क्लेव।	06 अक्टूबर, 2023
3.	आईसीएसआई आईआईपी के सहयोग से आईसीएसआई सीसीजीआरटी–मुंबई और डब्ल्यूआईआरसी द्वारा अभ्यास और प्रक्रियाओं पर एनसीएलटी सम्मेलन।	21 अक्टूबर, 2023

(ठ) आईबीसी कॉन्क्लेव

क्र.सं	विषय	तिथि
1.	दक्षिणी भारत चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, चेन्नई में एसोचौम तमिलनाडु राज्य विकास परिषद के सहयोग से आईबीसी कॉन्क्लेव	03 फरवरी, 2024

(ड) प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं	विषय	तिथि
1.	"आईबीसी 2016 के अंतर्गत चुनौतियांरू व्यावहारिक निहितार्थ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम"	13 अक्टूबर, 2023

(ढ) आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

क्र.सं	विषय	तिथि
1.	वार्षिक आवासीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	15–17 मार्च, 2024
2.	आईसीएसआई – आईआईपी के सहयोग से आईबीसी पर दो दिवसीय आवासीय/गैर–आवासीय कार्यशाला	04–05 मई, 2024

(त) ज्ञान पहल

- **ई–पत्रिका** : आईसीएसआई आईआईपी मासिक ई–जर्नल प्रकाशित करता है जिसमें नवीनतम घटनाओं,विषय विशेषज्ञों के साक्षात्कार, न्यायिक घोषणाओं, विभिन्न हितधारकों द्वारा लिखे गए लेखों, आईपी के लिए कोड और आचरण पर लिखने, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों, अद्यतन नीति, वैश्विक क्षेत्र आदि शामिल होते है।
- **दैनिक ज्ञानार्जन चरण (डेली लर्निंग कर्व)**– आईसीएसआई आईआईपी सभी इन्सॉल्वेंसी पेशेवरों, एनसीएलटी बेंच के सदस्यों, आईबीबीआई, अन्य पेशेवरों आदि को दैनिक आधार पर 'आईबीसी लर्निंग कर्व' प्रदान करता है। आईबीसी लर्निंग कर्व्स आईबीसी के अंतर्गत नवीनतम न्यायिक घोषणाओं पर आधारित हैं।
- **लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) पोर्टल**– आईसीएसआई आईआईपी ने पेशेवरों को अपने करियर के सभी क्षेत्रों के इन्सॉल्वेंसी कानून के बारे में अधिक जानने और अध्ययन करने में सक्षम बनाने के लिए उपयोगकर्ता–अनुकूल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बनाया है। यह पोर्टल आईबीबीआई द्वारा अधिसूचित नवीनतम प्रारूप और पाठ्यक्रम के अनुसार सीमित इन्सॉल्वेंसी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए सीमित इन्सॉल्वेंसी परीक्षा पाठ्यक्रम और ई–मॉक परीक्षा को कवर करने वाले विशेषज्ञों द्वारा दिए गए ई–पुस्तकों, ऑनलाइन व्याख्यानों के माध्यम से सीखने में सहायता प्रदान करता है। यह सुविधा उपयोगकर्ताओं को सीमित इन्सॉल्वेंसी परीक्षाओं को प्रभावी ढंग से उत्तीर्ण करने में सक्षम बनाएगी।

(ii) आईसीएसआई पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता संगठन (आईसीएसआई आरवीओ)

संस्थान के सदस्यों, अन्य पेशेवरों और पात्र व्यक्तियों को पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता के रूप में पंजीकृत करने में सक्षम बनाने के लिए, संस्थान ने 22 नवंबर, 2017 को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत आईसीएसआई पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता संगठन (आईसीएसआई आरवीओ) नामक कंपनी को निगमित किया। आईसीएसआई आरवीओ का उदेश्य कंपनी (पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता और मूल्यांकन) नियम, 2017 के अनुसार पंजीकृत मूल्यांकनकर्ताओं का नामांकन, शिक्षा, प्रशिक्षण और मूल्यांकनकर्ता पेशे का प्रचार करना है। मूल्यांकन का क्षेत्र किसी गतिविधि के रूप में अभी भी अप्रयुक्त है, जिसके लिए सही ज्ञान एवं कौशल रखने वाले विशेषज्ञों के समूह की आवश्यकता होती है। इससे यह प्रतीत होता है कि कंपनी सचिव पेशेवर के रूप में और संस्थान के सदस्य दोनों ही रूपों में मूल्यांकन सदस्यों की बड़ी मजबूत सेना तैयार करके महत्त्वपूर्ण सहायता प्रदान कर सकते हैं।

आईसीएसआई आरवीओ ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान ऑनलाइन 50 घंटे के शैक्षिक पाठ्यक्रमों के आठ सफल बैच आयोजित किए।

(क) सतत व्यावसायिक शिक्षा

आईसीएसआई आरवीओ ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान 12 सतत व्यावसायिक शिक्षा (सीपीई) कार्यक्रम आयोजित किए

क्र.सं.	विषय	तिथि
1.	आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत मूल्यांकन और हाल के संशोधनों एवं एक अच्छी मूल्यांकन रिपोर्ट के अवयव	24 जून, 2023
2.	ब्रांड मूल्यांकन	15 जुलाई, 2023
3.	मूल्यांकन पर न्यायिक घोषणाएं और आईबीबीआई आदेश दृ ज्ञानार्जन और चुनौतियां	17 नवंबर, 2023
4.	कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, नियम 11यूए में संशोधन को कवर करते हुए आयकर और फेमा के साथ इंटरप्ले	03 फरवरी, 2024
5.	कॉर्पोरेट सुशासन और व्यावसायिक मूल्यांकन	27 फरवरी, 2024
6.	द्विपदीय विकल्प मूल्य निर्धारण मॉडल	23 अप्रैल, 2024
7.	स्टार्टअप/एमएसएमई क्षेत्र का मूल्यांकन	21 मई, 2024
8	व्यापार और इक्विटी मूल्यांकन	20 अगस्त, 2023
9.	वरीयता शेयर मूल्यांकन	27 अगस्त, 2023
10.	शेयरों की पुनर्खरीद	09 सितंबर, 2023
11.	व्यापार और इक्विटी मूल्यांकन	04 नवंबर, 2023
12.	विलय और समामेलन में अंतर्दृष्टि	16 दिसंबर, 2023

(ख) आरवीओ के लिए आयोजित अभ्यास प्रमाण पत्र (सीओपी) कार्यक्रम

क्र.सं.	विषय	दिनांक
1.	पंजीकृत मूल्यांकनकर्ताओं के लिए आचार संहिता	19 और 20 सितंबर, 2023
2.	व्यावसायिक नैतिकता	13 दिसंबर, 2023
3.	प्रारूपण मूल्यांकन रिपोर्ट	13 फरवरी 2024
4.	सॉफ्ट स्किल्स (ग्राहकों और साथियों के साथ संवाद कैसे करें)	14 मई, 2024

(ग) प्रतिभूतियों / वित्तीय परिसंपत्तियों के मूल्यांकन पर प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

संस्थान ने आईसीएसआई आरवीओ के साथ संयुक्त रूप से प्रतिभूतियों / वित्तीय परिसंपत्तियों के मूल्यांकन पर ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू किया। इसका तीसरा बैच 08 अगस्त, 2023 से शुरू हुआ।

(घ) पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रिफ्रेशर कोर्स) 2023–24

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आईसीएसआई आरवीओ द्वारा निम्नलिखित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए गए थे:

क्र.सं.	गतिविधि	विषय / शीर्षक	तिथि
1	प्रतिभूतियों या वित्तीय परिसंपत्तियों के मूल्यांकन पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	वित्त और इक्विटीध्व्यवसाय मूल्यांकन की आधारभूत बातेंय मूल्यांकन – ष्टिकोण; विकल्प मूल्यांकन स्थिति; विशिष्ट मूल्यांकन; मूल्यांकन नियम / मॉडल आचार संहिता / आरबीआई / फेमा निश्चित आय और प्रतिभूतियां; संख्यात्मक प्रश्न अभ्यास	13–14 अगस्त, 2023
2	प्रतिभूतियों या वित्तीय परिसंपत्तियों के मूल्यांकन पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	वित्त और वित्तीय विवरण विश्लेषणय मूल्यांकन दृष्टिकोण; इक्विटी / व्यापार मूल्यांकन; केस स्टडी; विकल्प मूल्यांकन / निश्चित आय और प्रतिभूतियां; मूल्यांकन नियम; स्थिति विशिष्ट मूल्यांकन	14–15 मार्च, 2024

(ङ) संयुक्त वेबिनार :

